## एक नजर

### रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष बने भगवान केशरी

**बरही :** बरही धनबाद रोड स्थित भगवती मंदिर में रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भुनेश्वर साव एवं संचालन सुरेंद्र रजक ने किया। बैठक में जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी समेत दर्जनों अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष और सचिव शामिल हुए। जहां सर्वसम्मति से बरही रामनवमी पूजा महासमिति अध्यक्ष पद के लिए भगवान केशरी का चयन किया गया। जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने रामनवमी महासमिति के नवनियुक्त अध्यक्ष भगवान केशरी को फूल माला एवं भगवा अंगवस्त्र देकर उनको सम्मानित किया। इस दौरान बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए भगवान केशरी ने कहा कि रामनवमी महापर्व आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है, इसे प्रयेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। मौके पर बिरेंद्र प्रसाद, नवालकिशोर सिंह, रितेश गुप्ता, शिवा निषाद, संजय रविदास, दिनेश साव, प्रकाश प्रजापति, सोनू केशरी, विकाश कुमार, मनोज उपाध्याय एवं हरि यादव समेत दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

### हादसे में महिला की मौत, सड़क जाम

**बड़कागांव :** महटिकरा चौक में दोपहर के लगभग 2:45 में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें कुठान सलगा निवासी फूलचंद महतो की पत्नी 55 वर्षीय तेतरी देवी की मौके पर हीं मौत हो गई ' घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों के अनुसार अनुसार तेतरी देवी अपने बेटे वीरेंद्र कुमार के साथ बाइक से बेटी के यहां हजारीबाग जा रही थी। इसी दौरान केरेडारी प्रखंड निवासी अपसर रजा अपनी बहन और माँ को लेकर बडकागांव से बेलतु जा रहे थे ' महटिकरा चौक के पास दोनों बाइक आपस में टकरा गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद वीरेंद्र कुमार और उसकी मां सड़क पर ही गिर गए और ठीक उसी समय बड़कागांव की ओर से तेज गति से आ रही फेबर ब्लॉक लदा टर्बो (खल्ऱ-02 0674) की चपेट में तेतरी देवी आ गई .

# रामनवमी पूजा को लेकर बरही प्रशासन की तैयारी तेज, अखाड़ाधारियों के साथ की बैठक

## एसडीपीओ ने रामनवमी महासमिति अध्यक्ष को भगवा अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** आगामी रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बरही प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में थाना परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीपीओ अजीत कुमार विमल एवं संचालन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो, अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष भगवान केशरी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर समेत दर्जनों अखाड़ा के पदाधिकारी शामिल हुए। वहीं एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने रामनवमी महासमिति अध्यक्ष भगवान केशरी को भगवा अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। साथ ही बैठक में मौजूद अखाड़ा के पदाधिकारियों ने अपने - अपने रूट चार्ट को विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही बैठक में मौजूद सभी लोगों ने पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता व्यवस्था, पानी व्यवस्था, पानी की व्यवस्था एवं मेला में आए महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से महिला पुलिसकर्मी की तैनाती को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान रामनवमी महासमिति अध्यक्ष भगवान केशरी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से रामनवमी पूजा मनाया जाएगा। वहीं एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने रामनवमी का त्यौहार आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की है। वहीं उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बैठक में भाजपा नेता अर्जुन साहू, कांग्रेस नेता मो तौकीर, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, मुखिया गोविंद साहू, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, कांग्रेस नेता यमुना यादव, जिप प्रतिनिधि गणेश यादव, युवा समाजसेवी रितेश गुप्ता, मुखिया मोतीलाल चौधरी, प्रकाश प्रजापति, प्रकाश केशरी, परमेश्वर यादव, पंसस मो तैयब एवं मुखिया सिकंदर राणा समेत दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

# स्वागत समिति के अध्यक्ष घोषित किए जाने पर आपत्ति, डीसी को ज्ञापन

- महासमिति के अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं, परंपराओं का हो सम्मान : लड्डू यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद के चुनाव संपन्न होने के मात्र दो दिन बाद महंत विजयानंद दास द्वारा टोनी जैन को ह्लस्वागत समितिह्व का अध्यक्ष घोषित किए जाने से मामला तूल पकड़ता जा रहा है। श्री श्री चैत्र महावीर झंडा पूजा महासमिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष करण यादव उर्फ लड्डू यादव ने इस निर्णय पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि महासमिति अध्यक्ष का चुनाव पूर्णतः लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत सभी अखाड़ों के प्रतिनिधियों एवं पूर्व अध्यक्षों द्वारा किया गया है, और परंपरानुसार महासमिति की कार्यकारिणी के गठन एवं उससे जुड़े सभी निर्णय लेने का अधिकार केवल निर्वाचित अध्यक्ष को ही होता है।

करण यादव ने आरोप लगाया कि स्वागत समिति के अध्यक्ष की एकतरफा घोषणा स्थापित परंपराओं के विपरीत है और यह महासमिति के अधिकारों का सीधा हनन है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से अखाड़ा समितियों, कार्यकताओं एवं रामनवमी से जुड़े श्रद्धालुओं के बीच भ्रम और असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे आयोजन की समन्वय व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

इस संबंध में करण यादव उर्फ लड्डू यादव द्वारा जिले के उपायुक्त, रामनवमी महासमिति के कई पूर्व अध्यक्षों एवं महंत विजयानंद दास को ज्ञापन भी सौंपा गया है, जिसमें उन्होंने पूरे प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए परंपराओं के अनुरूप निर्णय सुनिश्चित करने तथा महासमिति अध्यक्ष के अधिकारों की रक्षा करने की मांग की है।

उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से परंपराओं का सम्मान करने और महासमिति के साथ समन्वय स्थापित कर निर्णय लेने की अपील की ताकि रामनवमी महोत्सव का आयोजन शांतिपूर्ण, गरिमामय और सफल तरीके से किया जा सके।

# चौपारण की टूटी सड़कों पर सरकार का संज्ञान, जल्द होगा जीर्णोद्धार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र की जर्जर सड़कों और उनसे हो रही लगातार दुर्घटनाओं का मामला अब झारखंड विधानसभा तक पहुंच गया है। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रश्नकाल के दौरान सदन में इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार से सीधे सवाल किए और जनहित में शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की। विधायक ने क्षेत्र की कई प्रमुख एवं ग्रामीण सड़कों की बदहाल स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि मुनम पब्लिक स्कूल मोड़ से नेवरी करमा होते हुए अमरौल तक, चैथी मोड़ से ग्राम चैथी की अंतिम सीमा तक, जीटी रोड से अंबाजीत तक, कमलवार से कुतलू गांव की अंतिम सीमा तक, झापा मध्य विद्यालय से नीमा होते हुए हथिन्दर तक तथा डुमरी मोड़ से मंगरा डाहर तक जाने वाली सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। इन सड़कों पर चलना लोगों के लिए जोखिम भरा हो गया है। मंत्री ने मानी खराब हालत, जताई चिंता विधायक के सवालों का जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री ने स्वीकार किया कि संबंधित सड़कें अत्यंत खराब स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि इनकी वजह से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं की घटनाएं भी बढ़ी हैं, जो चिंताजनक है। बजटीय प्रावधान से होगा निर्माण कार्य सड़कों के निर्माण को लेकर पूछे गए सवाल पर ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि विभागीय नीति और बजटीय प्रावधान के तहत इन सड़कों के जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जल्द ही इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध पार्किंग से चौपारण सीएचसी की व्यवस्था चरमराई, एंबुलेंस को रास्ता नहीं, मरीज बेहाल

**चौपारण :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर में अवैध पार्किंग की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। अस्पताल परिसर में बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण न केवल यातायात व्यवस्था चरमरा गई है, बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि कई बार एंबुलेंस को अस्पताल तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भी अव्यवस्थित पार्किंग के चलते काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। परिसर में जगह-जगह खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों से आवागमन बाधित हो रहा है, जिससे मरीजों को समय पर इलाज मिल पाना मुश्किल हो रहा है। स्वास्थ्य कर्मियों के अनुसार, इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक करने की कोशिश की गई, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल परिसर में अवैध पार्किंग पर तत्काल सख्ती बरती जाए और नियमित निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को राहत मिल सके और एंबुलेंस जैसी आवश्यक सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। वहीं, स्थानीय लोगों का भी कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और अधिक विकराल रूप ले सकती है।

### श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर विहिप की बैठक संपन्न

**बरही :** आगामी श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) की प्रखंड स्तरीय बैठक बरही प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केशरी ने की, जबकि संचालन प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के पंचायत मंत्री एवं संयोजक शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विहिप के जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने कहा कि 19 मार्च से 2 अप्रैल तक प्रखंड के हर पंचायत और गांव में श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन में महिलाओं की सहभागिता पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कार्यकताओं को प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सभी पंचायतों में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का आदर्श चरित्र हम सनातनियों के लिए प्रेरणादायी है। हमें उनके पद चिन्हों का अनुसरण करना चाहिए। बैठक में मिथिलेश श्रीवास्तव, प्रदीप चंद्रवंशी, नितेश कुमार, संजय राणा, सागर चंद्रवंशी, कमलेश कुशवाहा, सुरेंद्र यादव, मनोज सिंह, रामचंद्र टुडू, मुन्ना सोनी, नौरंगी, हंसराज, विजय राणा, संजय यादव, धर्मेंद्र चंद्रवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रामनवमी महापर्व पर नव वर्ष स्वागत एवं शोभायात्रा का होगा आयोजनः डॉ यादव

**हजारीबाग :** विजय शंखनाद हजारीबाग द्वारा 2026 में इंटरनेशनल रामनवमी महापर्व में किए जाने वाले कार्य की जानकारी अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव ने इंद्रलोक टॉवर मॉल में प्रेस वार्ता के माध्यम से दिया। उन्होंने बताया कि ?हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च 2026, गुरुवार) विक्रम संवत 2083, शक संवत 1947 को है। उस दिन चैत्र नवरात्रि प्रारंभ (कलश स्थापना) है। इस पावन दिवस पर हिंदू नववर्ष के स्वागत में घरों में हर घर भगवा अभियान चलाया जाएगा। शाम को सूर्य मंदिर (खजांची तालाब) भारत माता आरती और दीपोत्सव कार्यक्रम होगा। ?27 मार्च 2026 रामनवमी के दिन श्री हनुमान बाल रूप सज्जा शोभायात्रा सूर्य मंदिर से निकाली जाएगी। हजारीबाग ?रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा की मांग हेतु महाअभियान जारी रहेगा। सबसे पहले विजय शंखनाद टीम ने 27 मार्च 2022 को प्रेस वार्ता और 28 मार्च 2022 को हजारीबाग उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय को ज्ञापन देकर इसकी मांग की थी, यह अभियान पिछले 04 वर्षों से स्टीकर, सोशल मीडिया, हैशटैग, जनसंपर्क से जारी है। सभी रामनवमी प्रेमियों से आग्रह है कि पुस्तक प्रकाशन हेतु दस्तावेज संग्रह में सहयोग करें।

### भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, झारखंड में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**बरही :** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (क्ठअफ्झक्अफ्क), झारखंड, गौरियाकर्मा परिसर में 17 से 20 मार्च 2026 तक विद्यार्थियों की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता ह्लअभ्युदयझ्र2026ह्व का आयोजन किया जा रहा है। इस चार दिवसीय आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का शुभारंभ 17 मार्च 2026 को प्रातः 9:00 बजे उद्घाटन समारोह एवं मार्च-पास्ट के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में डॉ. एस. के. महान्ता (अध्यक्ष), डॉ. विशाल नाथ (सह-अध्यक्ष), डॉ. दीपक कुमार गुप्ता (आयोजन सचिव) तथा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुबोध नीरज एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान, शपथ ग्रहण, मशाल प्रज्वलन तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन भी किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स (100 मी., 200 मी., 400 मी., 800 मी. दौड़ एवं रिले), लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, क्रिकेट, वॉलीबॉल तथा फुटबॉल जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं, .

# आज मनाया जाएगा पीएम श्री मध्य विद्यालय का वार्षिकोत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव के पीएम श्री मध्य विद्यालय में वार्षिक उत्सव मनाने को लेकर शिक्षकों ने बैठक की। इसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने किया ।बैठक के मुख्य निर्णय लिया गया कि 18 मार्च आज वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। इस समारोह में पूर्ववर्ती छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा ।इस समारोह में शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि प्रवीण रंजन (जिला शिक्षा पदाधिकारी, ह. बाग) विशिष्ट अतिथि आकाश कुमार (जिला शिक्षा अधीक्षक) ,सम्मानित अतिथि फुलवा देवी (प्रमुख, बड़कागाँव) ,जितेन्द्र कुमार मण्डल (प्रखण्ड विकास पदाधिकारी) विजय राम (प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ) याशमीन निशा (जिला परिषद सदस्या बहकागाँव, पश्चिमी) रंजीत कुमार मेहता (अध्यक्ष मुखिया संघ बड़कागाँव सह सांसद प्रतिनिधि) मो० तकरीमुल्लाह (मुखिया मध्य पंचायत ) रितेश ठाकुर (पंचायत समिति सदस्य मध्य पंचायत बड़कागाँव) बिमला देवी (मुखिया पूर्वी पंचायत बहकागाँव) एवं समस्त जन प्रतिनिधिगण, समाज सेवी, शिक्षा प्रेमी शामिल होंगे। बैठक में शामिल लोगों में चेतलाल राम, विनोद रजक, हेमेंद्र कुमार, नीलू कुमारी, निगार सुलताना,निधि सिन्हा, दीपक राणा आदि मौजूद थे।

# इंदिरा में धूमधाम से सरहुल पर्व मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम बरवनिया टोला इंदिरा में सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोर हंसदा एवं संचालन गणेश मांझी के द्वारा किया गया ।आयोजन की शुरूआत सरना स्थल में लगे सखुआ पेड़ के नीचे विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुआ ।पूजा कर पाहन गांव की सुख , शांति एवं समृद्धि को लेकर प्रार्थना किया ।तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया ।इंदिरा के नायके हड़ाम नवीन सोरेन ने ग्रामीणों को सखुआ फुल खोंसा इसके बाद बाहा मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।आयोजन में पारंपरिक , संस्कृति , सामाजिक एकता व प्रकृति के प्रति आस्था की झलक दिखी।

## ग्रामीण सड़कों की बदहाली पर विधायक सख्त, मंत्री को सौंपा मांग पत्र, कहा

# बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की संपूर्ण विकास कराना हमारी प्राथमिकता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र विधायक रोशन लाल चौधरी ने क्षेत्र में जर्जर हो चुकी ग्रामीण सड़कों की स्थिति को लेकर गंभीर है ।उन्होंने

ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडे सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केरेडारी एवं बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण पथों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए मांग पत्र सौंपा। विधायक ने बताया कि इन क्षेत्रों के कई प्रमुख ग्रामीण मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं, जिससे आमजन को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित होता है।

मांग पत्र में केरेडारी प्रखंड अंतर्गत एल ओ-25 से किरिगढ़ा, हन्देंगिर से ढोढिया, सुकुलकटठा से दुधीगढ़ा (भाया बुडू), बटुका शिव मंदिर से सुकुलकट्टा, सलगा से बरकीटांड, बन्हें से करमाटांड, पताल से होसिर, खपिया से चरका पत्थर, मनातु से पुसरी सहित कई महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण की अनुशंसा की गई है।

# आस्था : राणी सती दादी का भव्य मंगल पाठ का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** शहर के जैन मंदिर रोड स्थित संस्कार एनक्लेव के हॉल परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ राणी सती दादी का भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया। यह आयोजन सुरेंद्र खंडेलवाल के द्वारा कराया गया, जिसमें शहर की 51 से अधिक महिलाओं ने एक साथ बैठकर दादी का मंगल पाठ किया। पूरे आयोजन के दौरान परिसर में भक्ति, उल्लास और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ राणी सती दादी मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराकर किया गया। उन्होंने सुरेंद्र खंडेलवाल एवं उनकी धर्मपत्नी शारदा खंडेलवाल को राणी सती दादी की विशेष पूजा कराकर मंगल पाठ का विधिवत प्रारंभ कराया। पाठ के दौरान दादी को छप्पन भोग अर्पित किया गया और श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेलते हुए दादी के दरबार में अपनी भक्ति अर्पित की। इस अवसर पर दादी का दरबार अत्यंत आकर्षक एवं अलौकिक श्रृंगार से सजाया गया था, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंगल पाठ के दौरान कोलकाता से पधारी सुप्रसिद्ध पाठ वाचिका डोली अग्रवाल एवं उनकी सहयोगी स्वेता अग्रवाल ने अपने मधुर कंठ से जन्म से लेकर विदाई तक के अनेक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने गणेश वंदना के साथ किया। इसके बाद राणी सती दादी के भजनों की प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। उन्होंने दादी के भक्ति भजनों की प्रस्तुति देते हुए गाया दादी तेरी शरण में आया, खाली कोई न जाए दर से, सबको तूने अपनाया। इसके साथ ही एक अन्य भजन मेरे घर आई राणी सती दादी, संग खुशियों की सौगात लाई की प्रस्तुति भी दी गई। इन भजनों के दौरान उपस्थित दादी भक्त भक्ति भाव में झूम उठे और जमकर नृत्य किया। पूरे परिसर में दादी के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। कार्यक्रम के दौरान सुरेंद्र खंडेलवाल की धर्मपत्नी एवं उनकी बहू के द्वारा दोनों भजन गायिकाओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मंगल पाठ के दौरान दादी जी का भव्य ज्योत भी लिया गया। दादी का आशीर्वाद एवं ज्योत प्राप्त करने के लिए शहर के कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी महिलाएं पारंपरिक राजस्थानी परिधान में लाल एवं पीली साड़ी पहनकर शामिल हुईं, जिससे कार्यक्रम का धार्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल और भी भव्य हो उठा। मंगल पाठ का आयोजन सुबह करीब 9 बजे प्रारंभ हुआ, जो लगातार शाम करीब 4 बजे तक चलता रहा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के बीच खिलौने, ट्रॉफी एवं मेवा का वितरण किया गया। वहीं दादी की विदाई के समय सुहागन महिलाओं के बीच सुहाग पिटारी का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में सुरेंद्र खंडेलवाल,शारदा खंडेलवाल, प्रमोद खण्डेलवाल,प्रमोद विनीता खंडेलवाल , रितेश सोनाली खंडेलवाल सहित परिवार जनों का भरपूर सहयोग रहा।

# रामनवमी, ईद से पहले चौपारण में अलर्ट, शांति बनाए रखने के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** प्रखंड के बसरिया पंचायत सचिवालय में मंगलवार को प्रशासन की पहल पर रामनवमी और ईद के मद्देनजर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने के लिए आवश्यक रणनीति तय करना था। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी संजय यादव ने की। इस दौरान बीडीओ नितेश भास्कर एवं थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद कर क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। अंचलाधिकारी संजय यादव ने कहा कि चौपारण क्षेत्र सदैव आपसी सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक रहा है। रामनवमी और ईद जैसे पर्व सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आपसी सहयोग और समझदारी के साथ त्योहार मनाएं तथा किसी भी तरह की अफवाहों से दूर रहें। वहीं थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी धार्मिक जुलूस में डीजे का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जुलूस निर्धारित पारंपरिक मार्गों से ही निकाले जाएंगे और बिना प्रशासनिक अनुमति के कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रमजान पर मुख्यमंत्री आवास में दावत-ए-इफ्तार, सौहार्द्र और भाईचारे का संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से मंगलवार को माह-ए-रमजान के अवसर पर कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोजेदारों सहित विभिन्न धर्मों, समुदायों एवं वर्गों के गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा अन्य लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।






मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रमजान का पाक माह आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं समरसता का संदेश देता है। यह पर्व हमें एक-दूसरे के प्रति सम्मान, सहयोग और सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देता है। माह-ए-रमजान हमसभी को त्याग, तपस्या, करुणा और मानव सेवा के लिए प्रेरित करता है। मौके पर मुख्यमंत्री ने समस्त राज्य वासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना करते हुए रमजान की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन सहित आमंत्रित अतिथियों ने सामूहिक दुआ में शामिल होकर राज्य की सुख-समृद्धि, खुशहाली, प्रगति, आपसी भाईचारे एवं स्नेह के लिए अल्लाह-ताला से दुआ मांगी। मौके पर उपस्थित विभिन्न समुदाय एवं धर्मों के लोगों की उपस्थिति ने सामाजिक एकता तथा सद्भाव की मिसाल पेश की। रोजेदारों ने नमाज अदा कर समाज, राज्य एवं देश में अमन-चैन तथा खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री चमरा लिंडा, मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री डॉ० इरफान अंसारी, मंत्री हफीजूल हसन, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मंत्री सुदिव्य कुमार, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधान सभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो सहित विधायकगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### इलेक्ट्रिक टेंपो में खराबी से परेशान व्यवसायी, डीलर पर लापरवाही का आरोप

**रांची :** राजधानी के हरमू निवासी व्यवसायी उपेन्द्र कुमार ने पियागिओ के इलेक्ट्रिक बैट्री चालित मालवाहक टेंपो के डीलर क्वालिटी एंड ट्रैक्टर्स पर गलत दावे कर वाहन बिक्री करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि वाहन विक्री करते समय डीलर द्वारा ग्राहकों की खूब खातिरदारी की जाती है। गारंटी-वारंटी संबंधी अनेक लुभावने ऑफर किए जाते हैं, लेकिन वाहन बेचने के बाद ग्राहकों की समस्यायों के प्रति उदासीनता बरती जाती है। उन्होंने कहा कि वाहन में किसी प्रकार की त्रुटि आने पर वर्कशॉप में काम करवाने में वाहन मालिक को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि ₹क्वालिटी एंड ट्रैक्टर्स₹ से पियागियो कंपनी के इलेक्ट्रिक बैट्री चालित दो वाहन खरीदे। उन्हें कहा गया कि किसी प्रकार की दिक्कत होने पर वर्कशॉप में तुरंत काम होगा। बैट्री या अन्य उपकरणों में खराबी आने पर गारंटी-वारंटी के तहत रिप्लेसमेंट की सुविधा मिलेगी। लेकिन उनके वाहन में खराबी आने के बाद वर्कशॉप में रिप्लेसमेंट के लिए उन्हें काफी चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उनका वाहन संख्या जेएच 01एफजे 5723 और जेएच 01 ईएस 2726 (पियागिओ बैट्री चालित मालवाहक) में बैट्री की समस्या गारंटी पीरियड में ही होने लगी। कंपनी के दावे के मुताबिक बैट्री काम नहीं कर रहा था। वह इसकी शिकायत करने कंपनी के वर्कशॉप पहुंचे, लेकिन उनकी शिकायतों की अनदेखी की गई। शोरुम संचालक द्वारा उपेक्षापूर्ण रवैए से निराश होकर उन्होंने लोगों को पियाजियो इलेक्ट्रिक मालवाहक टेंपो नहीं खरीदने के लिए जागरुकता अभियान छेड़ रखा है। लोगों को बता रहे हैं कि पियाजियो इलेक्ट्रिक वाहन खरीदना धोखा है। उन्होंने कहा कि जीविकोपार्जन के लिए उन्होंने टेंपो खरीदा, लेकिन घर से ही उन्हें पैसे लगाने पड़ रहे हैं।

### प्रतिवर्ष 21 मार्च को निर्मला देवी दिवस मनाएगा न्यू मिलफोर्ड

**रांची :** सहज योग परिवार के लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी का विषय है कि अमेरिका के न्यू मिलफोर्ड नगर प्रशासन ने पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी के सम्मान में एक ऐतिहासिक घोषणा की है। मेयर कार्यालय द्वारा 9 मार्च को जारी आधिकारिक घोषणा के अनुसार, अब हर वर्ष 21 मार्च को निर्मला देवी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान के उपलक्ष्य में सहज योग केंद्र, रांची द्वारा भी 21 मार्च को श्री माताजी की जयंती अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। यह आयोजन रांची के मनातू रिंग रोड स्थित निर्मल धाम में आयोजित होगा, जहां बड़ी संख्या में साधक और श्रद्धालु शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान ध्यान, भजन, सामूहिक प्रार्थना और श्री माताजी के जीवन व उनके आध्यात्मिक संदेशों पर विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस संबंध में सहज योग केंद्र, रांची की ओर से मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी गई।

### घोटालों की श्रृंखला खड़ी कर रही सरकार : आदित्य साहू

**रांची :** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने विधानसभा में पेश की गई नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में उजागर हजारों करोड़ रुपये की वित्तीय गड़बड़ी पर प्रतिक्रिया दी है। आदित्य साहू ने मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हेमंत सरकार लगातार पैसे की कमी का रोना रोती है और गरीब कल्याण योजनाओं, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करती है। लेकिन वास्तविक स्थिति सीएजी की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से सामने आई है।

## ग्लोबल अवार्ड के लिए चुने गए डॉ अभय को स्पीकर ने किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** डॉ अभय सागर मिंज को जनजातीय और स्वदेशी अध्ययन के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 2026 के प्रतिष्ठित ग्लोबल अवार्ड के लिए चुना गया है। इस क्रम में डॉ मिंज ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) रबीन्द्र नाथ महतो से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर स्पीकर ने उन्हें शॉल और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर स्पीकर ने कहा कि यह उपलब्धि राज्य और समाज के लिए गौरव का विषय है और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह पुरस्कार 15 मई 2026 को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में प्रदान किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान बागमती यूनेस्को क्लब, जो दुनिया भर में हाशिए पर पड़े समुदायों के सशक्तिकरण और उनकी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए कार्य करने वाले विद्वानों को सम्मानित करता है की ओर से दिया जा रहा है। यह सम्मान उनके निरंतर प्रयासों और आदिवासी समुदायों के उत्थान के प्रति समर्पण और समाज के प्रति उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए दिया जा रहा है।

## राज्य कर्मियों को नहीं मिल रहा स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ : चंद्रेश्वर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** विधानसभा के बजट सत्र की दूसरी पाली में झारखंड राज्यकर्मी के स्वास्थ्य बीमा योजना में व्याप्त खामियों और अनियमितताओं का मुद्दा सिंदरी के विधायक चन्द्रेश्वर महतो ने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से उठाया। उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि इस योजना का लाभ कर्मचारियों तक सही रूप में नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारी भी पूर्व की व्यवस्था बहाल करने की मांग कर रहे हैं। विधायक ने बताया कि बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार के साथ शुरू की गई इस योजना का वास्तविक फायदा जमीनी स्तर पर नहीं मिल रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि बीमा होने के बावजूद कर्मचारियों को कैशलेस इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। सदन में एक मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि खूंटी के कनीय अभियंता ज्ञानदेव साहू ने अपने पिता के इलाज पर 6.98 लाख रुपये खर्च किया, लेकिन बीमा कंपनी ने केवल 1.42 लाख रुपये ही स्वीकृत किया, जबकि बाकी राशि परिवार को खुद वहन करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले राज्यभर में सामने आ रहे हैं, जहां इलाज से पहले कैशलेस सुविधा नहीं मिलती। बाद में क्लेम राशि में भारी कटौती की जाती है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने स्वीकार किया कि योजना में कुछ कमियां थीं, जिन्हें दूर करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कैशलेस इलाज से जुड़े मामलों की जांच कर संबंधित भुगतान कराया जाएगा।

## झारखंड विधानसभा में सुंडी समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मंगलवार अंतराष्ट्रीय सुंडी समाज के संयोजक सदस्य,एवं पंच परगना सुंडी संघ के संस्थापक संयोजक बीरेंद्र साहु ने बताया कि दिनांक 16 मार्च दिन सोमवार को झारखंड विधान सभा के पटल पर विधायक जयराम महतो जी ने सुंडी समाज को पश्चिम बंगाल एवं अन्य अनेक प्रदेशों की तर्ज पर अनुसूचित जाति घोषित करने एवं अनुसूचित जाति सूची में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी की सरकार से जल्द से जल्द केन्द्र सरकार के पास अनुसंशा करके भेजने की जोरदार मांग सदन के पटल में रखी है। लोकप्रिय विधायक जयराम महतो जी के आवास पर उन्हें गीता भेंट कर अंतराष्ट्रीय सुंडी समाज संयोजक मंडली सदस्य बीरेंद्र साहु, पंच परगना सुंडी संघ के सचिव उपेन साहु, धनबाद से राजकुमार मंडल एवं अन्य अनेक जगहों से उत्साह में पहुंचे समाज में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले अनेक सदस्यों ने जयराम महतो जी के प्रति आभार व्यक्त किया। हमारे माध्यम से टेलीफोनिक आभार व्यक्त करने वाले छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज के अध्यक्ष शिव रतन प्रसाद गुप्ता, सुंडी समाज जमशेदपुर से सनत मंडल, महिला नेत्री रीता मंडल, अमीन मंडल, रविंद्र मंडल,पंच परगना सुंडी संघ से अनूप साहु, उपेन साहु,राजन साहु, अजीत साहु, मनोज साहु, ओम प्रकाश गुप्ता, बलराम साहु,हरेन्द्र प्रसाद साहु, बिहान भारत के संजय साहु जैसे सैकड़ों लोगों ने जयराम महतो जी के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया है। माननीय विधायक जयराम महतो जी से भेंटवार्ता के क्रम में बीरेंद्र साहु जी ने बताया कि सुंडी जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग के लिए महामहिम राष्ट्रपति के पास झारखंड प्रदेश के प्रथम पंक्ति में खड़े रहने वाले अनेकों नेताओं ने पत्र लिखकर सुंडी जाति को अनुसूचित जाति घोषित करने की मांग पत्र विधिवत पत्रांक दिनांक के साथ दिया है।

## संतोष सिन्हा बने महावीर मंडल गेतलसूद के अध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** महावीर मंडल गेतलसूद के सदस्यों की बैठक शिव मंदिर गेतलसूद में हुई। अध्यक्षता भोला महतो ने किया। बैठक में रामनवमी,अस्त्र- शस्त्र चालन व झांकी प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया। गठित कमेटी में अध्यक्ष संतोष सिन्हा, महामंत्री संजय नायक, कोषाध्यक्ष शंकर बैठा व मुख्य संरक्षक जैलेन्द्र कुमार को बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष में भोला महतो, आलोक राज, सोनु नापक अमित चन्द्रवंशी, विरेन्द्र महतो, धनवीर नायक, प्रदीप महतो, सचिन गोस्वामी,रवि चौधारी राजीव सिंह, बीरेंद्र यादव, बब्लू साहू, प्रीतम भारती, गौरव गुप्ता, बिट्टू ठाकुर। मंत्री राजेश लोहरा, राजन महतो, हर्ष राज, सूरज महतो, बिगेश्वर महतो, कामेश्वर महतो, शिवा महतो, संजय महतो, उत्तम महतो, अनुज ठाकुर, इंद्रजीत, अभिजीत को बनाया गया हैं। संरक्षक मंडली में प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया शांति मुंडा, अनिल चौधरी, उमेश गुप्ता, मनोज सिंह, देवेंद्र कुमार, शिवदास गोस्वामी, गौरीशंकर साहू को रखा गया है। अध्यक्ष संतोष सिन्हा ने बताया कि दोनों प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15,000 रुपए नकद, द्वितीय पुरस्कार 10,000 रुपए नकद व तृतीय पुरस्कार में 7,500 रुपए नकद व साथ में डंका, ट्रॉफी और तलवार दिए जाएंगे। एकल प्रतियोगिता में भी नकद और ट्रॉफी पुरस्कार में दिए जाएंगे।

## सेल एससीआर और रामकृष्ण मिशन आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के एससीआर इकाई के अंतर्गत रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी, राँची के सहयोग से आज वार्षिक खेल प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण एवं सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 7 अखंडानंद शिक्षा एवं संस्कार केंद्रों के लगभग 250 बालक एवं बालिकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 0 से 4 एवं कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 100 मीटर दौड़ (बालक एवं बालिका), कक्षा 6 से 8 के लिए विशेष 200 मीटर दौड़, योग तथा कबड्डी जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह, ऊर्जा एवं खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेल के संचार प्रमुख उज्जवल भास्कर ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों का उत्साह और खेल भावना सराहनीय है। उन्होंने स्वामी जी के त्याग, सेवा और निस्वार्थ भाव को अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सेल के शैलेश भारती महाप्रबंधक मानव संसाधन ने कहा कि बच्चों का उत्साह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई और रामकृष्ण मिशन का कार्य सदैव सराहनीय रहा है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के निरंतर संचालन की कामना की। सेल के महाप्रबंधक वित्त कल्याण साहा ने अपने संबोधन में बच्चों को प्रोत्साहित किया रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भावेशानंद महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है, बल्कि मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया तथा जैविक खेती के प्रयासों की भी प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में ओ. पी. दुबे तथा आश्रम के स्वामी भक्तिशानंद महाराज सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को शील्ड, योगा मैट, टी-शर्ट एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मेजर जनरल विकास भारद्वाज ने की शिष्टाचार भेंट



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को झारखंड-बिहार के जीओसी मेजर जनरल विकास भारद्वाज ने रांची स्थित लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न विषयों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। मुलाकात को औपचारिक एवं शिष्टाचार भेंट बताया गया है।

### 195वां श्री सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 195 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मंदिर के आचार्य ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। सुनील मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी महाराज की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया उपाध्यक्ष अशोक लड़िया रिषभ कुमार हर्ष कृष्णा अंकित कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।

### बेती ग्राम सभा का धरना, सड़क-बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग



**रांची :** रांची जिला अनगडा प्रखंड अंतर्गत बिसा पंचायत बेती ग्राम सभा ग्राम प्रधान कमलाकांत मुंडा के नेतृत्व में अनगडा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में कमलाकांत मुंडा ने कहा कि आजादी के बाद से बीसा पंचायत में सरकार के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं से वंचित है। ग्रामीणों में काफी रोष है कहा कि अगर सड़क का निर्माण जल्द से जल्द नहीं होता है तो हम सभी ग्रामीण वोट का बहिष्कार करेंगे। आगे सतदेव मुंडा ने कहा कि बीसा पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव चारों ओर जंगलों के बीच 100 प्रतिशत जनजाति परिवार के 372 घर जनसंख्या लगभग 3000 के आसपास अपनी रूढ़िवादी परंपरा व्यवस्था के साथ निवास करते हैं। आजादी के 76 वर्ष बाद भी यहां के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित है आगे कहा कि सड़क इतनी जर्जर अवस्था में है कि अगर कोई गर्भवती महिला को हॉस्पिटल ले जाने में महिला का काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है बच्चे स्कूल जाने से कतराते है। और अजय ने कहा कि बेती गांव आज बहुत दिनों से सड़क बिजली पानी ओर शिक्षा स्वास्थ्य के लिए काफी परेशान है यहां तक कि गांव में बेटी की शादी के लिए भी समस्या उत्पन्न हो रही लोग कहते है कि गांव में सड़क नहीं है इन्हीं मूल समस्याओं को लेकर पांच सूत्री मांग प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया। मौके पर बीसा गांव के जनप्रतिनिधि एवम् भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिल्ली में 6 दिवसीय एफ ऐल - सीआरपी प्रशिक्षण का हुआ समापन



**सिल्ली :** सिल्ली कैनरा बैंक द्वारा संचालित रूससेट संस्थान, सिल्ली में आयोजित 6 दिवसीय एफ एल सीआरपी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस प्रशिक्षण में राज्य के विभिन्न प्रखंडों से आई 35 महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने भाग लिया और प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्वरोजगार, वित्तीय साक्षरता तथा आजीविका से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं, जिससे वे अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य कर सकें। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को टूलकिट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने क्षेत्र में लागू कर आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया। संस्थान के अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों के उज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें आगे भी इसी तरह सक्रिय रहकर समाज में सकारात्मक योगदान देने की बात की। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, डी एस टी अशोक कुमार, दशरथ कुमार, महेश रोहिदास, सुनील मुंडा उपस्थित रहे।

### रामनवमी, सरहुल व ईद को लेकर मुरी ओपी में शांति समिति की बैठक आज

**मुरी :** आगामी रामनवमी, सरहुल एवं ईद पर्व 2026 को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर 18 मार्च को दोपहर 3 बजे मुरी ओपी थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी।बैठक में रामनवमी पर्व के लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी सदस्यों, सरहुल व ईद कमिटी के अध्यक्ष व सदस्य, मीडिया प्रतिनिधि तथा शांति समिति के सदस्य शामिल होंगे। प्रशासन द्वारा सभी गणमान्य लोगों से बैठक में उपस्थित होकर सुझाव की अपील की गई है।

## एक नजर

### श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए नगर अध्यक्ष

**डोमचांच :** प्रखंड क्षेत्र के मसमोहना निवासी मदन सिंह के भाई स्वर्गीय अर्जुन प्रसाद सिंह की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए आयोजित श्रद्धांजलि सभा में डोमचांच नगर अध्यक्ष उमेश वर्मा शामिल हुए ।इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय अर्जुन प्रसाद सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दु:ख की घड़ी में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया ।सभा में उपस्थित अन्य लोगों ने भी दिवंगत को याद करते हुए उनके सामाजिक जीवन और योगदान को सराहा। कार्यक्रम में सुदेश मोदी ,अशोक साव आदि बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

### कुआं में गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत

**मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनाडीह पंचायत के ग्राम रायडीह में सोमवार देर शाम को कुआं में गिरने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। मृतिका की पहचान घोलवा देवी उम्र 70 वर्ष पति दुखन दास ग्राम रायडीह थाना नवलशाही निवासी के रूप में की गई है। स्थानीय निवासी पिंटू दास ने बताया कि घोलवा देवी का 1 वर्ष पहले पैर टूट गया था,जो की रिक्शा से हीं इधर - उधर जाती थी। सोमवार को 3 बजे वे शौच के लिए गई हुई थी, इसी दौरान फिसल गई और कुआं में गिर गई, जहाँ कुछ बच्चों ने देखा और हो हल्ला करने लगा जिसके बाद ग्रामीण इक्कठा हुए और कुआं से ग्रामीणों की मदद से महिला के शव को बाहर निकाला गया। इधर घटना की सूचना मिलते हीं एसआई नितायचंद्र पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। वहीं परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है।

### डोमचांच रेफरल अस्पताल का नगर अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

**डोमचांच :** नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश वर्मा ने डोमचांच स्थित रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया ।इस दौरान नगर अध्यक्ष ने उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने तथा आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।निरीक्षण के क्रम में कुछ खामियां भी सामने आईं, जिस पर उन्होंने संबंधित कर्मियों को तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# रामगढ़ नगर परिषद में कांग्रेस का दबदबा

## अध्यक्ष के बाद उपाध्यक्ष पद भी जीता; विधायक ममता देवी के नेतृत्व में दोनों सीटों पर जीत





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड में नगर निकाय चुनाव अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है और इसी क्रम में रामगढ़ नगर परिषद के चुनाव परिणाम लगभग पूरी तरह सामने आ गए हैं। मंगलवार को जिला समाहरणालय में उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी रणधीर गुप्ता ने जीत हासिल की। इससे पहले अध्यक्ष पद पर भी कांग्रेस समर्थित कुसुम लता कुमारी जीत दर्ज कर चुकी थीं। इस तरह नगर परिषद के दोनों प्रमुख पदों पर कांग्रेस समर्थकों की जीत ने स्थानीय राजनीति में नया समीकरण स्थापित कर दिया है।

उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में रणधीर गुप्ता और आजसू समर्थित प्रतिभा शरण के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। अंततः रणधीर गुप्ता ने महज दो मतों के अंतर से जीत दर्ज की। परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और जिला समाहरणालय परिसर के बाहर समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया।

इस अवसर पर विधायक ममता देवी भावुक नजर आईं और उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलकते दिखे। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पद पर कुसुम लता कुमारी और उपाध्यक्ष पद पर रणधीर गुप्ता की जीत सिर्फ एक चुनावी नतीजा नहीं है, बल्कि यह रामगढ़ की जनता के अटूट विश्वास और बदलाव की इच्छा का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह जनादेश क्षेत्र में पारदर्शिता, विकास और सुशासन की नई दिशा तय करेगा।

कांग्रेस कार्यकताओं ने इस जीत को ममता देवी के सशक्त नेतृत्व, लगातार संघर्ष और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम बताया। समर्थकों ने कहा कि जनता ने विकास और ईमानदार नेतृत्व को प्राथमिकता देते हुए यह ऐतिहासिक फैसला दिया है। उन्होंने रामगढ़ की जनता का आभार व्यक्त करते हुए इसे एक मजबूत जनादेश करार दिया।

जीत के बाद सैकड़ों कार्यकताओं ने अबीर-गुलाल उड़ाकर खुशी मनाई और नाच-गाकर उत्सव का माहौल बना दिया। इस दौरान शहजाद अनवर, कुमार महेश सिंह, बलजीत सिंह बेदी, बजरंग महतो, पंकज तिवारी, मुकेश यादव, मनोज पुझर, दिनेश मुंडा सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस जीत के साथ ही रामगढ़ नगर परिषद में कांग्रेस समर्थकों की मजबूत पकड़ स्थापित हो गई है, जिसे आने वाले समय में विकास कार्यों के रूप में देखा जाएगा और जनता को इसका सीधा लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## विंडोमोह स्थित मस्जिद परिसर मे माहे रमजान के मौके पर इफ्तार पार्टी का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र के ग्राम विंडोमोह स्थित मस्जिद परिसर मे माहे रमजान के मौके पर मंगलवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी के मौके पर मुख्य रूप से जिप अध्यक्ष रामधन यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, अरशद खान, खालिद खलील, डॉ. जावेद अख्तर मुख्य रूप से मौजूद थे। इफ्तार पार्टी के मौके पर कई बच्चे व नौजवान शामिल हुवे और आपसी भाईचारा के साथ रोजा इफ्तार किया इस दौरान जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा रमजान का महीना बहुत ही बरकत का महीना है रमजान का महीना त्याग, सयंम आपसी भाईचारा और इंसानियत का सन्देश देता है इस महीना मे लोग रोजा रख व कुरान की तिलावत कर अल्लाह की ईबादत करते है और जरुरतमंदो सड़का खैरात कर मदद कर सामाजिक एकता को मजबूत करते है इफ्तार पार्टी का आयोजन से आपसी प्रेम, सोहर्द और एकजुटता को बल मिलता है इफ्तार के पूर्व मौजूद रोजेदारो के साथ मिलकर अल्लाह से दुआ कर देश व दुनिया मे अमन चैन दुआएं मांगी गई मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पाण्डेय, राजद जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव, झामुमो प्रखंड सचिव असरफ अंसारी, राजद नेता प्रवेज खान, समाजसेवी पप्पू मेहता, नसीम खान, मोईन खान फुलटून खान, चिंटू खान, समाजसेवी कलीमुद्दीन अंसारी, तसलीम, जाबिर खान, अफजल खान, नवाब खान,गल्लू खान, कलीम अंसारी, युसूफ अंसारी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## प्राचार्य गुरु चरण वर्मा को 'मानद डॉक्टरेट' से किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और कुशल नेतृत्व की मिसाल पेश करने वाले मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कोडरमा के प्राचार्य श्री गुरु चरण वर्मा के नाम एक बड़ी उपलब्धि जुड़ी है। उन्हें अमेरिका स्थित प्रतिष्ठित ग्लोबल यूनिवर्सिटी ऑफ बोस्टन (वरअ) द्वारा 'ऑर्गनाइजेशनल लीडरशिप' (संगठनात्मक नेतृत्व) में डॉक्टरेट की मानद उपाधि (ल्ड्डल्लड्ड१९८ उ्ड्ड३ड्ड१३ी) से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें शिक्षा जगत में उनके दीर्घकालिक समर्पण, नवाचार और संस्थान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रदान किया गया है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से पूरे मॉडर्न पब्लिक स्कूल परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने प्राचार्य को बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया है। समस्त स्कूल प्रबंधन और शैक्षणिक टीम ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि वे प्राचार्य के मार्गदर्शन में और भी अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। विद्यालय ने यह साझा किया कि वे नित्य नए शैक्षणिक प्रयोगों और आधुनिक पद्धतियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं, ताकि विद्यालय को भविष्य में नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया जा सके।

## राधा गोविन्द में एआई, मशीन लर्निंग और डाटा विश्लेषण पर संगोष्ठी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में मंगलवार को ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से ह्लकृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग एवं डाटा विश्लेषणह्व विषय पर एक तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराते हुए उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना था।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कुलाधिपति बी एन साह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वर्तमान दौर में तकनीकी ज्ञान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता तेजी से विकसित हो रही है और इसका प्रभाव जीवन के लगभग हर क्षेत्र में देखा जा सकता है, ऐसे में छात्रों को इन विषयों की समझ विकसित करनी चाहिए।

सचिव प्रियंका कुमारी ने आयोजन की सफलता पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की टीम को बधाई देते हुए कहा कि टीम की मेहनत और समर्पण के कारण कार्यक्रम सफल हो पाया। उन्होंने छात्रों की सक्रिय भागीदारी को भी सराहनीय बताया।

## रामगढ़ में सिंगापुर थीम कार्निवल की धूम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** शहर के छावनी फुटबॉल ग्राउंड में सिंगापुर सिटी थीम पर आधारित कार्निवल सह हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट और डिज्नीलैंड मेला का भव्य आगाज हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक ममता देवी ने किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष कुसुमलता कुमारी मुंडा समेत कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

उद्घाटन के मौके पर ममता देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजन शहर की रौनक बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देते हैं। उन्होंने बताया कि मेले के माध्यम से लोगों को जहां मनोरंजन के विविध साधन मिलते हैं, वहीं कारीगरों और छोटे व्यापारियों को भी अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।

मेला को लेकर ममता देवी ने कहा कि यह आयोजन रामगढ़ के लोगों के लिए एक नया और आकर्षक अनुभव लेकर आया है। उन्होंने कहा, ह्लयह मेला हर आयु वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बच्चों के लिए झूले और मनोरंजन, युवाओं के लिए आकर्षक गतिविधियां और परिवारों के लिए खरीदारी के बेहतर विकल्प उपलब्ध हैं। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को भी बढ़ाते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय हस्तशिल्प और हैंडलूम उत्पादों को बढ़ावा देना जरूरी है, क्योंकि इससे कारीगरों को आर्थिक संबल मिलता है और उनकी कला को पहचान मिलती है। इस तरह के मंच स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मेले में विभिन्न प्रकार के झूले, डिज्नीलैंड थीम पर आधारित मनोरंजन साधन, खान-पान के स्टॉल और कपड़ों व हस्तशिल्प की आकर्षक दुकानें लगाई गई हैं। स्थानीय के साथ-साथ बाहरी व्यापारी भी इसमें भाग ले रहे हैं, जिससे लोगों को खरीदारी के कई विकल्प मिल रहे हैं।

## सुंदरकांड प्रसंग के साथ राम कथा का छठा दिन सम्पन्न, शांति व अनुशासन ने बांधा समां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** सात दिवसीय श्री राम कथा के छठे दिन सुंदरकांड का भावपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। कथा वाचक आचार्य पंडित रामकरण सहल ने भगवान श्रीराम, जानकी नंदन एवं करुणा के सागर दशरथ नंदन के चरणों में नमन करते हुए कथा का आरंभ किया। उन्होंने कहा कि भक्त के बिना भगवान भी अधूरे हैं, ठीक उसी प्रकार श्रोताओं के बिना कथा वाचक भी अधूरा होता है।

आचार्य जी ने आयोजन मंडल ह्यजय सियाराम सत्संग समितिह्न का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें भगवान राम के जीवन प्रसंगों को श्रद्धालुओं के बीच प्रस्तुत करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने उपस्थित श्रोताओं की अनुशासन और शांति की विशेष सराहना करते हुए कहा कि व्यास पीठ के प्रत्येक निर्देश का शत-प्रतिशत पालन यहां देखने को मिला, जो अत्यंत दुर्लभ है।

कथा के दौरान आचार्य जी ने राजा जनक के समय पड़े अकाल का मार्मिक प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि जब जनकपुर क्षेत्र में भयंकर अकाल पड़ा और वर्षा नहीं हो रही थी, तब एक संत ने सुझाव दिया कि यदि कोई रानी अपने केशों का त्याग करे तो वर्षा हो सकती है। इस पर महाराजा जनक ने यह संदेश अयोध्या के राजा दशरथ को भेजा। राजा दशरथ ने अपनी रानियों को यह संदेश सुनाया, लेकिन विशेष कारणों से वे स्वयं नहीं जा सकीं। तब रानी कैकेयी ने तत्काल निर्णय लेते हुए अपनी दासी को जनकपुर भेजा। जैसे ही दासी ने वहां स्नान किया, काले बादल छा गए और मूसलाधार वर्षा शुरू हो गई। इससे जनक समझ गए कि अवश्य ही कोई रानी उनके क्षेत्र में आई हैं।

कार्यक्रम में आज के जजमान के रूप में संतोष, रूबी, पप्पू, वर्षा एवं बबीता देवी उपस्थित रहे। प्रसाद वितरण की व्यवस्था प्रदीप केडिया , राजेंद्र सिंह, अरुण मोदी और मनोज जोशी ने सहयोग किया।

कथा में उपस्थित प्रमुख श्रद्धालुओं में अनुप जोशी, बबीता केडिया, महेश दारूका, रवि मोदी, कैलाश चौधरी, मुकेश सिंह, सत्येंद्र यादव सहित हनुमान मंडल के विक्की केसरी, अभिषेक पांडेय, नितिन मिश्रा, विजय पांडेय भी शामिल रहे। इसके अलावा चन्द्रशेखर जोशी, भोला राम, दिनेश मिश्रा, विजय वर्णवाल,आशा बर्णवाल, सुजाता जोशी, शालु चौधरी, बंशीका जोशी, नीलम जोशी,स्टेशन काली मंदिर महिला समिति एवं शांति भवन समिति के सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम में एनसीसी के बच्चों की कार्यशैली को देखते हुए आचार्य जी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके अनुशासन की सराहना की।

पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, अनुशासन और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### चंदवारा के अधूरे व जर्जर सड़कों का मामला विधानसभा में गूंजा

**बरही :** विधायक मनोज कुमार यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान चंदवारा प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती बेंदी पंचायत की सड़कों का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि क्या ग्राम घुठीटांड से बोना-बड़कीटांड होते हुए बिलागड़ा तक, ग्राम भितिया से लोहरा सीमाना तक तथा ग्राम चौराही चट्टान से बोंगादाग तक की सड़कें अब तक नहीं बनी हैं। इस पर प्रभारी मंत्री ने आंशिक रूप से स्थिति को स्वीकार किया। इसके बाद विधायक ने पुन: सवाल करते हुए कहा कि इन सड़कों के निर्माण नहीं होने के कारण आमजनों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। इस पर भी मंत्री ने सहमति जताई। मामले को आगे बढ़ाते हुए विधायक ने पूछा कि क्या सरकार इन सड़कों का कालीकरण या पक्कीकरण कराने की योजना बना रही है, और यदि हां तो यह कार्य कब तक पूरा किया जाएगा। इस पर मंत्री ने विस्तृत जवाब देते हुए बताया कि ग्राम घुठीटांड से बोना-बड़कीटांड होते हुए बिलागड़ा तक तथा ग्राम भितिया से लोहरा सीमाना तक वर्तमान में कच्ची सड़कें हैं। वहीं ग्राम चौराही चट्टान से बोंगादाग तक सड़क का निर्माण लगभग 10 वर्ष पूर्व आईएपी योजना के तहत कराया गया था, जो अब जर्जर हो चुकी है और इसकी लंबाई करीब 20 किलोमीटर है। मंत्री ने कहा कि विभागीय नीति एवं बजटीय प्रावधानों के अनुसार इन सड़कों के जीर्णोद्धार एवं निर्माण को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कोडरमा में ध्वजाधारी महोत्सव का आयोजन हो : डॉ नीरा

**कोडरमा :** स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव ने श्रावण की अंतिम सोमवार को कोडरमा जिले में अवकाश घोषित करने और ध्वजाधारी महोत्सव के आयोजन की मांग की है। मंगलवार को विधानसभा के शून्यकाल में विधायक ने यह मांग रखी। उन्होंने श्रावण की अंतिम सोमवार को कोडरमा जिले में सार्वजनिक अवकाश की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि कोडरमा जिले में श्रावण महीने की अंतिम सोमवार को झुमरीतिलैया के झरनाकुंड से कोडरमा के ध्वजाधारी धाम तक कांवर पदयात्रा निकाली जाती है। इसमें करीब एक लाख लोग शामिल होते हैं। जिले का यह सबसे बड़ा कांवर पदयात्रा है, जिसमें कोडरमा के अलावा निकट के कई जिले और बिहार के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। इस कांवर पदयात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसे अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन बताते हुए विधायक ने इस अवसर पर कोडरमा जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने और राज्य सरकार से सार्वजनिक तौर पर ध्वजाधारी महोत्सव आयोजित करने की मांग की।

### चंदवारा थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक आयोजित

**चंदवारा :** आगामी ईद व रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर मंगलवाल को चंदवारा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ अशोक कुमार भारती ने की। बैठक में विभिन्न जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपने विचार रखे और पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक को संबोधित करते हुए चंदवारा थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार ने कहा कि ईद और रामनवमी पर्व सौहार्द तरीके से मनाए। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही पर्व के दौरान क्षेत्र में लगातार पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। वहीं त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार ने लोगों से आग्रह किया कि क्षेत्र में यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दिया किसी प्रकार की गलत सूचना फैलती नजर आए तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यावस्था बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, सुखदेव साव, पूर्व प्रमुख महेंद्र यादव, लीलावती देवी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी द्वारिका प्रसाद राणा पसंस बालगोविंद सोनी बिससुत्री अध्यक्ष अज्जू सिंह, अशोक सिंह, मुखिया संतोष कुशवाहा, मनोज पासवान, मुंशी यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, मो अनवर, शमशेर आलम, विश्व हिंदू परिषद राजू यादव, संजय दास, द्वारिका प्रसाद राणा, राजदेव पासवन, मुमताज अंसारी, चन्द्रभूषण साव दिलीप राणा अनूप वर्मा सुमेत कई लोग मौजूद थे ।सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**कोडरमा :** हत्या किए जाने किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने मंगलवार को आरोपी शशि कुमार 23 वर्ष विद्या पूरी झुमरी तिलैया निवासी को 302 आईपीसी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20000 जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 1 साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### रामनवमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, भव्य मंगला जुलूस में हजारों श्रद्धालु शामिल

**भुरकुंडा (रामगढ़):** रामनवमी पर्व के अवसर पर भुरकुंडा में मंगलवार को भव्य मंगला जुलूस निकाला गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी देखी गई। गाजे-बाजे और धार्मिक उत्साह के साथ निकले इस जुलूस ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। जय श्रीराम, हर-हर महादेव और वीर बजरंगबली के जयघोष से वातावरण देर तक गूंजता रहा। जुलूस की शुरूआत रामनवमी मैदान हुरूमगढ़ा से हुई, जो बिरसा चौक, जनता सिनेमा, मुख्य बाजार और संकट मोचन मंदिर होते हुए थाना मैदान पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत किया और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की। आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था भी दुरुस्त रही। जुलूस में भगवान राम, माता सीता और भगवान हनुमान के वेश में सजे कलाकार विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। उनकी झांकियों ने लोगों को भाव-विभोर कर दिया। वहीं युवाओं और बच्चों ने लाठी और तलवार के करतब दिखाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के साथ-साथ ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे सामाजिक समरसता का संदेश देखने को मिला। जुलूस में कई स्थानीय सामाजिक और धार्मिक कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से शामिल रहे और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने इसे आस्था, परंपरा और एकता का प्रतीक बताया। आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और लोगों ने एक-दूसरे को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं।

## महिला ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी, पारिवारिक विवाद की संभावना

**पूर्वी सिंहभूम :** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के छोटा गोविंदपुर स्थित आनंद नगर में एक महिला के फंदे से लटक कर खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान ज्ञान किरण (30) के रूप में हुई है, जो शशिकांत चौरसिया की पत्नी थीं। मिली जानकारी के अनुसार ज्ञान किरण की शादी वर्ष 2014 में शशिकांत चौरसिया से प्रेम विवाह के रूप में हुई थी। दंपत्ति के तीन बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ महीनों से पारिवारिक संबंधों में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। इसी बीच किसी बात को लेकर विवाद की आशंका जताई जा रही है। घटना सोमवार की की है। बताया जाता है कि शशिकांत चौरसिया बच्चों को ट्यूशन छोड़ने के लिए घर से बाहर गए थे। जब वे वापस लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक आवाज देने और दरवाजा खटखटाने के बावजूद जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उन्होंने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा।

# सरायकेला में गृह रक्षक बहाली परीक्षा संपन्न, उपायुक्त व एसपी ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** खरसावां जिला अंतर्गत गृह रक्षक नव नामांकन हेतु आयोजित शारीरिक दक्षता सह लिखित परीक्षा कार्यक्रम के तहत सोमवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम, सरायकेला में कुकड़ू प्रखंड के अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त नीतिश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न शारीरिक परीक्षा केंद्र स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा लिखित परीक्षा केंद्र का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अभ्यर्थियों के साथ



सहयोगात्मक एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा से संबंधित सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाएं, ताकि चयन प्रक्रिया निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित रूप से पूर्ण हो सके। उपायुक्त ने अभ्यर्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने का निर्देश दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु तैनात पुलिस बल को सतर्क एवं सक्रिय रहने का निर्देश दिया। परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, शौचालय, पंडाल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी हेतु आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला अभिनव प्रकाश, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला समीर सवैया, पुलिस उपाधिक्षक सुश्री पूजा कुमारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा श्री अविनाश कुमार , कमंडेंट एवं निरीक्षक गृह रक्षा वाहिनी सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर पंचायत में सियासी हलचल: अध्यक्ष बनीं शोभा देवी, पति फागु पंडित ने भाजपा से दिया इस्तीफा



**सरिया :** गिरिडीह जिले के अंतर्गत बड़की सरिया नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती शोभा देवी ने शपथ ग्रहण कर पदभार संभाल लिया है। शपथ लेते ही उनके पति श्री फागु पंडित, जो भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्य थे और जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा के पद पर आसीन थे, ने सोमवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ-साथ अपने पद से इस्तीफा दे दिया। फागु पंडित ने इस्तीफा देते हुए स्पष्ट किया कि उनकी पत्नी शोभा देवी ने कभी भाजपा की सदस्यता नहीं ली है। उन्होंने कहा, "मेरी पत्नी जो सरिया नगर पंचायत की अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं, उन्होंने कभी भाजपा की सदस्यता ली ही नहीं है, इसलिए इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता।" यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब शोभा देवी को भाजपा समर्थित उम्मीदवार के रूप में चुनाव में उतारा गया था और उन्होंने स्पष्ट जीत हासिल की थी।शोभा देवी की जीत को भाजपा के स्थानीय कार्यकताओं और नेताओं ने ऐतिहासिक बताया था, और विजय जुलूस भी निकाले गए थे। फागु पंडित ने चुनाव प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाई थी और पत्नी के पक्ष में मतदाताओं से अपील की थी। अब इस्तीफे के बाद यह देखना होगा कि इससे पार्टी और स्थानीय राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ता है।शोभा देवी ने शपथ ग्रहण के बाद विकास और जनसमस्याओं के समाधान का संकल्प लिया है। सरिया नगर पंचायत के निवासियों ने उनकी जीत पर खुशी जताई है।

### कुकडू प्रखंड की छात्राओं को योजनाओं से वंचित होने का मुद्दा सदन में उठा



**लोकेशन/कुकडू :** ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने सदन के शून्य काल में कुकडू प्रखंड में पुनर्वासित स्थल पर चल रहे शहीद निर्मल महतो उच्च विद्यालय में पढ़ने वाले विस्थापित दलित आदिवासी परिवार की बच्चियों को विगत 5 वर्षों से साइकिल अनुदान योजना ओर सावित्रीबाई फूलों किशोरी समृद्धि योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने आसन के माध्यम से सरकार से शहीद निर्मल महतो उच्च विद्यालय में हक दोनों योजनाओं को चालू करने और छात्राओं के लिए साइकिल की मांग किया है। उक्त बात की जानकारी झामुमो केंद्रीय सदस्य सह विधायक के आप्त सचिव काबलू महतो ने दी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**पूर्वी सिंहभूम :** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित संकटा सिंह पेट्रोल पंप के पास सोमवार रात एक सड़क हादसे में लगभग 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला सड़क किनारे पैदल चल रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गई और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार मृत महिला स्टेशन परिसर के आसपास भीख मांगकर अपना जीवन यापन करती थी। हादसे के बाद आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

## डीसी कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी-सह-जिला दंडाधिकारी द्वारा जनता दरबार का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी हेमंत सती ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही डीसी द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें।साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि डीसी कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।

## नगर पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सह उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कार्यालय गिरिडीह के निदेर्शानुसार मंगलवार को अनुमंडल सभागार सरिया में नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष व वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष का अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचन कार्य संपन्न हुआ जिसमें कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को 10:30 बजे पूर्वाहन से 11:00 बजे पूर्वांचल के बीच नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष शोभा देवी तथा सभी 12 वार्ड सदस्यों का शपथ ग्रहण करवाया वहीं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपाध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने हेतु 11:00 बजे से 11:30 बजे पूर्वाहन तक समय निर्धारित की गई जिसमें नाम निर्देशन के लिए एकमात्र वार्ड पार्षदनगर पंचायत वार्ड नंबर 9 से निर्वाचित वार्ड पार्षद सुशील मंडल ने उपाध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया एकमात्र नाम निर्देशन पत्र दाखिल होने से वार्ड संख्या 9 से नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद सुशील मंडल बड़की सरिया नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए जिन्हें नगर पंचायत अध्यक्ष शोभा देवी ने शपथ ग्रहण करवाया चयन प्रक्रिया के पश्चात उपस्थित लोगों ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष तथा वार्ड पार्षदों का फूल माला से सम्मानित किया सभी चयनित लोगों ने ईमानदारी तथा कर्तव्य निष्ठा का परिचय देते हुए नगर पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए शपथ लिया मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी अंचल अधिकारी संतोष कुमार, तहसीन अंसारी, सुषमा देवी, सोनी देवी, अरुण राम सहित कई अन्य लोग मौजूद थे ।

## पेड़ से लटका मिला किशोरी का शव, पहचान के बाद पुलिस की जांच तेज

**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर के जुगसलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत काबली कब्रिस्तान के पास झाड़ियों से घिरे सुनसान इलाके में मंगलवार सुबह एक किशोरी का शव पेड़ से लटका मिला। बाद में उसकी पहचान बिष्टुपुर गुरुद्वारा बस्ती निवासी 17 वर्षीय शिवानी कुमारी के रूप में हुई। सूचना मिलते ही जुगसलाई थाना के सब-इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पेड़ से शव लटका मिलने की पुष्टि हुई। पुलिस ने पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराते हुए शव को नीचे उतारा और पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान के बाद परिजनों से पूछताछ की गई। परिजनों के अनुसार, शिवानी मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। हालांकि, यह अब भी स्पष्ट नहीं हो सका है।

## भक्ति और श्रद्धा से गूंजा किशुनडीह : भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कुकड़ु :** प्रखंड के किशुनडीह ग्राम में मंगलवार को भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के बीच श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। दूधी जुड़िया से पवित्र जल लाकर श्रद्धालु महिलाओं एवं भक्तों ने विधि-विधान से कलश स्थापना की, जिससे पूरे गांव में धार्मिक माहौल जीवंत हो उठा। प्रातः 8 बजे निकली कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। भजन-कीर्तन और "जय निताई" के उद्घोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर पूर्व मुखिया सह पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन सिंह, वार्ड सदस्य युधिष्ठिर महतो, ज्योतिलाल महतो, राकेश महतो, साहेब राम महतो, कृष्ण महतो, लादेन बड़ाल, संतोष महतो सहित सैकड़ों ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। सायंकाल शुभ अधिवास के साथ अनुष्ठान की विधिवत शुरूआत हुई। कथा व्यास पंडित आचार्य अभिराम दास द्वारा 18 मार्च से 24 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से भागवत पूजन एवं कलश पूजन, 7 बजे से 12 बजे तक मूल परायण तथा सायं 5 बजे से 9 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का भावपूर्ण प्रवचन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 25 मार्च को गोपाल सहस्त्रनाम अर्चन, कलश विसर्जन एवं साधु-वैष्णव सेवा के साथ होगा। किशुनडीह ग्रामवासी एवं समस्त भक्तवृन्द ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य के भागी बनें और अपने जीवन को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करें।

### नगर पंचायत में अध्यक्ष और पार्षदों ने ली शपथ, सुनील बने उपाध्यक्ष

**पलामू :** पलामू के हुसैनाबाद नगर पंचायत में मंगलवार को लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण पूरा हुआ, जहां नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सभी 16 वार्ड पार्षदों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित समारोह में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस ने अध्यक्ष अजय कुमार भारती सहित सभी जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलाई।

## रामनवमी और ईद को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए,बाइक रायडर पर लगेगा अंकुश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** पटमदा थाना परिसर में अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार दास की अध्यक्षता में रामनवमी और ईद पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुआ।संबोधन में सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास ने कहा कि डीजे पर प्रतिबंध रखे। रामनवमी में करतब का प्रदर्शन दिखाए। वही समाजिक सद्भाव के साथ त्यौहार मनाए। असामाजिक तत्वों को थाना से भय रहे ताकि अपराध पर अंकुश लगे।थाना प्रभारी विष्णु चरण भोगता ने कहा जनता के सभी सुझाव को ध्यान में रखते हुए सड़क में राइड करने वाले बाइकर्स पर विशेष नजर होगा। गाड़ी में मोडिफाई करने वालों का गाड़ी जब्त किया जाएगा। रविवार के दिन हाथीखेदा से आने वाले नशेड़ियों को मैं खुद नियंत्रित करने का काम करूंगा।सभी को थाना में सम्मान मिलेगा।पार्षद प्रदीप बेसरा ने कहा कि त्यौहार को भाईचारा के साथ मनाए। प्रमुख बालिका सोरेन ने भी त्यौहार में शांति बहाल करने की अपील की। विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू ने कहा कि थाना क्षेत्र के किसी भी जनता के सम्मान को ठेस ना पहुंचे उसका ध्यान रखना चाहिए। थाना को झारखंड सरकार से नया पेट्रोलिंग वाहन मिला हैं,विधि व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाया जाए।शांति समिति बैठक में सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास,थाना प्रभारी विष्णु चरण भोगता, प्रमुख बालिका सोरेन, पार्षद प्रदीप बेसरा, विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण पद सिंह,सेवानिवृत शिक्षक शरत सिंह सरदार,जगदीश मंडल, मुखिया परमेश्वर सिंह, कानूराम बेसरा, उप मुखिया गोपाल गोराई, साधु महतो, पंचानन दास, ग्राम प्रधान बृंदावन दास, खगेन सिंह, फूल चांद महतो, चंदन सिंह, गंगाधर सिंह, समाजसेवी विश्वनाथ महतो, नील रतन पाल, खादिम अंसारी सहित सभी पंचायत के जनता और शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## तिरूलडीह थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**ईचागढ़ :** तिरूलडीह थाना परिसर में मंगलवार को ईद , रामनवमी व सरहुलजैसे महत्वपूर्ण पर्वों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी कौशल कुमार नी की , जिसमें सभी समुदायों के लोगों से आपसी भाईचारा और समन्वय बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान पर्वों के दौरान निकलने वाले जुलूस, भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार साव ने कहा कि तिरुलडीह क्षेत्र हमेशा से ही सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का उदाहरण रहा है, जिसे बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। वहीं प्रमुख प्रतिमा वाला पातर ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की। उप प्रमुख ने भी सभी समुदायों से मिल-जुलकर पर्व मनाने का आह्वान किया।वहीं थाना प्रभारी कौशल कुमार ने कहा कि सौहार्द बिगाड़ने वाले मोबाइल मैसेज भेजने वाले, शराबी और हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखा जाएगा एवं उपद्रव करने वाले पर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर पुर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक कुमार साव, प्रमुख प्रतिमा बाला सिंह पातर,उप प्रमुख मोहम्मद एकराम, मुखिया चित्तरंजन सिंह मुण्डा,उप मुखिया मनोज मछुआ, इन्द्रजीत महतो, संकेश्वर सिंह मुण्डा, मृत्युंजय सिंह, कृष्ण कुमार सहित अखाड़ा, मस्जिद कमेटी एवं सरहुल कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।


**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)**
**कार्यालय - जिला पशुपालन पदाधिकारी सिमडेगा**

**आम सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना तहत् भेंड पालन की नई योजना ग्रामीण पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को सुधार करने, ग्रामीण स्तर पर युवाओं को स्वनियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने एवं राज्य से ग्रामीणों के पलायन को रोकने, ग्रामीण महिलाओं की सशक्तिकरण, पशुपालकों के सतत् आय के स्रोत सृजन, रोजगार सृजन, का वैकल्पिक माध्यक तथा पोषण सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पशुपालन प्रक्षेत्र की योजना/कार्यक्रमों के लिए सिमडेगा जिला के पशुपालक एवं अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के सभी महिला पुरूष लाभुकों/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दंपति (उम्र कम से कम 50 वर्ष) महिला, पुरूष को प्राथमिकता के आधार पर ग्राम सभा द्वारा चयन किया जाना है। ग्राम सभा की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरण सहित आवेदन संबंधित प्रखंडों के प्रखंड स्तरीय समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी सिमडेगा के नाम से आमंत्रित किया जाता है –

| क्र० सं० | योजना का नाम | योजना की लागत (राशि रूपये में) | अनुदान प्रतिशत | लक्ष्य | अनुदान की राशि (राशि रूपये में) | लाभुक अंशदान की राशि (राशि रूपये में) | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भेंड़ पालन की योजना (8 मादा, 2 नर) | 49600/- | 90% अधिकतम | 11 | 44640/- | 4960/- | अनु०ज०जा०/अनु०जा०/असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दंपति (उम्र कम से कम 50 वर्ष) |
| | | | 75% अधिकतम | 11 | 37200/- | 12400/- | अनु०ज०जा०/अनु०जा०/अन्य जाति के लाभुक |

पशुपालन क्षेत्र की योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्ता एवं शर्तें :–

1. योजना का लाभ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के सभी महिला, पुरूष/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों को प्राथमिकता के तौर पर दिया जाएगा, जिसमें महिलाएँ/असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दंपति का चयन नियमानुसार किया जाएगा।
2. सभी योजना के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ग्रामों का चयन प्रखंड स्तरीय समिति की अनुशंसा के उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से किया जाएगा।
3. चयनित ग्रामों में लाभुकों का चयन संबंधित ग्राम के ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा, चयन प्रक्रिया में निम्न बातों का पालन करना अनिवार्य है :–
   क) चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो, इस संबंध में लाभुक को आवासीय, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार संख्या जमा करना अनिवार्य होगा।
   ख) चयन प्रक्रिया में पशुपालन गतिविधि से जुड़े पशुपालकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
   ग) वैसे लाभुक जिन्हें पूर्व में राज्य या केन्द्रीय योजना का लाभ मिल चुका है उन्हें योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।
4. पशु की आपूर्ति नियमानुसार निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध आपूर्तिकर्ता के द्वारा लाभुकों को योजना के आलोक में किया जाएगा।
5. योजना अंतर्गत दवा, मिनरल मिक्सचर सामग्री एवं उपकरण आदि हेतु अनुदान की राशि निदेशालय द्वारा निर्धारित इकाई दर, विशिष्टियों एवं योजना के आलोक में लाभुकों का उपलब्ध कराया जाएगा।
6. योजना के अंतर्गत चयनित लाभुकों का Escrow Account/Dedicated Bank Account खोला जाएगा एवं अनुदान की राशि खोले गये Escrow Account/Dedicated Bank Account में ही DBT के माध्यम हस्तांतरित किया जाएगा। लाभुक अंतिम रूप से चयन होने पर अपना अंशदान दो के अंदर खोले गये Escrow Account/Dedicated Bank Account में जमा करना अनिवार्य होगा।
7. इच्छुक पशुपालक अपना आवेदन ग्राम सभा से अनुशंसा के साथ प्रखंड स्तरीय समिति के पास दिनांक 19.03.2026 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 375394 Simdega (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना – 15/2025–26**
**DMFT योजना अंतर्गत स्वीकृत**

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय– 25/03/2026 के अपराह्न 03.00 बजे तक (छुट्टी के दिनों को छोडकर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 26/03/2026 को 1.00 बजे अपराह्न
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 26/03/2026 के अपराह्न 3.00 बजे
   निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – 1)कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा 2)सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, लोहरदगा
6. निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेन्हा | भड़गांव | बेरा टोली | बेरा टोली में सोलर जलापूर्ति योजना | DMFT-01 | 6,96,911.00 | 14,000.00 | 1,250.00 | 03 माह |
| 2 | सेन्हा | अर्रू | पतरा टोली | पतरा टोली में सोलर जलापूर्ति योजना | DMFT-02 | 6,84,193.00 | 14,000.00 | 1,250.00 | 03 माह |
| 3 | सेन्हा | बुटी | चमरू खास | चमरू खास में सोलर जलापूर्ति योजना | DMFT-03 | 6,88,433.00 | 14,000.00 | 1,250.00 | 03 माह |
| 4 | सेन्हा | अर्रू | जोगना | जोगना वेस्टर्न में सोलर जलापूर्ति योजना | DMFT-04 | 6,56,539.00 | 13,500.00 | 1,250.00 | 03 माह |
| 5 | सेन्हा | अर्रू | जोगना | जोगना ईस्टर्न में सोलर जलापूर्ति योजना | DMFT-05 | 6,87637.00 | 14,000.00 | 1,250.00 | 03 माह |
| 6 | सेन्हा | भडगांव | टोंगरी टोली | टोंगरी टोली में सोलर जलापूर्ति योजना | DMFT-06 | 6,32,620.00 | 13,000.00 | 1,250.00 | 03 माह |

नोट : 1. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
2. निविदा संबंधी आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR.NO.375317 Lohardaga(25-26):D

# परछाईयां : साहिर लुधियानवी की सृजन स्थली

मुंबई कभी रुकती नहीं। यह शहर मानो समय की धड़कन पर दौड़ता रहता है–दिन-रात, बिना ठहरे, बिना थके। सड़कों पर भागती कारें, देर रात तक जगती रोशनियां और काम में डूबे लोग इस शहर की पहचान हैं। लेकिन जब आप जूहू की तरफ मुड़ते हैं और अरब सागर के किनारे पहुँचते हैं, तो अचानक सब कुछ बदल जाता है। शहर का शोर पीछे छूट जाता है। हवा में एक धीमी नमी है और लहरें एक अनवरत संगीत रचती रहती हैं।

इसी शांत इलाके में छिपा है वह घर, जहां मशहूर शायर साहिर लुधियानवी ने अपने जीवन का लंबा और रचनात्मक समय बिताया। उस घर का नाम है–परछाईयां।

परछाईयां की तलाश में रास्ते में कई लोगों से पूछते हैं। कोई कंधे उचकाकर कहता है–पता नहीं। कोई मुस्कराकर आगे बढ़ जाता है। लेकिन जिद है उस घर को देखने की, जहां साहिर ने अनेक कालजयी गीत और गजलें लिखीं। दीवारों को छूने की, उन कमरों की हवा में सांस लेने की। चलते रहते हैं, गलियों से गुजरते हैं। और अजीब संयोग–जैसे ही पूछना छोड़ देते हैं, रास्ता खुद खुल जाता है। अचानक एक बड़े, सलेटी रंग के शांत बंगले की नेमप्लेट पर नजर ठहर जाती है। काले अक्षरों में रोमन लिपि में लिखा है–

परछाईयां- अर्थात साये। यह नाम पढ़ते ही साहिर की कई पंक्तियाँ जेहन में उभर आती हैं। उनकी शायरी में गहरी उदासी थी, पर वह उदासी निराशा नहीं, बल्कि संवेदना की रोशनी थी। यह बंगला लगभग पांच सौ वर्ग गज में फैला है। मुंबई में रहने वाले वास्तु विशेषज्ञ डॉ जे.पी. शर्मा. लालधागेवाले साहिर साहब के बंगले को गुजरे कई दशकों को देख रहे हैं। वे बताते हैं कि इसकी बालकनियों से कभी अरब सागर साफ दिखता होगा। ऊपर की मंज़िलों में साहिर अपनी मां के साथ रहते थे। शाम ढलती, समुद्र से ठंडी हवा आती और कमरों में किताबों, कागजों और स्याही की हल्की गंध फैल जाती। यही वह जगह थी जहां रातें जागती थीं और शब्द धीरे-धीरे कविता का रूप ले लेते थे।

सृजन का माहौल और अमर गीत इस घर के दरवाजे दोस्तों के लिए हमेशा खुले रहते थे। फिल्मकार, संगीतकार, कवि और शायर यहां आया करते। कोई धुन गुनगुनाता, कोई राजनीति पर बहस छेड़ देता, तो कोई नई कविता सुनाता। साहिर चुपचाप सुनते, फिर अचानक एक पंक्ति कहते–और कमरे में सन्नाटा छा जाता, क्योंकि वह पंक्ति सीधे दिल में उतरती थी। इसी माहौल में कई अमर फिल्मी गीत जन्मे। जैसे ₹उड़ें जब-जब जुल्फें तेरी₹ (फिल्मः नौटंकी), जो प्रेम की मस्ती को बयां करता है, या ₹तुमसा नहीं देखा₹ (फिल्मः तुमसा नहीं देखा), जिसमें साहिर की रोमांटिक संवेदना झलकती है।

उनकी पंक्तियाँ आदर्शों की टूटन, समाज की विडंबना और प्रेम की कोमलता को एक साथ बोलती थीं। उनकी कलम विरोध भी करती थी और इंसानियत की लौ बचाए रखती थी। फिल्म प्यासा के ₹ये दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है जैसे गीत इसी घर की दीवारों में गूँजे होंगे, जहां सामाजिक अन्याय पर उनकी तीखी टिप्पणियाँ शब्दों में ढलती थीं। या अभी ना जाओ छोड़ कर (फिल्मः हम दोनों), जो प्रेम की उदासी और बेचैनी को इतनी गहराई से व्यक्त करता है कि सुनकर दिल भर आता है। मां के प्रति समर्पण और व्यक्तिगत जीवन साहिर का निजी संसार भी इसी घर में बसता था। उन्होंने विवाह नहीं किया। उनकी सबसे बड़ी ताकत उनकी मां सरदार बेगम थीं। कहा जाता है कि किसी भी बड़ी चर्चा या निर्णय से पहले वे मां की राय अवश्य सुनते थे। मेहमान बैठे हों, बहस चल रही हो–वे उठकर मां के कमरे में जाते और पूछते, आप क्या सोचती हैं? मां के प्रति यह सम्मान उनके व्यक्तित्व की कोमलता को उजागर करता है।

## सूडोकु नवताल- 7737

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7736 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# दूषित जलः विकास के दावों पर एक गंभीर प्रश्न

ललित गर्ग



अक्सर कहा जाता है कि जल ही जीवन है। किंतु यदि यही जल दूषित हो जाए तो क्या उसे जीवन का आधार कहा जा सकता है? सच तो यह है कि दूषित जल जीवन को बचाने के बजाय उसे संकट में डाल देता है। आज भारत सहित पूरी दुनिया में स्वच्छ जल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। विडंबना यह है कि जिस देश में नदियों को माता का दर्जा दिया जाता है और जल को जीवन का मूल तत्व माना जाता है, वहीं करोड़ों लोग आज भी स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। यह स्थिति केवल संसाधनों की कमी का परिणाम नहीं है, बल्कि कहीं न कहीं नीतिगत कमजोरियों, प्रशासनिक उदासीनता और विकास के असंतुलित मॉडल की भी देन है।

पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं। वर्ष 2019 में आरंभ हुआ जल जीवन मिशन इसी दिशा में एक बड़ा कदम माना गया। इस योजना का उद्देश्य था कि देश के हर ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त नदियों की स्वच्छता के लिए नमामि गंगे जैसी परियोजनाएं भी शुरू की गईं। इन योजनाओं के कारण पाइपलाइन के माध्यम से जल आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां वर्ष 2019 में केवल लगभग 16.7 प्रतिशत ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुंचता था, वहीं 2024 के अंत तक यह आंकड़ा 80 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गया। यह उपलब्धि निस्संदेह महत्वपूर्ण है, किंतु केवल पाइपलाइन बिछा देने भर से समस्या का समाधान नहीं हो जाता। असली चुनौती यह सुनिश्चित करने की है कि जो पानी घरों तक पहुंच रहा है वह वास्तव में स्वच्छ और सुरक्षित भी हो।

दुर्भाग्य से जल गुणवत्ता के मोर्चे पर स्थिति उतनी संतोषजनक नहीं दिखाई देती। विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पेयजल के नमूनों की जांच से यह तथ्य सामने आया है कि बड़ी मात्रा में जल प्रदूषित पाया गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि लिए गए दूषित नमूनों में से केवल लगभग एक चौथाई को ही शुद्ध करने के प्रयास किए गए। इसका अर्थ यह हुआ कि बड़ी संख्या में लोग अब भी दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। यह स्थिति हमारे विकास के दावों की तार्किकता पर प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि जल जैसे बुनियादी संसाधन की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की जा सकती तो विकास की उपलब्धियां अधूरी ही मानी जाएंगी। पेयजल की गुणवत्ता का संकट केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। शहरी क्षेत्रों में भी यह समस्या बराबर देखने को मिलती है। महानगरों और बड़े शहरों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण, पुरानी पाइपलाइन व्यवस्था और सीवेज प्रबंधन की कमजोरियों के कारण जल स्त्रोत लगातार प्रदूषित हो रहे हैं। कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन और सीवर लाइन एक-दूसरे के बेहद करीब बिछी हुई हैं। समय के साथ जब ये पाइपलाइन जर्जर हो जाती हैं तो सीवर का गंदा पानी पेयजल में मिल जाता है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो जाता है। हाल के वर्षों में कई शहरों में दूषित पानी के कारण लोगों के बीमार पड़ने और यहां तक कि मौत होने की घटनाएं सामने आई हैं। मध्यप्रदेश के इंदौर जैसे शहर में हुई ऐसी घटनाओं ने इस खतरे की गंभीरता को और स्पष्ट कर दिया है। यह विडंबना ही है कि जो शहर स्वच्छता के लिए देश में बार-बार अग्रणी स्थान प्राप्त करता रहा है, वहीं दूषित जल के कारण लोगों की जान जाने की घटनाएं सामने आती हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ लंबे समय से यह चेतावनी देते रहे हैं कि अधिकांश बीमारियों की शुरूआत पेट से होती है और दूषित जल इसका सबसे बड़ा कारण बनता है। दस्त, उल्टी, टाइफाइड, हैजा और पीलिया जैसी जलजनित बीमारियां आज भी लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं। इन बीमारियों का सबसे अधिक असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ता है क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कम होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सीमित होती है। ऐसे में दूषित पानी केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं रह जाता, बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले लेता है। जल प्रदूषण के पीछे कई कारण हैं। औद्योगिक कचरे का बिना उपचार के नदियों और जलाशयों में छोड़ा जाना एक बड़ा कारण है। इसके अतिरिक्त शहरों से निकलने वाला अनुपचारित सीवेज भी बड़ी मात्रा में जल स्त्रोतों को प्रदूषित करता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार देश की सैकड़ों नदियों के अनेक नदी खंड जल गुणवत्ता के मानकों से नीचे पाए गए हैं। इसका अर्थ यह है कि हमारे जल स्त्रोत धीरे-धीरे प्रदूषण के गंभीर जाल में फंसते जा रहे हैं। दूसरी ओर, भूजल का अत्यधिक दोहन भी स्थिति को और जटिल बना रहा है। भारत दुनिया में सबसे अधिक भूजल निकालने वाले देशों में अग्रणी है। अत्यधिक दोहन के कारण न केवल जल स्तर गिर रहा है, बल्कि कई स्थानों पर भूजल में फ्लोराइड, आर्सेनिक और अन्य हानिकारक रसायनों की मात्रा भी बढ़ती जा रही है।

विकास की अंधी दौड़ ने भी इस संकट को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तेजी से फैलते शहर, बढ़ते उद्योग और बढ़ती आबादी जल संसाधनों पर भारी दबाव डाल रहे हैं। लेकिन इसके समानांतर जल प्रबंधन की व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं हो पाई है। कई शहरों में सीवेज उपचार संयंत्रों की क्षमता पर्याप्त नहीं है, जिसके कारण बड़ी मात्रा में गंदा पानी सीधे नदियों और झीलों में पहुंच जाता है। जब यही जल स्त्रोत पेयजल आपूर्ति का आधार बनते हैं तो स्वाभाविक रूप से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। दूषित जल का प्रभाव केवल मानव स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रहता। इसका असर पूरे पारिस्थितिक तंत्र पर पड़ता है। नदियों और झीलों में बढ़ते प्रदूषण से जलीय जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ जाता है। कई प्रजातियां धीरे-धीरे समाप्त होने के कगार पर पहुंच जाती हैं। इसके अतिरिक्त दूषित जल का उपयोग जब खेती में होता है तो वह मिट्टी की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है और अंततः खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मनुष्य तक पहुंचता है। इस प्रकार जल प्रदूषण का दायरा व्यापक और बहुआयामी है।

इस समस्या के समाधान के लिए केवल योजनाएं बना देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन की भी आवश्यकता है। सबसे पहले पेयजल की गुणवत्ता की नियमित और पारदर्शी निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए। जल के नमूने लेने की प्रक्रिया तभी सार्थक होगी जब प्रदूषित पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही जलापूर्ति और सीवेज व्यवस्था के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखना अनिवार्य किया जाना चाहिए। जिन शहरों और कस्बों में पाइपलाइन व्यवस्था दशकों पुरानी हो चुकी है, वहां उन्हें चरणबद्ध तरीके से बदलने का काम युद्धस्तर पर किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त औद्योगिक प्रदूषण पर कठोर नियंत्रण भी आवश्यक है। उद्योगों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका कचरा बिना उपचार के किसी भी जल स्त्रोत में न जाए। इसके लिए कड़े नियमों के साथ-साथ प्रभावी निगरानी तंत्र की भी जरूरत है। स्थानीय निकायों की जवाबदेही तय करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि कई बार जल आपूर्ति और उसकी गुणवत्ता की निगरानी दोनों की जिम्मेदारी उन्हीं के पास होती है। ऐसी स्थिति में पारदर्शिता की कमी हो जाती है। निश्चिततौर यह समझना होगा कि स्वच्छ जल केवल सुविधा का विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। जिस प्रकार भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य को जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं में शामिल किया जाता है, उसी प्रकार स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता भी उतनी ही अनिवार्य है। यदि देश को वास्तव में स्वस्थ और समृद्ध बनाना है तो जल की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं तभी पूर्ण रूप से सफल मानी जाएंगी जब हर घर तक पहुंचने वाला पानी वास्तव में स्वच्छ और सुरक्षित होगा।

# यूसीसी : समान नागरिक संहिता की गलत व्याख्या करते ओवैसी

डॉ. मयंक चतुर्वेदी



भारत में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर एक बार फिर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। हाल ही में मुस्लिम महिलाओं के हक पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी- अब समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने यूसीसी का विरोध करते हुए कई बयान दिए हैं। उन्होंने कहा कि यूसीसी के नाम पर हिंदू कानून मुसलमानों पर लागू नहीं किया जा सकता और इस्लाम में शादी महज एक कॉन्ट्रैक्ट है, यह जन्म-जन्म का बंधन नहीं है। यह जिम्मेदारी नहीं है। निकाह हमारे के लिए धार्मिक संस्कार नहीं है।

अब सवाल यह है कि क्या यूसीसी वास्तव में किसी धर्म को निशाना बनाने की कोशिश है या फिर यह संविधान में निहित समानता के सिद्धांत को लागू करने की दिशा में एक कदम है? वैश्विक परिदृश्य पर नजर डालें तो स्पष्ट होता है कि अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में समान नागरिक कानून पहले से लागू है। ऐसे में ओवैसी का ये विरोध साफ बता रहा है कि वह देश में इस्लाम के नाम पर अपने लिए वे एक विशेष अधिकार चाहते हैं, वह देश की जनसंख्या में 20 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करने के बाद भी अल्पसंख्यक बने रहना चाहते हैं और उसमें भी वे रिलीजन के नाम पर अलग स्वतंत्रता चाहते हैं।

यहां सीधे तौर पर यहां स्पष्ट होता है कि उन्हें देश की समानता से कोई मतलब नहीं है! इसलिए वे यह भी कह रहे हैं कि यदि हिंदू विवाह कानून को आधार बनाकर यूसीसी लागू किया गया तो वह मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन होगा। ओवैसी इतना कहने के बाद भी नहीं रुकते हैं, इसके अलावा भी वे बहुत कुछ कहते हैं। देखा जाए तो पहली नजर में ये बातें धार्मिक स्वतंत्रता की चिंता के रूप में सामने आती हैं, लेकिन गहराई से देखने पर यह तर्क कई स्तरों पर सवालों के घेरे में आ जाता है।

ओवैसी का सबसे बड़ा तर्क यह है कि यूसीसी के नाम पर हिंदू कानून मुसलमानों पर लागू किया जाएगा, लेकिन यह तर्क स्वयं ही गलत आधार पर खड़ा है। समान नागरिक संहिता का अर्थ किसी एक धर्म के कानून को दूसरे धर्म पर थोपना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है; एक ऐसा नागरिक कानून जो सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू हो, चाहे उनका धर्म कोई भी हो। इसमें विवाह, तलाक, गोद लेना, उत्तराधिकार और संपत्ति जैसे मामलों में समान नियम लागू होते हैं। आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस व्यवस्था को समानता और लैंगिक न्याय को मजबूत करने का माध्यम माना जाता है।

यदि वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो दुनिया के अधिकांश देशों में किसी न किसी रूप में समान नागरिक कानून लागू है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनिया में लगभग 193 देश हैं और इनमें से बड़ी संख्या में विवाह, तलाक और संपत्ति के मामलों में धर्म आधारित अलग-अलग कानून नहीं हैं। उदाहरण के लिए फ्रांस, जर्मनी, इटली, सपेन, पुर्तगाल, जापान, स्विट्ज़रलैंड, ब्राजील, रूस, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों में एक ही सिविल कोड सभी नागरिकों पर लागू होता है।

फ्रांस में तो इसे 1804 में ही लागू कर दिया था, नेपोलियन सिविल कोड आधुनिक सिविल कानून की नींव के चलते आगे इसके कारण से यूरोप और लैटिन अमेरिका के कई देशों की कानूनी व्यवस्था प्रभावित हुई। इन देशों में विवाह केवल सिविल प्रक्रिया के माध्यम से ही मान्य होता है और तलाक तथा संपत्ति के अधिकार भी एक समान कानून से नियंत्रित होते हैं। यही कारण है कि आधुनिक लोकतांत्रिक देशों में धर्म और कानून को अलग रखने की प्रवृत्ति अधिक मजबूत दिखाई देती है।

प्रश्न यह है कि यदि दुनिया के अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में नागरिक कानूनों को धर्म से अलग रखा गया है और सभी नागरिकों पर ये समान रूप से लागू होते हैं। वहां यदि इन समान कानूनों को लोकतंत्र और आधुनिकता का प्रतीक माना जाता है, तब भारत में इसे धर्म पर हमला बताना कितना तर्कसंगत है?

ऐसे में कहना यही होगा कि ओवैसी के बयान देखने में भले ही कानूनी तर्क की बात धार्मिक पहचान के आधार पर करता हुआ दिखाई दे, लेकिन यह सीधे तौर पर राजनीति है। जब वे कहते हैं कि मुझे अपने धर्म के मुताबिक चलना चाहिए, तो यह तर्क व्यक्तिगत धार्मिक स्वतंत्रता की बात तो करता है, लेकिन यह भी सवाल उठाता है कि क्या नागरिक कानून केवल धार्मिक पहचान के आधार पर तय होना चाहिए? अवैसी ये कैसे भूल सकते हैं कि भारत एक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश है, यहां कानून का आधार नागरिकता है, न कि धर्म? अगर हर समुदाय अपने-अपने धार्मिक कानूनों के अनुसार अलग कानूनी व्यवस्था की मांग करेंगे तब फिर देश में समानता का संवैधानिक सिद्धांत कहां रह जाता है? यही कारण है कि संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों में अनुच्छेद 44 के तहत समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कही गई है। संविधान निमार्ताओं का मानना था कि एक आधुनिक राष्ट्र-राज्य में नागरिकों के लिए समान कानून होना चाहिए।

यह भी ध्यान देने वाली बात है कि दुनिया के कई मुस्लिम-बहुल देशों में भी पारिवारिक कानून में बड़े सुधार हुए हैं। उदाहरण के लिए तुर्की ने 1926 में आधुनिक नागरिक कानून अपनाया और शरिया अदालतों को समाप्त कर दिया। इसी तरह ट्यूनीशिया ने 1956 में पर्सनल स्टेटस कोड लागू किया, जिसके तहत बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाया गया और महिलाओं को अधिक अधिकार दिए गए।

इस प्रकार वैश्विक अनुभव यह बताता है कि समान नागरिक संहिता की अवधारणा मुख्य रूप से आधुनिक राष्ट्र-राज्य की उस सोच से जुड़ी है जिसमें नागरिकों को धर्म के आधार पर अलग-अलग कानूनों के बजाय एक समान कानूनी ढाँचे के अंतर्गत रखा जाता है।

# गैस की किल्लत : झारखंड के कोयले से रोशन होगी विकास की राह




रांची हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय हालात ने ऊर्जा सुरक्षा को लेकर नई चिंता पैदा कर दी है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और आपूर्ति में दिक्क्त के कारण रसोई गैस की उपलब्धता कई देशों में प्रभावित होने लगी है। इसका असर झारखण्ड समेत देश के अन्य बाजारों में भी महसूस किया जा रहा है। कुछ शहरों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसके चलते होटल, ढाबे और छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठान वैकल्पिक ईंधन की ओर रुख करने लगे हैं। ऐसी परिस्थितियों में यह एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि किसी भी देश के लिए ऊर्जा के विभिन्न स्त्रोतों का संतुलित उपयोग कितना आवश्यक है। भारत में लंबे समय से कोयला ऊर्जा का एक भरोसेमंद स्त्रोत रहा है। देश के अधिकतर ताप विद्युत संयंत्र कोयले से संचालित होते हैं और यही बिजली उद्योग, परिवहन और घरेलू जरूरतों की बड़ी मांग को पूरा करती है।

रसोई गैस के इस संकट के बीच इंडक्शन के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। लेकिन इसके सुचारु संचालन के लिए लगातार बिजली की जरूरत होती है। भारत में इस स्थिर बिजली आपूर्ति की व्यवस्था अभी भी बड़े पैमाने पर कोयले से ही संभव हो पाती है। इसलिए ऊर्जा व्यवस्था में कोयले की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

झारखंड कोयला संपदा के लिए जाना जाता है। यहां के खनन क्षेत्र राष्ट्रीय ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यदि आधुनिक तकनीक और पारदर्शी व्यवस्था के साथ खनन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए, तो इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के बड़े अवसर पैदा हो सकते हैं। खनन और उससे जुड़े परिवहन, सेवा और छोटे व्यवसायों से बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका जुड़ सकती है।

हालांकि, झारखंड में अवैध कोयला खनन की समस्या भी समय-समय पर सामने आती रही है। रामगढ़, हजारीबाग और धनबाद समेत अन्य कोयल बहुल जिलों में होने वाला यह अवैध खनन न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सुरक्षा और पर्यावरण के लिहाज से भी चुनौती पैदा करता है। यदि इस अवैध गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए और खनन को व्यवस्थित ढांचे के तहत संचालित किया जाए, तो इससे राज्य और केंद्र सरकार दोनों को राजस्व प्राप्त होगा और स्थानीय लोगों को सुरक्षित रोजगार के अवसर मिलेंगे। दुनिया की वर्तमान परिस्थिति यह संकेत देती हैं कि भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए घरेलू संसाधनों का बेहतर उपयोग करना होगा। कोयला जैसे संसाधनों का जिम्मेदारी और संतुलन के साथ उपयोग न केवल ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत कर सकता है, बल्कि क्षेत्रीय विकास और रोजगार के नए रास्ते भी खोल सकता है। यही संतुलित दृष्टिकोण देश की अर्थव्यवस्था को स्थिरता देने में सहायक साबित हो सकता है।

## दैनिक पंचांग

18 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मीन | 05.56 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मेष | 07.31 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.11 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.09 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 13.23 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 15.39 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 17.51 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.01 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.16 ब.से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | धनु | 00.32 बजे से |
| | | मकर | 02.37 बजे से |
| | | कुंभ | 04.24 बजे से |

**बुधवार** 2026 वर्ष का 77 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 08.26 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 06.09 बजे तदनन्तर पूर्वाभाद्रपदा 05.21 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** साध्य 06.22 बजे तदनन्तर शुभ 04.01 बजे रात्र को समाप्त। **करण** शकुनि 08.26 बजे तदनन्तर चतुष्पद 19.44 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 01° 02' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872652 **जूलियन दिन** 2461117.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रमजान **तारीख** 28 **विशेष** दर्श अमावस्या।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

**एक नजर**

### प्रखंड स्तरीय आस्टियोआर्थराटिस एवं मस्कुलोस्केलेटल कैंप का आयोजन



**सिमडेगा** : कुरडेग, प्रखंड के खालिजोर बाजार पर मंगलवार को जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुभद्रा कुमारी के निदेर्शानुसार आस्टियोआर्थराटिस एवं मस्कुलोस्केलेटल कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर आयोजित करने का उद्देश्य आम जनों को आयुष पद्धति जैसे योग, आयुर्वेद, एवं होम्योपैथिक द्वारा स्वस्थ्य लाभ पहुंचाना है। आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आशीष उरांव के देख रेख में 112 मरीजों का बी पी,सूगर जांच कर नि : शुल्क दवा वितरण किया गया।आम जनों को योग के विभिन्न विधाओं, खान-पान एवं समुचित दिनचर्या पर योग शिक्षक घनश्याम जी एवं जयशीला जी ने बताया। शिविर में आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आशीष उरांव, योग शिक्षक, सहिया साथियों का प्रमुख भूमिका रहा।

### इंटर स्टील बैडमिंटन चैम्पियनशिप का हुआ आयोजन

**बोकारो** : स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड के तत्वावधान एवं बीएसएल के क्रीडा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग की मेजबानी में 17 मार्च से सेक्टर-03 स्थित स्टील क्लब एंड रिक्रिएशन सेन्टर में इंटर स्टील बैडमिंटन चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इंटर स्टील बैडमिंटन चैम्पियनशिप - का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक अनुप कुमार दत्त के द्वारा किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक श्री सी आर के सुधांशु, महाप्रबंधक धर्मेंद्र कुमार, उप महाप्रबंधक आलोक कुमार उपस्थित थे। इंटर स्टील बैडमिंटन चैम्पियनशिप में बोकारो स्टील प्लांट सहित भिलाई स्टील प्लांट, दुगार्पुर स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, इस्को स्टील प्लांट, सलेम स्टील प्लांट, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, टाटा स्टील तथा जेएसडब्ल्यू बेल्लारी की कुल 09 टीमें भाग लेंगी। चैम्पियनशिप का फाइनल मैच 19 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

### जंगलों मे असामाजिक तत्वों के द्वारा लगाई जा रही आग, अगर पकड़े जाने पर होंगी जेल



**बोकारो** : जिला के गोमिया झेत्र मे लगातर असामाजिक लोगो के द्वारा आग लगा दिया जा रहा जिसे पुरे जंगल मे फैलता जा रहा है वन विभाग के आईएफएस संदीप सिंडे सभी झेत्रो मे घूम कर देख रहे है और आग को बुझाने का भी काम करावा रहे है संदीप सिंडे ने कहा की महुआ चुने के लिये लोग आते है और कुछ लोग आग लगा के फरार हो जा रहे है ये लोग नहीं जानते है की जंगल को जिस तरह से खत्म कर रहे है ये बहुत नही गलत कर रहे जितने भी जानवर है खास कर हाथी जो अभी घूम रहे है ये सब जब घरों के तरफ जायेगे और लोगो का घरों को नष्ट करेंगे लोगो का जान लेगे तब क्या होगा ये कहना बहुत ही मुश्किल है हम ग्रामीनो से भी अपील करते है ऐसे लोगो पर नजर रखे और तुरंत हमलोगो को सुचना दे उनलोगो को भी मे बोल रहा हूँ जो जंगलों मे आग लगा कर भाग जा रहे है अगर जब भी पकड़ा जायेगे उनको सिंधे जेल भेजनें का काम करगे।

# हेरिटेज सेंटर में क्रिएटर्स मीट का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : जिले के सिमडेगा हेरिटेज सेंटर-सह-म्यूज़ियम परिसर में "CREATOR'S Meet" का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सोशल मीडिया क्रिएटर्स– इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब शॉट्र्स वीडियो बनाने वाले युवाओं–की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के पर्यटन स्थलों, सांस्कृतिक धरोहरों एवं हेरिटेज सेंटर-सह-म्यूज़ियम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए क्रिएटर्स को प्रेरित करना था। इस अवसर पर उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती कंचन सिंह, उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी एवं अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र ने उपस्थित क्रिएटर्स को डायरी, सिमडेगा टूरिज्म कैलेंडर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।



कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सिमडेगा हेरिटेज सेंटर-सह-म्यूज़ियम केवल एक प्रदर्शनी स्थल नहीं, बल्कि जिले के सामाजिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक विकास का एक समग्र मंच है। उन्होंने बताया कि इस केंद्र को चार प्रमुख उद्देश्यों के साथ विकसित किया गया है। पहला, जिले के इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत का संग्रह, संरक्षण एवं प्रदर्शन, ताकि स्थानीय लोग अपनी जड़ों से जुड़ सकें। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बिखरी ऐतिहासिक वस्तुओं एवं तथ्यों को भी एकत्रित करने की पहल की जा रही है। दूसरा, यहाँ स्थापित लाइब्रेरी के माध्यम से विशेषकर युवाओं को पाठ्यक्रम से इतर विश्व साहित्य, क्लासिक कृतियों और ज्ञानवर्धक पुस्तकों तक पहुँच उपलब्ध कराना है, जिससे उनमें पढ़ने की संस्कृति विकसित हो सके। तीसरा, महिला मंडलों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर उन्हें लाइब्रेरी, म्यूज़ियम एवं फूड कोर्ट के संचालन की जिम्मेदारी देकर आर्थिक, सामाजिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त बनाना है। चौथा, इस पूरे परिसर को एक जीवंत कम्युनिटी स्पेस के रूप में विकसित करना है, जहाँ नागरिक अपने अवकाश के समय में आकर सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भाग ले सकें और संवाद का एक साझा मंच तैयार हो सके। उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ने कहा कि यह म्यूज़ियम केवल प्रदर्शनी का केंद्र नहीं, बल्कि ज्ञान, संवाद और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में व्यक्तित्व विकास, भाषा कौशल और सामाजिक समझ को बढ़ाने वाली पुस्तकों का संग्रह किया गया है। जल्द ही बारकोडिंग एवं डिजिटल सिस्टम लागू होने के बाद यह सुविधा और अधिक सुलभ हो जाएगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से लाइफटाइम मेंबरशिप लेकर इस सुविधा का निःशुल्क लाभ उठाने की अपील की। साथ ही परिसर में विकसित लॉन को सीमित शर्तों के तहत छोटे आयोजनों के लिए उपलब्ध कराने पर भी विचार किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में प्रशासन ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों एवं कंटेंट क्रिएटर्स से अपील की कि वे इस पहल के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें। इस दौरान कई कंटेंट क्रिएटर यूट्यूब वरुण द्वारा अपनी अनुभव में साझा की गई, इस दौरान उन्होंने जिले के पर्यटन स्थलों सहित अन्य कार्यक्रमों एवं जिले की इतिहास एवं परंपराओं को प्रचार प्रसारित करने हेतु प्रशासनिक सहयोग देने की बात कहीं।

## फिटनेस और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए बीएसएल आयोजित करेगा साइक्लोथॉन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : देशव्यापी फिट इंडिया मूवमेंट के अनुरूप, बोकारो स्टील प्लांट 29 मार्च 2026 को बोकारो साइक्लोथॉन 2026 का आयोजन करने जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन में फिटनेस, एक्टिव मोबिलिटी और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना है। यह साइक्लोथॉन लोगों को साइकिलिंग को एक स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा, साथ ही सामुदायिक भागीदारी और स्वस्थ जीवनशैली की संस्कृति को भी प्रोत्साहित करेगा। 14 किलोमीटर की यह प्रतियोगिता प्रातः 6:30 बजे सेक्टर-4 स्थित आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर के निकट से प्रारंभ होगी. प्रतिभागियों को निर्धारित मार्ग पर दो राउंड पूरे करने होंगे, जिसमें पथरकट्टा चौक, राम मंदिर, राजेंद्र चौक और गांधी चौक शामिल हैं, और अंत में वे पुनः प्रारंभिक स्थल पर लौटेंगे। प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला वर्गों में चार आयु श्रेणियों–14 वर्ष तक, 14 से 30 वर्ष, 30 से 50 वर्ष तथा 50 वर्ष से अधिक में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिसमें प्रथम पुरस्कार 5,000, द्वितीय 3,500 और तृतीय 2,000 निर्धारित है। इस आयोजन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आधिकारिक वेबसाइट www.bokaromarathon.com पर प्रारंभ हो चुका है, जो 24 मार्च 2026 तक खुला रहेगा। ऑनलाइन पंजीकरण के समय 100 का नाममात्र शुल्क देना होगा। इस आयोजन में अधिकतम 750 लोगों को ही भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। चेस्ट/बिब नंबर एवं टी-शर्ट का वितरण 26 से 28 मार्च के बीच नगर सेवा भवन, बोकारो में रसीद एवं वैध आयु प्रमाण प्रस्तुत करने पर किया जाएगा।

## 'जीविका सृजन शक्ति प्रोड्यूसर कंपनी' का शुभारंभ, ग्रामीण आजीविका को मिलेगा बढ़ावा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जीविका सृजन शक्ति प्रोड्यूसर कंपनी का शुभारंभ वेदांता ईएसएल आर्चरी अकादमी, 16 खाता में किया गया। यह पहल ईएसएल स्टील लिमिटेड द्वारा प्रोजेक्ट जीविका के तहत समर्थित है, जिसमें एटढ बिंदी इंटरनेशनल एसोसिएशन सहयोग प्रदान कर रही है। यह प्रोड्यूसर कंपनी स्थानीय उत्पादकों को एक संगठित, सदस्य-आधारित संस्था के रूप में जोड़ने के लिए बनाई गई है। इसका उद्देश्य बाजार तक बेहतर पहुंच, मोलभाव की क्षमता में वृद्धि और ग्रामीण समुदायों के लिए स्थायी आय के अवसर पैदा करना है। यह मंच उत्पादकों को सामूहिक रूप से



काम करने, मजबूत वैल्यू चेन बनाने और दीर्घकालिक आर्थिक विकास की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगा। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक तरीके से हुई, जिसमें ईएसएल नेतृत्व श्री रवीश शर्मा, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक, और श्री कुणाल दारिपा, प्रमुख का स्वागत आदिवासी गीतों के माध्यम से किया गया। इसके बाद आरती समारोह और ग्रामीणों द्वारा हस्तनिर्मित घास के मुकुट भेंट किए गए। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर प्रोड्यूसर कंपनी के सदस्य, ईएसएल स्टील लिमिटेड के प्रतिनिधि, सीएसआर टीम, एटढ बिंदी इंटरनेशनल एसोसिएशन, सामुदायिक नेता और अन्य हितधारक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कंपनी का विजन, संचालन संरचना और पहले वर्ष की कार्ययोजना साझा की गई। कुणाल दारिपा ने प्रोजेक्ट जीविका के तहत मशरूम उत्पादन और अन्य आजीविका पहलों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

## पीएम श्री विद्यालय बासेन में सांस्कृतिक आदान-प्रदान कला उत्सव एवं खान-पान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : पीएम श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय बासेन में सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, कला उत्सव एवं खान-पान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। पीएम श्री विद्यालय के रूप में विकसित होने के बाद लगातार दूसरे वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहाँ विद्यार्थियों के अलावा बासेन विद्यालय के पोषक गांवों की सात नृत्य मंडलियों तथा सिमडेगा से आए कलाकारों की टीम ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक विविधता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय



परिवार की ओर से पारंपरिक तरीके से किया गया। सभी अतिथियों को बैज पहनाकर तथा चंदन एवं कटहल के पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गान से गरिमामय वातावरण में हुई। सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं ने विभिन्न लोक नृत्य, गीत, नाटक एवं पारंपरिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें झारखंड की लोक संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इसके अलावा असमिया, संबलपुरी, मदार्नी, भरतनाट्यम, पंजाबी, गोंडी एवं फगुआ नृत्य की प्रस्तुतियों के माध्यम से विभिन्न संस्कृतियों के बीच आपसी समझ और सम्मान का संदेश दिया गया। कला उत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स, हस्तशिल्प, मॉडल एवं अन्य रचनात्मक कृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इन कलाकृतियों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और विद्यार्थियों की सृजनात्मक क्षमता को उजागर किया।

## नगर परिषद में उपाध्यक्ष चुनाव संपन्न दीपक कुमार अग्रवाल बने उपाध्यक्ष



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : सिमडेगा नगर परिषद में उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस पद के लिए वार्ड 12 के पार्षद दीपक कुमार अग्रवाल , वार्ड 8 के पार्षद कुलदीप किंडो एवं वार्ड 17 के पार्षद चन्दन कुमार डे ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। मतदान के बाद परिणाम में दीपक कुमार अग्रवाल को 9 मत, कुलदीप किंडो को 8 मत एवं चन्दन कुमार डे को 3 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार दीपक कुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव परिणाम के उपरांत अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र द्वारा निर्वाचित उपाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की उपस्थिति में नगर परिषद अध्यक्ष ओलिभर लकड़ा ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो सहित सभी वार्ड सदस्यों एवं मिडिया कर्मी गण उपस्थित रहे।

## जमीन के अवैध हस्तांतरण के खिलाफ आदिवासी संगठनों ने दिया धरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : जिले में आदिवासी जमीन के कथित अवैध हस्तांतरण को लेकर सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों ने मंगलवार को आदिवासी समन्वय समिति के बैनर तले जिला मुख्यालय के समक्ष जल, जंगल, जमीन बचाओ के नारे के साथ धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग और संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए। धरने के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप और कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक भोला पाहन, संयोजक बिंसाय मुंडा, मार्शल बारला, चंद्र प्रभात मुंडा, विश्वकर्मा उरांव, मंगू मुंडा, दामु मुंडा और जॉनसन होरो सहित अन्य शामिल थे। ज्ञापन की प्रतिलिपि राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है। ज्ञापन में



आरोप लगाया गया है कि जिले में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा-46 (ए) और पेसा कानून 1996 के प्रावधानों का खुलेआम उल्लंघन करते हुए बड़े पैमाने पर आदिवासी जमीन का गैर-कानूनी हस्तांतरण किया जा रहा है। इसमें जमीन दलालों, भू-माफियाओं और कुछ स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत का भी आरोप लगाया गया है। संगठनों का कहना है कि आदिवासी रैयतों को डराकर, बहला-फुसलाकर और फर्जी दस्तावेजों के जरिए सादा पट्टा पर जमीन की खरीद-बिक्री की जा रही है, जो पूरी तरह अवैध है। यह स्थिति अब स्थानीय समुदाय के अस्तित्व और अधिकारों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि पेसा कानून के तहत ग्रामसभा को गैर-कानूनी भूमि हस्तांतरण रोकने और जमीन की वापसी का अधिकार प्राप्त है, लेकिन प्रशासन कई मामलों में ग्रामसभा की अनुमति के बिना ही कार्रवाई कर रहा है, जो कानून का उल्लंघन है। खूंटी जिले के 156 खुटकट्टी गांवों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि इन क्षेत्रों में जमीन, जंगल और प्राकृतिक संसाधनों पर समुदाय का पारंपरिक अधिकार है, जिसे नजरअंदाज किया जा रहा है। साथ ही उच्चतम न्यायालय के समता (1997) और नियमगिरी (2013) फैसलों का हवाला देते हुए कहा गया कि अनुसूचित क्षेत्रों में सरकार जमीन की मालिक नहीं, बल्कि संरक्षक होती है, बावजूद इसके सामुदायिक जमीन को सरकारी बताकर बंदोबस्ती किए जाने के आरोप लगाए गए हैं।

धरना को संबोधित करते हुए मार्शल बारला ने कहा कि जल, जंगल और जमीन का मुद्दा आज सबसे बड़ा सवाल बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि रांची की तर्ज पर अब खूंटी में भी जमीन माफिया सक्रिय हो गए हैं और अधिकारियों की मिलीभगत से आदिवासियों की जमीन की खरीद-बिक्री की जा रही है। चंद्र प्रभात मुंडा ने कहा कि सरकार ने आदिवासी जमीन की सुरक्षा के लिए सीएनटी एक्ट जैसे कई कानून बनाए हैं, लेकिन हाल के दिनों में ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए जमीन की प्रकृति बदलकर अवैध खरीद-बिक्री की जा रही है। इससे न केवल आदिवासी बल्कि मूलवासी समुदाय भी प्रभावित हो रहा है और सामाजिक सौहार्द पर भी असर पड़ रहा है। समिति की मुख्य मांगों में जमीन हस्तांतरण से पहले ग्रामसभा की अनिवार्य अनुमति सुनिश्चित करने, अवैध हस्तांतरण पर रोक लगाने, लंबित मामलों का जल्द निष्पादन कर जमीन वापस दिलाने और पेसा कानून 1996 और सीएनटी एक्ट का सख्ती से पालन कराना शामिल है।

**संक्षिप्त खबरें**

### सिमडेगा में रोजगार मेले का आयोजन, 63 अभ्यर्थियों का चयन



**सिमड़ेगा** : जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर सिमडेगा के तत्वाधान में मंगलवार को जिला नियोजनालय कार्यालय में आयोजित किया गया रोजगार मेला 11 विभिन्न स्थानीय संस्थानों में नियुक्ति हेतु हुए 63 अभ्यर्थी चयनित। रोजगार मेले में कई स्थानीय और झारखंड राज्य के बाहर के 11 नियोक्ता सम्मिलित हुए। मेले में सम्मिलित नियोक्ताओं में प्रेजा फाउंडेशन, सेवा सहयोग, एल. आई. सी., प्रथम फाउंडेशन, एक्सेल डेटा सर्विसेज, रांची सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड, शिक्षा, आस्क एच आर सॉल्यूशंस, प्रेमसंस बजाज, बेस्ट कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड और इंडियन डिजाइन एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड उपस्थित रहे जिन्होंने विभिन्न पोस्ट में नियुक्तियां हेतु ऑन - स्पॉट इंटरव्यू लिया। रोजगार मेले में कुल 244 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 125 अभ्यर्थियों को किया गया शॉर्ट लिस्ट और 63 उम्मीदवार चयनित' उक्त कार्यक्रम में जिला नियोजनालय और आई टी आई सिमडेगा के स्टाफ उपस्थित थे ।

### दीपक की जीत पूरे सिमडेगा नगर की जनता के उम्मीदों की जीत : जोसिमा खाखा



**सिमडेगा** : पाकरटांड जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जोसिमा खाखा ने समाहरणालय पहुंच नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल से मुलाकात कर उन्हें जीत की शुभकामनाएं दीं। जोसिमा खाखा ने दीपक अग्रवाल को बुके भेंट कर, फूल माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद के सभी निर्वाचित वार्ड पार्षदों को भी जीत की बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि यह जीत पूरे सिमडेगा नगर की जनता की उम्मीदों की जीत है। हमें विश्वास है कि दीपक अग्रवाल सभी जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर चलेंगे और शहर के समग्र विकास के लिए ठोस कदम उठाएंगे। अब समय है राजनीति से ऊपर उठकर विकास की बात करने का। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के सभी वार्ड पार्षद मिलकर काम करें, तभी सिमडेगा को एक बेहतर और विकसित शहर बनाया जा सकता है। जनता ने जो भरोसा दिया है, उस पर खरा उतरना हम सबकी जिम्मेदारी है। इधर जोसिमा के साथ कांग्रेस सेवा दल का अध्यक्ष सह जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, कांग्रेस महिला सेवा दल की अध्यक्ष सह जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा, कांग्रेस किसान मोर्चा के अध्यक्षसह प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, उपाध्यक्ष प्रमुख रजत लकड़ा, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष लखन गुप्ता, मो अरमान ने भी दीपक कुमार अग्रवाल एवं सभी वार्ड पार्षदों को बधाई दी। विजय जुलूस में भी शामिल हुई जोसिमा खाखा इधर जोसिमा खाखा ने दीपक अग्रवाल के विजय जुलूस में भी शामिल होकर उनकी जीत की खुशी में सहभागी बनीं। विजय जुलूस के दौरान उन्होंने कार्यकताओं और समर्थकों का उत्साहवर्धन किया तथा जीत को जनता की ताकत बताया। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने भी एकजुटता और सहयोग के इस संदेश का स्वागत किया। विजय जुलूस में जमकर आतिशबाजी भी की गई।

### नगर निगम में उपमहापौर एवं फुसरो नगर परिषद में उपाध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न



**बोकारो** : चास नगर निगम में वार्ड संख्या 22 की पूजा कुमारी एवं वार्ड संख्या 15 के अमर स्वर्णकार के बीच उपमहापौर पद के लिए मतदान हुआ। कुल 35 वार्ड सदस्यों में से 33 मत वैध पाए गए, जिसमें पूजा कुमारी को 19 मत एवं अमर स्वर्णकार को 14 मत प्राप्त हुए। निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढ़ांडा द्वारा पूजा कुमारी को उपमहापौर निर्वाचित घोषित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके उपरांत, नव निर्वाचित महापौर भोलू पासवान ने उपमहापौर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार, पंकज दुबे एवं सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं, फुसरो नगर परिषद में उपाध्यक्ष पद के लिए हुए निर्वाचन में वार्ड संख्या 01 की रेणु देवी ने एक मत से जीत हासिल की। उन्हें कुल 14 मत प्राप्त हुए, जबकि उनकी प्रतिद्वंदी वार्ड संख्या 16 की रश्मि सिंह को 13 मत मिले। निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो श्री मुकेश मछुआ द्वारा रेणु देवी को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

### ओड़गा ओ पी परिसर में शांति समिति की बैठक



**जलडेगा** : जलडेगा प्रखंड के ओड़गा ओपी परिसर में आगामी श्री रामनवमी,ईद,सरहुल पर्व एवं चैती दुर्गा पूजा को लेकर ओपी प्रभारी प्रभारी सजल धान की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ओपी प्रभारी सजल धान ने कहा कि पर्व के दौरान क्षेत्र में आपसी भाईचारा बनाए रखने के साथ पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि किसी तरह का आपत्तिजनक गाना नहीं बजाया जाए, केवल धार्मिक गाना ही बजना चाहिए। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या अफवाह वाला पोस्ट नहीं करने का हिदायत दिया गया। वही रामनवमी पर्व पर शराब पीकर कोई भी व्यक्ति अपना कला करतब नहीं दिखाने की भी बात कही गई। इस दौरान श्री रामनवमी समिति के द्वारा भरोसा दिलाया गया कि वह प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे और जमीनी स्तर पर शांति बनाए रखने में मदद करेंगे। अंत में उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग और समन्वय से ही सभी पर्व-त्योहार शांति एवं भाईचारे के साथ मनाए जाए। हम सभी की जिम्मेदारी है, कि हम कानून व्यवस्था बना रखने में सहयोग करें। सभी ने एक दूसरे को त्योहारों के अग्रिम बधाई देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### चोरी की घटना को लेकर रेस हुई पुलिस, आधा दर्जन से हुई पूछताछ

**साहिबगंज:** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के पड़रिया बगान में बंद पड़े मकान में बीते रविवार की रात्रि हुई चोरी के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर गहन छानबीन में जुटी हैं। वही इस मामले में राजमहल पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन, तालझारी थाना प्रभारी नितेश पांडेय और राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज थाना पहुंच, थाना आस पास के क्षेत्रों के आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को थाना लाकर पूछताछ करने में जुटे थे। हालांकि थाना पुलिस इस मामले में कुछ भी जानकारी देने से इनकार कर रही हैं। वही सूत्रों की माने तो पुलिस थाना लाए कई युवकों के फिंगर प्रिंट को घटना स्थल से मिलान करने में जुटी हैं और घटना स्थल के आस पास लगे सीसी टीवी को भी खंगाला जा रहा हैं। तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में लगातार चोरी होने से और उसका उद्भेदन नही होने पर पुलिस के सामने इन सभी चोरी की घटना का उद्भेदन करना एक बड़ी चुनौती के रूप में देखा जा रहा हैं। वही लोगो ने किसी एक गिरोह के द्वारा थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना को अंजाम देने का अंदेशा जताया जा रहा हैं। वही लोगों के अंदर क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना से भय का माहौल देखा जा रहा हैं और उद्भेदन नही होने से लोग अब पुलिस पर भी सवाल उठा रहे है।

### बाइक के धक्के से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, रेफर

**साहिबगंज:** राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के निबंधन कार्यालय के पास सोमवार की देर रात एक बाइक के धक्के से एक राहगीर बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गोदारा घाट निवासी दिलीप कुमार झा रात के लगभग 10:30 बजे अपने घर से बाजार की और पैदल आ रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने अनियंत्रित होकर उक्त व्यक्ति को धक्का मार दिया जिससे उक्त व्यक्ति सड़क से दूर जा गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। आनन-फानन में बाइक चालक एवं आसपास के लोगों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर उदय टुडू के द्वारा घायल व्यक्ति का प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस पहुंचकर मामले को लेकर छानबीन में जुट गए थे।

### आयोजित आयुष जांच शिविर में 202 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**पाकुड़ :** आयुष विभाग, पाकुड़ की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयुष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 202 लाभुकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयाँ नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं।
यह शिविर पाकुड़ प्रखंड के लखनपुर, लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड के लिट्टीपाड़ा एवं मधुबन, हिरणपुर प्रखंड के मोहनपुर और नयाग्राम में आयोजित किए गए। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों डॉ प्रेम प्रकाश, डॉ अशोक मेहता, डॉ सौरभ विश्वास, डॉ लवकुश यादव एवं डॉ कुलेश कुमार ने बताया कि जांच शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, जोड़ एवं गठिया रोग, बच्चों से संबंधित रोगों आदि का नि:शुल्क परीक्षण किया गया। साथ ही लाभुकों को मुफ्त दवा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

# प्रशासन पर मनमानी के विरोध में जनप्रतिनिधियों ने दिया धरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय परिसर उस समय गूंज उठा, जब प्रखंड प्रमुख, उप-प्रमुख और पंचायत समिति सदस्यों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पंचायत जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड के पदाधिकारियों, कर्मचारियों और पंचायत सचिवों पर मनमानी, उपेक्षा और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। धरने का नेतृत्व प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन ने किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रखंड प्रशासन उनके सुझावों और समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है। बार-बार आग्रह करने के बावजूद उनकी बातों को न तो सुना जा रहा है और न ही उस पर कोई कार्रवाई की जा रही है, जिससे उन्हें गहरी ठेस पहुंच रही है। उनका आरोप है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है और जनप्रतिनिधियों की भूमिका को नजरअंदाज किया जा रहा है।

प्रमुख पानी सोरेन ने कहा कि कार्यकाल के तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी पंचायत समिति सदस्यों को कोई महत्व नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बीडीओ पर मनमानी करने और जनहित से जुड़े मामलों को ठंडे बस्ते में डालने का आरोप लगाया। वहीं, पंचायत सचिवों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि नवनियुक्त सचिव प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते और विकास योजनाओं की जानकारी भी साझा नहीं करते।

धरना दे रहे सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेजों को जारी करने में जानबूझकर देरी की जाती है। इससे आम लोगों, खासकर गरीब ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इस तरह की कार्यप्रणाली के कारण वे अपने क्षेत्र की जनता को जवाब देने में असमर्थ हो रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान भ्रष्टाचार का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। सदस्यों ने आरोप लगाया कि जाति, आय, आवासीय और जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर खुलेआम रिश्वत ली जा रही है। उन्होंने कहा कि जो लोग पैसे देते हैं, उनका काम तुरंत हो जाता है, जबकि अन्य लोगों को हफ्तों तक भटकना पड़ता है। उन्होंने इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रखंड प्रमुख ने चेतावनी देते हुए कहा कि इन समस्याओं को पहले भी उपायुक्त के समक्ष रखा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन उनकी 09 सूत्री मांगों पर जल्द ठोस कदम नहीं उठाता है, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा और प्रखंड कार्यालय का कामकाज पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा।

## रमजान के पाक महीने में असलम एजुकेशनल सेंटर में हुआ सामूहिक इफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** रमजान के पवित्र माह के अवसर पर शहर के असलम एजुकेशनल सेंटर में सोमवार को सामूहिक इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक अखिल अख्तर की पहल पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों, समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से आपसी भाईचारा, सौहार्द और एकता का संदेश दिया गया। इफ्तार से पूर्व सभी रोजेदारों ने इबादत की और अजान के बाद खजूर व अन्य पारंपरिक व्यंजनों के साथ रोजा खोला। इस दौरान देश, प्रदेश और क्षेत्र की अमन-चैन तथा खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि रमजान का महीना इंसानियत, भाईचारे और जरूरतमंदों की मदद करने की सीख देता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अखिल अख्तर ने कहा कि रमजान का महीना सब्र, त्याग और इबादत का महीना है। इस पवित्र महीने में ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और एकजुटता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों और समुदायों के लोगों को मिल-जुलकर समाज में शांति और भाईचारा कायम रखने के लिए आगे आना चाहिए। वहीं अंत में सामूहिक दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें देश और समाज की तरक्की व खुशहाली की कामना की गई। आयोजन को सफल बनाने में असलम एजुकेशनल सेंटर के सदस्यों और स्थानीय लोगों की अहम भूमिका रही।

## 15वें वित्त आयोग की राशि व्यय को लेकर प्रखंड स्तर पर व्यापक समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** जिला प्रशासन के निदेशानुसार प्रखंड अमड़ापाड़ा, लिट्टीपाड़ा एवं हिरणपुर में 15 वें वित्त आयोग की राशि के प्रभावी एवं समयबद्ध उपयोग को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परियोजना प्रबंधक, ई-पंचायत आनंद प्रकाश द्वारा की गई। बैठक के दौरान डीपीएम ई-पंचायत ने सभी पंचायतों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। लंबित योजनाओं, स्वीकृत कार्यों एवं वित्तीय प्रगति का गहन विश्लेषण करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए कि 15 वें वित्त आयोग की राशि का शत-प्रतिशत उपयोग 31 मार्च तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। जिला परियोजना प्रबंधक ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह राशि ग्राम पंचायतों के समग्र विकास का आधार है। सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करें। बैठक में डीपीएम ने कहा कि सभी लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। वित्तीय प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। तकनीकी स्वीकृति एवं मापी कार्य में अनावश्यक विलंब न हो। पंचायत स्तर पर दैनिक प्रगति रिपोर्ट संधारित की जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी/कर्मी के विरुद्ध सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

## रामनवमी, ईद और सरहुल को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** आने वाले दिनों में होने वाले रामनवमी, ईद, सरहुल सहित अन्य त्योहारों के लिए मंगलवार को तोरपा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अंचलाधिकारी पूजा बिनहा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रामनवमी महासमिति के अधिकारियों ने श्रीरामनवमी महोत्सव के दौरान अष्टमी, नवमी और दशमी तिथि को होने वाले विविध आयोजनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रामनवमी महासमिति के नीरज जायसवाल ने बताया कि श्रीरामनवमी महोत्सव के दौरान 24 मार्च की रात में मंगलवारी जुलूस निकाला जाएगा और 27 मार्च को रामनवमी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। दशमी के मौके पर 28 मार्च को हनुमान मंदिर के सामने अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें बाहर की मंडलियां भी शामिल होंगे। अंजुमन इस्लामिया के सदर मो अख्तर खान ने बताया कि ईद का चांद दिखने पर निर्भर है कि ईद 20 या 21 मार्च को मनाई जाएगी। मुखिया जॉन टोपनो ने बताया कि तोरपा में सरहुल मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा।
बैठक में त्योहारों के दौरान साफ सफाई, निर्बाध बिजली और पानी की आपूर्ति की मांग की गई। अंचलाधिकारी पूजा बिनहा ने लोगों से आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देते हुए इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। उन्होंने यह भी कहा कि समिति के लोग भी अपने स्तर से वॉलिंटियर्स की नियुक्ति कर असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखें और कहीं से भी कोई अप्रिय स्थिति की जानकारी मिलती है तो तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दें।

## शिक्षा योजनाओं की समीक्षा को लेकर डीसी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** समाहरणालय सभागार में डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शिक्षा योजनाओं और कार्यों की गहन समीक्षा की गई। डीसी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शिक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। बैठक में डीसी ने आपार एंट्री स्टेटस, शिक्षकों की उपस्थिति, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सहित विद्यालय प्रबंधन समिति की राशि के समुचित उपयोग पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बच्चों को पिछली तीन वर्षों के पाठ्यवस्तु का दोहराव कराते हुए उनकी बुनियादी समझ को मजबूत किया जाए ताकि शिक्षा में आई रुकावट को दूर किया जा सके।इसके अलावा विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, मिड-डे मील की गुणवत्ता, पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, छात्रवृत्ति भुगतान आदि बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। डीसी ने कहा कि योजनाओं का लाभ छात्रों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुँचना चाहिए और इसके लिए समय-समय पर निगरानी आवश्यक है। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी उर्मिला हांसदा समेत बीईओ, बीपीओ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर योजनाओं की प्रगति की निगरानी करें और किसी भी तरह की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक चालक की दर्दनाक मौत, मौके पर ही तोड़ा दम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के राधानगर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके को स्तब्ध कर दिया। उधवा कचहरी पुल से पियारपुर बाजार जाने वाली मुख्य सड़क पर स्टोन चिप्स लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

**सुबह 7 बजे हुआ हादसा**

यह हादसा मंगलवार सुबह करीब 7 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर चिप्स लादकर उधवा पुल से पियारपुर की ओर जा रहा था। उसी दौरान कटहलबाड़ी बाजार निवासी 35 वर्षीय अनसारूल मोमिन अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक से उधवा चौक की ओर जा रहे थे। इसी बीच अचानक ट्रैक्टर की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**ट्रैक्टर पलटा, युवक की गई जान**

टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में बाइक सवार अनसारूल मोमिन को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

मृतक अनसारूल मोमिन मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने पीछे तीन पुत्रियों और एक पुत्र को छोड़ गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

**पुलिस जांच में जुटी**

घटना की सूचना मिलते ही राधानगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक शिवानंद प्रसाद दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच भी की जा रही है।

**सड़क सुरक्षा पर उठे सवाल**

इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और भारी वाहनों की लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहन चलते हैं, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है।

**सतर्कता की जरूरत**

लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाएं यह संकेत देती हैं कि ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है। साथ ही प्रशासन को भी ऐसे क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### 19 से चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ



**साहिबगंज:** जिले में 19 मार्च से चैत्र नवरात्री शुरू हो रहा है। इस दिन हिन्दू/हिन्दी नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरूआत हो रही है। इस बार हिंदू नववर्ष गुरुवार को पड़ रहा है, इसलिए इस साल के राजा देवगुरु बृहस्पति होंगे। शहर में नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरूगढ़ चैती दुर्गा मंदिर, रसूलपुर दहला चैती दुर्गा मंदिर, चौक बाजार दुर्गा मंदिर ओर जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में जिरवाबाड़ी तुरी टोला चैती दुर्गा मंदिर में धूमधाम से चैती दुर्गा पूजा और मेला का आयोजन किया जाता है। पूजा समिति की ओर से भव्य पूजा पंडाल, आकर्षक प्रतिमा ओर विद्युत साज सज्जा सहित भव्य पूजा मेला आयोजन करने की तैयारी की जा रही है। बाजार भी सज धज कर तैयार है। वही चार दिवसीय सूर्य उपासना लोक आस्था नेम निष्ठा का महापर्व चैती छठ पूजा की शुरूआत 22 मार्च को नहाय खाय कद्दू भात से शुरू होगा, 23 मार्च को खरना, 24 मार्च को संध्या अर्ध, 25 मार्च को उगते हुए सूर्य को अर्ध देकर पारण है। 25 मार्च महासप्तमी के दिन मां चैती दुर्गा का पट भक्तों के लिए खुलेगा।

### नगर थाना परिसर में रामनवमी, ईद व सरहुल पर्व को लेकर हुई शांति समिति की हुई बैठक



**साहिबगंज:** नगर थाना परिसर में मंगलवार को ईद, रामनवमी व सरहुल पर्वों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की नी की, जिसमें सभी समुदायों के लोगों से आपसी भाईचारा और समन्वय बनाए रखने की अपील की गई। पर्वों के दौरान निकलने वाले जुलूस, भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। गणमान्य लोगों ने कहा कि शहरी क्षेत्र हमेशा से ही सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का उदाहरण रहा है, जिसे बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की और सभी समुदायों से मिल-जुलकर पर्व मनाने का आह्वान किया। वहीं थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने कहा कि सौहार्द बिगाड़ने वाले फेसबुक, इंस्टाग्राम, मोबाइल मैसेज भेजने वाले, शराबी और हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखा जाएगा एवं उपद्रव करने वाले पर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर वार्ड पार्षद, चैती दुर्गा कमेटी के सदस्यगण, मस्जिद कमेटी एवं सरहुल कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

### आरपीएफ ने पांच नाबालिक लड़कों को बचाया, संभावित मानव और तस्करी को रोका



**साहिबगंज :** बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार अपने सहायक, उपनिरीक्षक सुरेश पासवान, हेड कांस्टेबल मजनू सोरेन, कांस्टेबल अनिल कुमार साह एवं कांस्टेबल अजय कुमार को साथ लेकर मानव तस्करी तथा अपराधों के विरुद्ध जांच अभियान चला रहे थे। जांच के दौरान उन्होंने प्लेटफॉर्म संख्या- एक के यात्री शेड के पास पांच नाबालिग लड़कों को संदेहास्पद अवस्था में बैठा पाया। पूछ-ताछ करने पर उन्होंने बताया कि वे सभी लिट्टीपाड़ा थाना, पाकुड़ जिला के रहने वाले हैं। वे अपने माता-पिता को बिना जानकारी दिए अपने अन्य साथियों के साथ ट्रेन संख्या 14003 से बरहरवा से आरा, बिहार मजदूरी के कार्य हेतु जा रहे थे। सभी नाबालिग लड़कों को हिरासत में लेकर, आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया और आगे की विधिक कार्यवाही के लिए बाल संरक्षण मंचन/बरहरवा को सूचित किया गया और सभी कानूनी औपचारिकताएँ पूर्ण करने के बाद उक्त पांचों नाबालिग लड़कों को अराधना मंडल और गौतम कुमार, बाल संरक्षण मंचन/(बरहरवा) को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया।

### आज होगी रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व-2026 को लेकर शांति समिति की बैठक

**पाकुड़ :** आगामी रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व-2026 के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था के सुचारू संधारण एवं शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक बुधवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे बाजार समिति, पाकुड़ में आयोजित होगी, जिसकी संयुक्त अध्यक्षता उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक, पाकुड़, निधि द्विवेदी द्वारा की जाएगी। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के दौरान पर्व-त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे को बनाए रखने, जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, साफ- सफाई, बिजली, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों से बैठक में समय पर उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव देने की अपील की गई है, ताकि सभी पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सकें।

## संक्षिप्त डायरी

### बिहार में कांग्रेस को 6 में 4 विधायकों पर था संदेह, एक को ही बचा सकी

**पटना (एजेंसी)** कांग्रेस को अपने 6 में से 4 विधायकों के टूटकर राजग उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने या अनुपस्थित हो जाने का डर पहले से ही था। इन्हें समझाया भी जा रहा था, लेकिन कांग्रेस के रणनीतिकार इनमें से केवल अभिषेक रंजन को ही पालाबदली से बचा सके। तीन विधायक मनोहर प्रसाद सिंह, सुरेंद्र कुशवाहा और मनोज विश्वास कांग्रेस रणनीतिकारों के सारे पैंतरे अपनाने के बाद भी नहीं माने और मतदान से अनुपस्थित रहकर राजग के पांचवें उम्मीदवार की भी जीत पक्की कर दी। मनोहर प्रसाद सिंह, सुरेंद्र कुशवाहा और मनोज विश्वास को बचाने का मोर्चा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और राज्यसभा सदस्य अखिलेश प्रसाद सिंह ने थामा था। तीनों विधायकों के मोबाइल स्विच ऑफ कर लेने पर उनके परिजनों के नंबर पर कॉल कर चेतावनी दी गई। पटना स्थित आवासों पर भी कई नेताओं ने दौड़ लगाई। लेकिन ये तीनों विधायक शनिवार की रात से ही अपने पटना आवास पर नहीं गए थे। शुक्रवार की दोपहर में राजद प्रत्याशी अमरेंद्र धारी सिंह से मिलने तक सबकुछ ठीक-ठाक था। परंतु, उसी की रात में हुए खेल को भांपने में कांग्रेस के नेताओं को देर हो गई। रविवार की शाम को होटल पनाश में आयोजित डिनर में 4 कांग्रेस विधायकों के नहीं पहुंचने पर मामला साफ हो चुका था। रातभर की मशक्कत के बाद अभिषेक रंजन को राजद प्रत्याशी के पक्ष में मतदान के लिए कांग्रेस तैयार कर सकी।

### बिहार महिला कबड्डी : सीवान टाइटंस को हराकर मगध वॉरियर्स फाइनल में

**पटना (एजेंसी)** पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर हॉल में खेले जा रहे बिहार वीमेंस कबड्डी लीग में मगध वॉरियर्स की टीम फाइनल में पहुंच गई है। लीग के इस दूसरे सीजन के छठे दिन सोमवार को मगध वॉरियर्स और सीवान टाइटंस के बीच हुए पहले क्वालीफायर मैच में मगध वॉरियर्स ने रोमांचक मुकाबले में सीवान टाइटंस को 22-20 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं सारण और सीतामढ़ी के बीच हुए एलिमिनेटर मैच में सारण स्ट्राइकर्स ने 39-18 से सीतामढ़ी सेंटिनल्स को हरा दिया। मंगलवार की सुबह दूसरे क्वालीफायर मैच में सीवान और सारण के बीच मुकाबला होगा। यह मैच जीतने वाली टीम दूसरी फाइनलिस्ट बनेगी। इसके बाद मंगलवार की शाम में ही इस लीग का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

### पंडारक दियारा में पुलिस और अपराधियों में मुठभेड़, एक बदमाश के पैर में गोली मारी

**पटना (एजेंसी)** पंडारक दियारा में सरसों और राई की फसल लूटने गए अपराधियों और पुलिस में मुठभेड़ हो गई। पुलिस के साथ एसटीएफ भी थी। पुलिस को देखते ही पांच हथियारबंद अपराधियों ने गोली चलानी शुरू कर दी। अपराधियों ने 25 राउंड फायरिंग की। दो पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। उसके बाद पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए 5 राउंड फायरिंग की। अपराधी धीरज कुमार के पैर में गोली लगी। उसके बाद वह भागने लगा। पुलिस ने धीरज, विपिन कुमार, सुदल यादव, संजीव कुमार और संधीर कुमार को खदेड़कर पकड़ा। उनके पास से दो रायफल, एक बंदूक, एक रिवॉल्वर, 31 कारतूस बरामद हुए। धीरज और संजीव पंडारक के हैं। विपिन सीताराम बागी गांव, सुदल यादव कन्हाईपुर और संधीर गोसाईंगांव का रहने वाला है।

धीरज पर कदमकुआं में लूट का केस : धीरज पर पहले से कदमकुआं थाने में लूट का केस दर्ज है। उसपर भदौर थाने में भी हत्या के प्रयास का एक मामला दर्ज है। पंडारक थानेदार ने बताया कि संधीर, सुदल, विपिन और संजीव के आपराधिक रिकॉर्ड का पता लगाया जा रहा है। घायल धीरज को पुलिस की देखरेख में इलाज के लिए भेज दिया गया। इन सबके खिलाफ पंडारक थाने में पुलिस पर गोली चलाने और आर्म्स एक्ट का केस दर्ज हुआ है। धीरज इस गिरोह का सरगना है। संजीव उसका राइट हैंड है। धीरज और उसके गिरोह का काम दियारा इलाके में दूसरे की फसल को जबरन काटना और लूटना है। इस गिरोह से स्थानीय किसान परेशान थे। सोमवार को यह गिरोह हथियारों के बल पर सरसों और राई की फसल की जबरन दमाही करने लगा। इस गिरोह के पीछे एसटीएफ भी लगी थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस दियारा पहुंच गई।

### नीट छात्रा मामले में हॉस्टल मालिक मनीष की जमानत याचिका खारिज

**पटना (एजेंसी)** नीट छात्रा मामले में पॉक्सो कोर्ट ने सोमवार को हॉस्टल मालिक मनीष कुमार रंजन की जमानत याचिका खारिज करते हुए बेल देने से इनकार कर दिया। विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन रमन की अदालत ने बेउर जेल में बंद मनीष की नियमित जमानत याचिका पर तीन दिनों तक सुनवाई करने के बाद 12 मार्च को आदेश सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने आदेश में यूपी के अमरमणि त्रिपाठी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया। कोर्ट ने ऑब्जर्वेशन में पाया कि यह मामला नाबलिग छात्रा के साथ सेक्सुअल असॉल्ट से जुड़ा है। इस केस की जांच अभी चल रही है। इसलिए मनीष को जमानत देना ठीक नहीं है। मनीष के हॉस्टल में छात्रा रहती थी। छात्रा के परिजनों के वकील का आरोप है कि घटना मनीष के हॉस्टल में हुई। हालांकि कोर्ट ने मनीष रंजन को छूट दी है कि वह मुकदमे में आगे की कार्रवाई में उचित परिस्थितियां आने पर जमानत की प्रार्थना कर सकता है। पॉक्सो एक्ट के तहत जांच करे सीबीआई कोर्ट ने सीबीआई को आदेश दिया है कि वह पॉक्सो एक्ट के मुताबिक केस की जांच करे। छात्रा के मां-बाप का बयान दर्ज करे। मनीष रंजन को रिमांड पर लेकर पूछताछ करे। तथाकथित घटना हॉस्टल परिसर में हुई है। इस हॉस्टल का मालिक मनीष रंजन है। जांच एजेंसी मनीष के चेन ऑफ कस्टडी को जांच में लाए। साक्ष्य जब्त करने की प्रक्रिया जारी है। जांच में केंद्रीय एजेंसी सारी बातों को लेकर आएगी तो फिर मनीष जमानत के लिए कोर्ट में पॉक्सो कोर्ट में प्रार्थना कर सकते हैं। छात्रा के कमरे से जो गोली के पत्ते मिले थे,

### मानवता शर्मसार - पटना में हर्निया का नाम लेकर छह महिलाओं की बच्चेदानी निकाल ली

**पटना (एजेंसी)** आयुष्मान भारत योजना के पैसे हड़पने के लिए ह्यएवर्स अस्पताल का बड़ा खेल; फर्जी अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट पर किया ऑपरेशन राजधानी के कंकड़बाग स्थित एवर्स हॉस्पिटल में मानवता को झकझोर देने वाला एक बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया है। अस्पताल प्रबंधन ने आयुष्मान भारत योजना की राशि डकारने के लिए छह महिलाओं के साथ जानलेवा धोखाधड़ी की। हर्निया के ऑपरेशन के बहाने इन महिलाओं की बच्चेदानी निकाल ली गई। मामला तब खुला जब ऑपरेशन के बाद घर लौटी महिलाओं को पीरियड आना बंद हो गया और दोबारा जांच में पता चला कि उनके शरीर से बच्चेदानी ही गायब है। पीड़ित महिलाओं की उम्र महज 30 से 38 वर्ष के बीच है। शिकायतकर्ता त्रिभुवन प्रसाद यादव के अनुसार, उनकी भगिनी अनिता देवी को 10 अक्टूबर 2025 को भर्ती कराया गया था।

# धनतंत्र बनाम लोकतंत्र: तेजस्वी के करीबियों का प्रहार— बोले, '15-15 करोड़ में खरीदे गए विधायक



**पटना (एजेंसी)** बिहार में राज्यसभा की पांचों सीट पर एनडीए के पांचों उम्मीदवार की जीत के बाद सियासत शुरू हो गई है। राजद ने एनडीए पर हॉर्स ट्रेडिंग का आरोप लगा दिया। एनडीए के वरिष्ठ नेताओं ने भी पलटवार किया। आइये जानते हैं किसने क्या कहा राज्यसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत के बाद सियासी घमासान जारी है। विपक्ष लगातार एनडीए सरकार पर धनतंत्र के प्रयोग का आरोप लगा रहा है। पटना से लेकर दिल्ली तक राष्ट्रीय जनत दल के नेता एनडीए सरकार पर हमला बोल रही है। राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव ने कहा कि एनडीए वालों ने लोकतंत्र को धनतंत्र में बदल दिया। तंत्र और यंत्र की सरकार है यह। केवल तंत्र ही काम कर रहा है। राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग हुआ है। 15-15 करोड़ रुपये देकर इनलोगों ने विधायकों को खरीदा है। यह बात सब जान गई है। यह धर्म और अधर्म की लड़ाई है। सच और झूठ की लड़ाई है। आखिर में जीत हमलोगों की ही होगी। क्योंकि हमलोग सच के साथ हैं। 'भाजपा की आस्था धनतंत्र में ही है' वहीं राजद सांसद सुधाकर ने कहा कि जहां उनके (भाजपा) पास बहुमत नहीं था, वहां उन्होंने विपक्षी विधायकों को तोड़ने की कोशिश की। बिहार में भी उन्होंने चार विधायकों को तोड़ने का प्रयास किया; हरियाणा और ओडिशा से भी ऐसी खबरें आ रही हैं। अगर किसी पार्टी का पतन होना होता है, तो पहले उसका नैतिक पतन होता है और फिर राजनीतिक पतन होता है। भाजपा उन पार्टियों में है जिनमें नैतिकता की कोई समझ नहीं है। अगर वह इसी रवैये पर चलती रही, तो आने वाले दिनों में कई समस्याएं पैदा होंगी। यह लोग देश की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इनकी आस्था लोकतंत्र में नहीं बल्कि धनतंत्र में है। 'राहुल-तेजस्वी गैर जिम्मेदार हैं' भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने व्हिप तक जारी नहीं किया। राहुल गांधी कंबोडिया में पिकनिक मना रहे हैं, तेजस्वी यादव यूरोप में पिकनिक मना रहे हैं और कांग्रेस पार्टी के नेता भी कहीं न कहीं पिकनिक मना रहे थे। आज तक मैं समझ नहीं पाया कि यह कैसा महागठबंधन है, जिसमें वोटिंग के लिए तीन लाइन का व्हिप तक जारी नहीं किया जाता। इससे साफ होता है कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव कितने राजनीतिक रूप से गैर-जिम्मेदार हैं। इतनी बड़ी गलती सिर्फ राहुल गांधी के नेतृत्व में ही संभव है। 'विपक्ष बेवजद आरोप लगा रहा' जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय झा ने कहा कि हम शुरू से ही कह रहे थे कि समर्थन के आधार पर हमारे सभी पांच उम्मीदवार आसानी से जीतेंगे। एनडीए को संख्या के खेल में कोई खास दिक्कत नहीं थी और परिणाम भी उसी के अनुरूप आए। बिहार में अभी बहुत काम बाकी है, इसलिए कई लोग चाहते हैं कि उनके क्षेत्रों में विकास कार्य किए जाएं। तेजस्वी यादव के हॉर्स ट्रेडिंग के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनके विधायक अगर नहीं आए तो हमलोग क्या ही कह सकते हैं। महागठबंधन ने तो अपने विधायकों को होटल में नजरबंद कर दिया था। अगर फिर भी वह नहीं आए तो हमलोगों का इसमें क्या कसूर है। विपक्ष बेवजद आरोप लगा रहा है। 'महागठबंधन पूरी तरह ह्यमहाफ्लॉपह्न साबित हुआ' पलटवार करते हुए भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि एनडीए के पांच उम्मीदवारों की जीत यह संदेश देती है कि बिहार में महागठबंधन पूरी तरह ह्यमहाफ्लॉपह्न साबित हुआ है। बिहार की जनता हमारे साथ है। कांग्रेस और राजद पर तंज करते हुए उन्होंने कहा कि उनके अपने विधायक ही उन पर भरोसा नहीं करते। कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है, जो भी उसमें बैठेगा, वह डूब जाएगा। कोई हॉर्स ट्रेडिंग नहीं हुई है। बल्कि उनके यहां अब कोई हॉर्स रहने को तैयार नहीं है। अस्तबल का गेट खुला हुआ है।

## अनंत सिंह के राजनीति से संन्यास लेने के 3 कारण

**पटना (एजेंसी)** कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद सोमवार को राज्यसभा चुनाव के लिए वोट डालने विधानसभा पहुंचे। इस दौरान ऐलान किया कि नीतीश कुमार बिहार में नहीं रहेंगे तो वह भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। अपने बेटे को लड़ाएंगे। अनंत ने कोर्ट में वोटिंग की इजाजत देने की गुहार लगाई। अनुमति मिलने पर सोमवार को विधानसभा पहुंचे। उन्हें जेल से बिहार सरकार की एम्बुलेंस में बिठाकर विधानसभा लाया गया। वोटिंग के बाद इसी एम्बुलेंस से जेल लौट गए। सफेद रंग के शर्ट-पैंट और हल्के भूरे रंग का चश्मा पहने अनंत सिंह एम्बुलेंस से उतरे तो सबकी नजर उन पर टिक गई। वह माथे पर तिलक लगाए हुए थे। मीडियाकर्मियों ने नीतीश के राज्यसभा जाने को लेकर सवाल किया तो उन्होंने खुद के आगे चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर दिया। अपने दोनों बेटों अंकित और अभिषेक के साथ बैठे अनंत सिंह। (फाइल फोटो) अपने दोनों बेटों अंकित और अभिषेक के साथ बैठे अनंत सिंह। (फाइल फोटो) अनंत सिंह के कितने बेटे हैं? अनंत सिंह की पत्नी का नाम नीलम देवी है। उनके 5 बच्चे (तीन बेटा, दो बेटी) हैं। तीन बेटों के नाम अभिषेक कुमार, अंकित कुमार और अभिनव कुमार हैं। अभिषेक और अंकित जुड़वा हैं। उम्र 25 साल। खुद सिर्फ साक्षर रहे अनंत सिंह ने अपने बेटों की पढ़ाई पर खूब ध्यान दिया है। अंकित और अभिषेक ने नोएडा के एमिटी यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में ग्रेजुएशन किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दोनों पढ़ने के लिए लंदन गए थे। अपने बेटों के चुनाव लड़ने को लेकर अनंत सिंह ने सोमवार को कहा, ह्यमैंने नीतीश जी को वोट दिया है। उनके राज्यसभा जाने पर क्या होगा, मुझे कुछ नहीं पता। मैं जेल से आया हूं। आगे मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। विधायक बनना होगा तो मेरा बेटा बनेगा। वह पढ़ा-लिखा है। सब काम करने लायक है। चुनावी हलफनामे के मुताबिक, अनंत सिंह 64 साल हैं। अगर तय समय पर अगला विधानसभा चुनाव हुआ तो 2030 में होगा।

## पटना जू के सामने पैदल यात्रियों के लिए नई स्मार्ट व्यवस्था होगी, 20 मिनट तक रोक सकेंगे ट्रैफिक



**पटना (एजेंसी)** पटना जू के सामने पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए विदेशों की तर्ज पर विशेष सिग्नल लाइट लगाई जाएगी। सड़क पार करने के लिए पैदल यात्रियों को केवल एक बटन दबाना होगा। पटना नगर निगम के वार्षिक बजट में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत इसपर फैसला लिया गया है। बटन दबाने पर रेड लाइट जलेगी, जिससे सड़क के दोनों लेन में वाहनों की आवाजाही रुक जाएगी। लोगों के पार होने के बाद ग्रीन लाइट हो जाएगी। यात्रियों के समूह के पार होने के बाद दोबारा 20 मिनट बाद ही फिर से यह बटन काम करेगा। फिलहाल इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाएगा। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने बताया कि सड़क पार करने के लिए हर 20 मिनट में पैदल यात्री बटन दबाकर ट्रैफिक रोक सकेंगे। इसके सफल होने पर अन्य भीड़-भाड़ वाले इलाकों और स्कूलों के पास भी लगाया जाएगा। फुट ओवरब्रिज या अंडरपास बनने तक यह व्यवस्था जारी रहेगी। दरअसल, नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की 5वीं विशेष बैठक (बजट 2026-27) सोमवार को निगम मुख्यालय में आयोजित की गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 2914 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया। यह बजट पिछले साल की तुलना में 59 करोड़ रुपए अधिक है, हालांकि आय-व्यय के गणित में यह 8 करोड़ रुपए के घाटे का बजट दर्शाया गया है। अब इसे अंतिम स्वीकृति के लिए निगम पर्षद की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। अब पटना की सड़कों पर ह्वळ आधारित सेंसर वाली स्मार्ट लाइटें लगेंगी, जो रोशनी कम होते ही खुद ही जल जाएंगी और सुबह होते ही बुझ जाएंगी। इसके लिए पूरे शहर में नए सिरे से सर्वे कराया जाएगा, ताकि नई कॉलोनियों और गलियों को भी रोशनी से जोड़ा जा सके। इन लाइटों के लिए सेंट्रलाइज्ड कमांड सेंटर भी रहेगा। अभी फिलहाल शहर में करीब 82 हजार लाइट इंस्टॉल है। पुश बटन दबाने के बाद इतनी ट्रैफिक के बीच नहीं रोड क्रॉस करना होगा। पुश बटन दबाने के बाद इतनी ट्रैफिक के बीच नहीं रोड क्रॉस करना होगा। सिटी लॉजिस्टिक प्लान होगा तैयार इस बजट में पुराने कचरे के प्रोसेसिंग, नए गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन और शहर के सौंदर्यीकरण के लिए सिटी लैंडस्केप प्लान, सिटी लॉजिस्ट्रिक प्लान पर भी विशेष मुहर लगी है। वहीं, नागरिक सुविधाओं के लिए सभी छह अंचलों में अब स्वर्ग रथ (शव वाहन) उपलब्ध होंगे। शोक संतप्त परिवार आसानी से इसकी बुकिंग कर सकेंगे, जिससे मुक्तिधाम तक शव ले जाने में परेशानी न हो। बजट का मुख्य हिस्सा शहर की सफाई व्यवस्था, ड्रेनेज और नई सड़कों के निर्माण पर खर्च होगा। ऋकर मैपिंग से होगा घरों का नया असेसमेंट नगर निगम की वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए तकनीक का सहारा लिया जाएगा। पटना नगर निगम के सीमा पर बनेंगे 7 प्रवेश द्वार पटना शहर के निगम क्षेत्र के अंतर्गत सीमा में प्रवेश करने वाले सात प्रमुख रास्तों पर भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। हालांकि, इनका स्थान अभी तय होना बाकी है। न्यू मार्केट को विकसित कर बहुमंजिला भवन बनाने, मछुआ टोली के पास शॉपिंग मॉल बनाने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी।वहीं, राजधानी के हाउसहोल्ड को ग्लोबल इंफॉर्मेशन सिस्टम से जोड़ा जाएगा।

## एलपीजी की किल्लत ने मचाया हाहाकार! प्रशासन के दावे फेल, लोगों की मुश्किलें बढ़ीं



**पटना (एजेंसी)** सासाराम में घरेलू एलपीजी सिलिंडरों की किल्लत बढ़ गई है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर सीधे आम लोगों की रसोई और शहर के होटल-रेस्टोरेंट तक पहुंचा है। जिले की अधिकांश गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लगी हैं और लोग घंटों इंतजार के बावजूद सिलिंडर नहीं पा रहे हैं। ईरान के बीच चल रहे युद्ध के प्रभाव से घरेलू गैस सिलिंडरों की किल्लत अब आम आदमी की रसोई तक पहुंच गई है। शहर के अधिकांश होटल और रेस्टोरेंट कमर्शियल गैस सिलिंडर की कमी के कारण बंद हो चुके हैं। पिछले कुछ दिनों से सासाराम में एलपीजी सिलिंडरों की भारी किल्लत देखी जा रही है। उपभोक्ताओं को घंटों कतार में खड़े रहने के बावजूद सिलिंडर नहीं मिल रहे हैं। जिला प्रशासन लगातार प्रेस बयान जारी कर दावा कर रहा है कि जिले में एलपीजी सिलिंडरों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। हालांकि, धरातल पर स्थिति प्रशासन के दावों के बिल्कुल विपरीत है। सासाराम स्थित सभी गैस एजेंसियों पर सुबह से ही लंबी कतारें लगी हुई हैं। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस फोर्स की तैनाती भी की गई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बुकिंग के कई दिनों बाद भी सिलिंडर नहीं मिल रहा है। जब वे स्वयं एजेंसी पहुंचते हैं, तो वहां स्टॉक खत्म होने की बात कहकर उन्हें लौटा दिया जाता है। कुछ लोग इसे अंतरराष्ट्रीय तनाव और आपूर्ति बाधित होने से जोड़ रहे हैं, जबकि कुछ का मानना है कि स्टॉक होने के बावजूद एजेंसी संचालकों द्वारा जमाखोरी और कालाबाजारी की जा रही है। सभी एजेंसियों पर गैस लेने के लिए बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंच रहे हैं। पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी कार्यालय के पास एक मोबाइल नंबर लिखा है, ताकि जरूरत पड़ने पर संपर्क किया जा सके, लेकिन नंबर काम नहीं कर रहा है। इस वजह से लोग बार-बार एजेंसी का चक्कर लगा रहे हैं।

## विधायकों ने चुनाव में न आने का बताया कारण, सुरेंद्र के पोस्ट पर यूजर ने लिखा- ये नमकहरामी है



**पटना (एजेंसी)** 'एक सीट का मौका था, महागठबंधन के पास दीपक यादव जी से बेहतर उम्मीदवार कौन हो सकता था, वह भी नहीं तो मुकेश सहनी थे, लेकिन उन्हें मौका ना देकर ऐसे वर्ग के व्यक्ति को उम्मीदवार बना दिया गया, जिसका जनाधार महागठबंधन के खिलाफ है। का साथ दे नहीं सकता हूं और राजद ने उम्मीदवार गलत चुना तो मैने वोट नहीं देना ही बेहतर समझा। रही बात मुझपर आरोप लगाने की, तो मुख्यमंत्री के सबसे चहेते सीट पर हमनें पूरे सरकारी तंत्र को हराकर विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। जनता के आशीर्वाद का कर्ज पूरे बिहार में विकास कार्यों से चुकता कर रहा हूं तो विरोधी जब बराबरी नहीं कर पाएगा तो बदनाम ही करेगा। आशा है जनता दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए मेरे इस त्याग और समर्पण की भावना को समझेगी और विरोधियों के झांसे में नहीं आएगी।' ये बातें कांग्रेस विधायक सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। ये वही विधायक हैं जों राज्यसभा चुनाव की वोटिंग में नहीं पहुंचे थे। जिसके बाद फेसबुक पोस्ट पर उन्होंने चुनाव में न आने की वजह बताई। वे मुकेश सहनी या बगहा चीनी मिल के मालिक दीपक यादव को उम्मीदवार बनाना चाहते थे। मयूर आलम लिखते हैं, माननीय विधायक जी, जनता ने आपको किसी कुर्सी का मालिक नहीं, बल्कि अपनी आवाज बनाकर भेजा था। आपने जिस विचारधारा और गठबंधन के नाम पर वोट लिया, राज्यसभा में वोट न देकर आपने साफ कर दिया कि राजनीति अब सिद्धांतों की नहीं, बल्कि मौके और स्वार्थ की हो गई है। दम है तो निर्दलीय चुनाव लड़ें, औकात समझ आ जएगा मो. अरशद जमा ने कहा, विधायक जी जनता ने वोट आपको नहीं महागठबंधन को दिया था। तब आपके सिर पर ताज सजी है। अगर दम है तो निर्दलीय चुनाव लड़कर देख लीजिए। औकात समझ में आ जाएगा। इंडिविजुअल निर्णय लेने का अधिकार नहीं अतूल पांडे ने लिखा है कि आप निर्दलीय नहीं है कि आपको इंडिविजुअल निर्णय लेने का अधिकार है। आप पार्टी के सिंबल पर लड़े हैं तो डिसीजन पार्टी ही लेती है। अकेले निर्दलीय लड़े रहते तब आपको दीपक यादव जी के कंधे पर बंदूक रख कर चलाने का अधिकार रहता। कुछ देर के लिए मान भी ले कि आप रावणों से घिरे हैं, तो भी सम्मान ह्यकुंभकरणह्न और ह्यमेघनादह्न जैसे लोगों को ही मिलता है। क्योंकि वे अपने पार्टी के लिए मर गए, पर घात नहीं किए। आप पार्टी से ऊपर नहीं आसिफ इकबाल ने लिखा है कि पार्टी का आदेश था। सब को मानना पड़ता है, आप पार्टी से ऊपर नहीं हैं।

## CBI ने शुरू की फॉरेंसिक मैपिंग, आर्किटेक्ट की मदद से सुलझेगी नीट छात्रा की मौत की गुत्थी




**पटना (एजेंसी)** पटना के शंभू गर्ल्स हॉस्टल में NEET की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध मौत का मामला अब और उलझता जा रहा है. CBI ने जांच तेज करते हुए एक बार फिर घटनास्थल का दौरा किया. इस बार टीम अपने साथ आर्किटेक्ट को भी लेकर पहुंची, जिससे मामले में नए सवाल खड़े हो गए हैं. बिहार की राजधानी पटना के चर्चित शंभू गर्ल्स हॉस्टल में नीट (NEET) छात्रा की संदिग्ध मौत का मामला अब एक नया मोड़ लेता दिख रहा है. सीबीआई की टीम इस बार अकेले नहीं, बल्कि अपने साथ एक पेशेवर आर्किटेक्ट को लेकर पहुंची. करीब दो घंटे तक हॉस्टल के कमरों और गलियारों की नापी की गई. सीन रीकंस्ट्रक्शन से सच तक पहुंचने की कोशिश सीबीआई की जांच टीम ने हॉस्टल के चप्पे-चप्पे की बारीकी से जांच की. आर्किटेक्ट की मौजूदगी का मकसद कमरे के ले-आउट, खिड़की की ऊंचाई और बालकनी की बनावट को वैज्ञानिक तरीके से समझना था. जांच एजेंसी यह सुनिश्चित करना चाहती है कि क्या छात्रा की मौत वास्तव में वैसी ही हुई जैसा शुरूआती थ्योरी में बताया गया, या फिर इसमें कोई तीसरा कोण भी शामिल है. सीबीआई ने हॉस्टल के उस खास कंपार्टमेंट की गहन जांच की जहां छात्रा रहती थी. कमरे की दीवारों और दरवाजों के मूवमेंट को भी आर्किटेक्ट की मदद से मैप किया गया है ताकि सीन रीकंस्ट्रक्शन सटीक ढंग से हो सके. वार्डन से फिर पूछताछ जांच के दौरान सीबीआई ने हॉस्टल की वार्डन को भी तलब किया. बंद कमरे में वार्डन से करीब दो घंटे तक फिर से पूछताछ की गई. घटना वाली रात कौन अंदर आया और कौन बाहर गया, एंट्री रजिस्टर में क्या गड़बड़ियां थीं, इन सब पर सीबीआई ने शिकंजा कसा है. मृतका के परिजनों ने शुरू से ही दावा किया है कि उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म (रेप) जैसी जघन्य वारदात हुई है. हालांकि, पटना पुलिस की शुरूआती जांच में इसकी पुष्टि नहीं हुई थी, जिसके बाद परिजनों के आक्रोश और पुलिस पर उठते सवालों को देखते हुए सरकार ने यह केस सीबीआई को सौंपा था. पहले पुलिस, अब उइकके हाथ में जांच पटना पुलिस कई दिनों तक अंधेरे में हाथ-पांव मारती रही, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला. अब सीबीआई फॉरेंसिक मैपिंग और आर्किटेक्चरल एनालिसिस का सहारा ले रही है. जांच टीम यह देख रही है कि क्या कोई बाहरी व्यक्ति बिना सीसीटीवी की नजर में आए हॉस्टल के अंदर दाखिल हो सकता था? आर्किटेक्ट की रिपोर्ट यह तय करेगी कि कमरे की भौगोलिक स्थिति किसी बाहरी हस्तक्षेप की अनुमति देती है या नहीं. पटना पुलिस की टीम भी हॉस्टल के बाहर सुरक्षा के लिए मुस्तैद रही, लेकिन जांच का पूरा कमान अब दिल्ली से आए उइक विशेषज्ञों के पास है.



# अब अपनी हॉबी को ही बना सकते हैं करियर ऑप्शन

**आज के समय में जॉब करना आसान नहीं रह गया है। यह काम तब और मुश्किल हो जाता है, जब किसी का प्रोफेशन और हॉबी अलग-अलग हो। जिसके कारण आजकल कई लोग जॉब तो कर रहे हैं, लेकिन वे उन जॉब्स से खुश नहीं हैं। पैसा कमाने के लिए जॉब करना और अपने पैशन को फॉलो करके उसमें आगे जाना दोनों बहुत अलग बात हैं। फिर चाहे उसमे पैसे थोड़े कम क्यों न हो।**

फोटोग्राफी, राइटिंग, म्यूजिक, डांस, सिंगिंग, कुकिंग, पेंटिंग समेत कई ऐसी हॉबी होती हैं, जिन्हे आप फुल टाइम करियर में बदल सकते हैं। सोचिये जो काम आपको सबसे ज्यादा पसंद है और आपकी हॉबी है, उसे आप अलग से समय निकाल कर करते हैं, अगर इसी हॉबी को अपना प्रोफेशन बना लें तो कितना अच्छा रहेगा। अगर आप भी अपनी हॉबी को करियर का रूप देना चाहते हैं, तो यहां पर दिए गए 7 टिप्स को फॉलो कर सकते हैं।

### सबसे पहले रिसर्च करें

अपनी हॉबी को प्रोफेशन में बदलने के लिए सबसे पहले जो काम आपको करना है वो है रिसर्च। किसी भी हॉबी के बारे में आपको पूरी जानकारी होनी चाहिए। आपको पता लगाना है कि क्या आपकी हॉबी फुल टाइम करियर बना सकती है या नहीं। उसमें जॉब और करियर के क्या अवसर हैं और उस क्षेत्र में कितने लोग काम कर रहे हैं और कितने अनुभव की जरूरत पड़ती है।

### सही फीडबेक लें

कोई भी व्यक्ति अपने काम को जज नहीं कर सकता और न ही आपका परिवार या दोस्त आपकी इसमें मदद कर सकते हैं। किसी भी काम को शुरू करने से पहले गाइडेंस के लिए जरूरत होती है एक अनुभवी प्रोफेशनल की जो आपका मेंटर बने। हमेशा याद रखें कि काम शुरू करने से पहले अपनी हॉबी के बारे में अपने मेंटर से ईमानदार फीडबैक लेना बिल्कुल ना भूलें।

### शुरू से शुरुआत करें

यह बात पहले ही अपने मन में बैठा लें कि जब आप कोई करियर स्विच करेंगे तो हो सकता है कि आपको नीचे से ही शुरू करना पड़े। आप अपनी जॉब में फिलहाल ऊंची पोस्ट पर हों, लेकिन आपको नये करियर में नीचे से ही शुरू करना होगा। इसलिए अपनी तैयारी पहले से ही पूरी कर लें।

### पुरानी स्किल्स का इस्तेमाल

आपके पुराने और नये करियर में भले ही कोई समानताएं न हों। लेकिन फिर भी हर जगह से हम कुछ न कुछ स्किल्स तो सीखने को मिलती ही हैं। ऐसी कई स्किल होती हैं, जो हर फील्ड में काम आती हैं। जैसे अगर आप किसी कंपनी के सेल्स डिपार्टमेंट में काम कर रहे हैं और पेंटिंग में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आपकी मार्केटिंग स्किल यहां भी काम आएगी। इसलिए ध्यान रखें कि सभी स्किल का इस्तेमाल अपने नये करियर में करें।

### अपनी फील्ड के एक्सपर्ट बनें

अपनी हॉबी में करियर बनाने से पहले आप उस फील्ड से जुड़े लोगों से संपर्क बनाएं। अपनी नॉलेज और स्किल्स को बढ़ाएं, एक अच्छा नेटवर्क बनाएं। यह आपको आगे बढ़ने में मदद करेगी। आपको उस फील्ड में सबसे बेहतर बनाने की कोशिश करें।

### अपने काम को मोनेटाइज करें

प्रूफ ऑफ कंसेप्ट एक बिजनेस टर्म है जिसका इस्तेमाल उन उद्यमियों के द्वारा किया जाता है जो फंडिंग की तलाश में होते हैं। आपको भी अपने लिए फंडिंग का इंतजाम करना चाहिए। क्योंकि किसी भी काम के लिए आर्थिक सुविधा बहुत जरूरी है। अगर वह नहीं रहेगा तो आप आगे भी नहीं बढ़ पाएंगे। इसलिए अपने काम से पैसे कमाने की कोशिश करें। आप चाहे तो आपकी स्किल को ऑनलाइन सिखा सकते हैं, एक्सपर्ट लेक्चर ले सकते हैं। या फिर खुद की वर्कशॉप भी लगा सकते हैं।

### इस तरह बदले अपने पैशन को प्रोफेशन में

जब आपके मन में अपने पैशन को प्रोफेशन बनाने का विचार आए तो सबसे पहले अपने सभी हॉबी की लिस्ट बनाएं। मान लीजिये आपकी तीन हॉबी हैं। आपको लिखने का शौक हैं, फोटोग्राफी और पेंटिंग का भी शौक है। अब एक- एक हॉबी पर विचार कीजिए और उसके साथ कुछ दिन जी कर देखें। इससे आपको अपने आप ही मालूम हो जायेगा कि किस काम को लेकर आप ज्यादा बेहतर हैं और वह कार्य करते हुए आपको ज्यादा खुशी मिलती है।

# सफलता के लिए हमेशा याद रखें...

किसी भी कार्य की सफलता के लिए भावना अच्छी होनी चाहिए। कार्य को प्रारम्भ करने के पीछे हमारा भाव क्या है। हम क्या करना चाहते हैं इसका महत्व है। सफलता के लिए भगवान का सुमिरन कर कार्य करें। भगवान का ध्यान कर किए जाने वाले कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। केवल परिश्रम से कुछ नहीं होता। कुछ लोग भगवान की असीम कृपा से कम परिश्रम में भी सफलता की ऊंचाइयों को छू लेते हैं। संतों ने सफलता के 3 मंत्र बताए। पहला भगवान का स्मरण, दूसरा धैर्य तथा तीसरा परमार्थ की भावना जुड़ी होनी चाहिए।

प्रत्येक मंदिर बाहर से स्वच्छ होना चाहिए और भीतर से पवित्र होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति भी बाहर से स्वच्छ और भीतर से पवित्र होना चाहिए। फिर कोई लम्बी साधना करने की जरूरत नहीं। मां त्रिस्तरीय काम करती है। सृष्टि को उत्पन्न करती है, उसका परिपालन और उसका संघार करती है। अम्बा के 3 स्तर हैं, स्त्री शरीर अम्बा का ही अंश है। ऐसा मानकर उसका 3 स्तर पर सम्मान करना चाहिए। कन्या का सम्मान, धर्मपत्नी का सम्मान और मां का सम्मान। आनंद की अंतिम सीमा आंसू हैं। हम सबका जीवन फल होना चाहिए प्रेम। सत्य शायद हम चूक जाएं। करुणा छूट जाए लेकिन प्रेम बना रहे। यह जीवन का फल है।






# स्क्रिप्ट राइटिंग में करियर

**यदि आप लेखन में दक्षता रखते हैं और आपको किताबें पढ़ने में भी गहरी रुचि है तो स्क्रिप्ट राइटर के तौर पर आप अपने शौक को करियर का रूप भी दे सकते हैं। जो युवा लिखने-पढ़ने के साथ मानवीय संवेदनाओं को पकड़ कर अभिव्यक्त करने की क्षमता रखते हैं उनके लिए भी इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।**

### कार्यक्षेत्र

विज्ञापनों के लिए स्क्रिप्ट राइटर्स की सेवाएं विशेष तौर पर ली जाती हैं। अक्सर विज्ञापनों में ऐसे शब्दों या पंक्तियों का इस्तेमाल किया जाता है जो लोगों की जुबान पर चढ़ जाती हैं। ये सब स्क्रिप्ट राइटर के दिमाग की ही उपज होते हैं। ऐसी रोचक बातों को जिंगल्स कहा जाता है।

बेशक स्क्रिप्ट राइटर का काम सिर्फ जिंगल लिखना ही नहीं होता बल्कि और कई चीजें हैं जो स्क्रिप्ट राइटर करते हैं लेकिन अधिकतर की शुरूआत जिंगल्स से ही होती है।

जाहिर है कि स्क्रिप्ट राइटिंग कहानियां और कविताएं लिखने से कुछ अलग होता है क्योंकि स्क्रिप्ट में लिखी गई हर बात का फिल्मांकन किया जाता है इसीलिए लेखक को यह सोचकर लिखना पड़ता है कि उसके द्वारा लिखी गई स्क्रिप्ट पढ़ी नहीं देखी जाएगी।

### कौशल

इसमें क्षेत्र में करियर बनाने के लिए छात्रों में रचनात्मकता का होना आवश्यक है। कम शब्दों में आपको उत्पादों की विशेषताओं को उपभोक्ताओं तक पहुंचाना होता है। विज्ञापनों के लिए ऐसी जिंगल्स की रचना करनी पड़ती है कि सुनते या पढ़ते ही वह ग्राहक के जेहन में आ जाए। वैसे कोई डिग्री कोर्स तो नहीं होता पर ये जर्नलिज्म के अंतर्गत आता है।

कल तक विज्ञापन ग्राहकों की संतुष्टि के लिए बनाए जाते थे लेकिन आज जो विज्ञापन आ रहे हैं वे ग्राहकों के संतोष के साथ उसकी खुशी और मनोरंजन को भी महत्व दे रहे हैं। मानवीय भावनात्मक पक्षों को छूते विज्ञापन न सिर्फ देर तक याद रहते हैं बल्कि मन पर भी गहरा असर छोड़ते हैं।


जिस भी भाषा में आप स्क्रिप्ट राइटिंग करना चाहते हैं उसका गहन ज्ञान आपको होना चाहिए। आपको अधिक से अधिक पुस्तकों को भी पढ़ना चाहिए ताकि आपको विभिन्न लेखकों की शैली की जानकारी भी प्राप्त हो सके। साथ ही फिल्मों तथा धारावाहिकों की स्क्रिप्ट पर गौर करने की आदत भी डाल लें। इसके बाद आप स्क्रिप्ट लेखन में हाथ आजमाएं।

### योग्यता

स्क्रिप्ट राइटिंग में सबसे अहम जरूरत रचनात्मकता की होती है जो पूर्णत- व्यक्ति की विश्लेषण और कल्पना क्षमता पर आधारित होती है लेकिन फिर भी इसके लिए पत्रकारिता का कोर्स कर लिया जाए तो बेहतर होता है। किसी भी विषय में 12वीं कक्षा पास करने के बाद पत्रकारिता में ग्रैजुएशन कर सकते हैं। जो छात्र ग्रैजुएशन कर चुके हैं वे किसी प्रतिष्ठित संस्थान से पत्रकारिता में एम.ए. भी कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
एमिटी स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, नई दिल्ली
इंडियन इंस्टी. आफ मास कम्युनिकेशन नई दिल्ली
जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर, मध्य प्रदेश
माखन लाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल, मध्य प्रदेश।





# लाभदायक करियर इमेज कंसल्टिंग

**भारत में लगातार बढ़ती जा रही प्रतिस्पर्धा की वजह से अपनी इमेज मैनेज करना भी एक अहम जरूरत बन चुकी है। अधिक से अधिक लोग अब इस जरूरत को महसूस कर रहे हैं जिस वजह से देश में इमेज कंसल्टैंट की सेवाओं की मांग में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है।**

इमेज कंसल्टिंग के तहत लोगों को अपने भीतर छुपी क्षमताओं को निखारने और साथ ही साथ उन क्षमताओं को सभी के समक्ष प्रदर्शित करने के लिए अपनी अपीयरैंस (दिखावट) के प्रबंधन हेतु मार्गदर्शन किया जाता है। इमेज कंसल्टिंग के तहत लोगों को परिधान पहनने व तैयार होने के ढंग, बॉडी लैंग्वेज, शिष्टाचार एवं सॉफ्ट स्किल्स के बारे में शिक्षित किया जाता है। इमेज कंसल्टैंट व्यक्तिगत रूप से तथा समूह में कोचिंग प्रदान करते हैं। वे किसी एक व्यक्ति अथवा कम्पनियों को अपनी सेवाएं देते हैं। वे लोगों के लिए मुक्त कार्यशाला भी आयोजित करते हैं। इस क्षेत्र से जुड़े कार्यों में पर्सनल शॉपिंग, यूनिफॉर्म डिजाइन, इमेज मैनेजमैंट, पॉलिसी डिजाइन, स्टाइलिंग आदि भी शामिल हैं। भारत में लगातार बढ़ती जा रही प्रतिस्पर्धा की वजह से अपनी इमेज मैनेज करना भी एक अहम जरूरत बन चुकी है। अधिक से अधिक लोग अब इस जरूरत को महसूस कर रहे हैं जिस वजह से देश में इमेज कंसल्टैंट की सेवाओं की मांग में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है।

यह ऐसा करियर है, जिसमें व्यक्ति अन्य लोगों के विकास का मुख्य सहयोगी बनता है तथा अन्य लोगों को और अधिक सफल बनाने से उसे सफलता मिलती है। यह क्षेत्र उन महिलाओं को करियर बनाने का दूसरा मौका देता है जिन्होंने कुछ समय के लिए अपने पहले करियर को छोड़ रखा हो। इमेज कंसल्टिंग बिजनैस इंस्टी. भारत में इमेज कंसल्टैंसी की शिक्षा तथा प्रशिक्षण देने वाला अग्रणी संस्थान होने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी एक प्रतिष्ठित संस्थान है। यह संस्थान इमेज कंसल्टिंग एवं बिजनैस प्रोग्राम संबंधी अनोखे पेशेवर कोर्स करवाता है। इस संस्थान की डायरैक्टर सुमन अग्रवाल भारतीय उपमहाद्वीप की वरिष्ठतम इमेज कंसल्टैंट मानी जाती हैं। उनकी कहानी भी एक उत्तम प्रेरणा स्रोत है। उन्हें कॉलेज की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देनी पड़ी थी परंतु आज वह एक सफल उद्यमी तथा इस संस्थान की डायरैक्टर हैं, जिसकी स्थापना उन्होंने 2009 में की। यूनाइटेड किंगडम स्थित फैडरेशन ऑफ इमेज प्रोफैशनल इंटरनैशनल द्वारा उन्हें इमेज मास्टर अवार्ड से नवाजा गया जिससे वह भारतीय उपमहाद्वीप में सर्वाधिक वरिष्ठ इमेज कंसल्टैंट बन गई। इमेज कंसल्टिंग में पहनावे के महत्व पर वह कहती हैं, ''80 प्रतिशत से अधिक संवाद दृश्य होता है और पहनावा इसका सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब भी आप किसी से मिलते हैं तो व्यक्ति का सबसे अधिक ध्यान सामने वाले के पहनावे पर ही जाता है। हालांकि यह बताना जरूरी है कि पहनावे के संबंध में कौशल एक इमेज कंसल्टैंट के पास होता है, वह सर्वश्रेष्ठ फैशन डिजाइनर समेत किसी अन्य पेशेवर के पास नहीं हो सकता है। महत्व बढ़िया परिधानों का नहीं होता, बल्कि उस संदेश का होता है जो आप अपने पहनावे से सामने वाले को देना चाहते हैं। सही पहनावे को सुनिश्चित बनाने के लिए व्यक्ति को अपने काम, लक्ष्यों एवं मौके का ध्यान रखने के अलावा आकर्षक दिखने के लिए अपने शारीरिक ढांचे, रंग-रूप, चेहरे के आकार आदि पर भी गौर करना पड़ता है।'' उनके अनुसार इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए यह एक उत्तम एवं बेहद लाभदायक करियर साबित हो सकता है।

# पत्राचार शिक्षा से बदलती युवाओं की तकदीर

**आज सभी विषयों में ग्रैजुएशन तथा मास्टर डिग्री कोर्स के अलावा अनेक सर्टीफिकेट कोर्स एवं डिप्लोमा भी पत्राचार माध्यम से दूरस्थ शिक्षा के रूप में उपलब्ध हैं। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को सभी संबंधित विषयों का बुनियादी ज्ञान प्रदान करना होता है। अधिकतर पत्राचार पाठ्यक्रम विश्वविद्यालयों द्वारा चलाए जाते हैं और इनमें सभी विषय-विधाओं के 10+2 छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।**

कुछ प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश एक चयन परीक्षा के माध्यम से दिया जाता है। पत्राचार शिक्षा ने हमारे देश की शिक्षा प्रणाली में एक आश्चर्यजनक परिवर्तन ला दिया है। पत्राचार माध्यम से अध्ययन करने वाले छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न आधुनिक तकनीकों का सहारा भी दिया जा रहा है। उपग्रह संचार, लो पावर ट्रांसमीटर्स की सहायता एवं सूचना सुपर-हाइवेज के माध्यम से देश भर में शिक्षा का प्रसार हो रहा है।

देश में अनेक मुक्त विश्वविद्यालय तथा उससे भी अधिक नियमित विश्वविद्यालय तथा कई अन्य संस्थाएं दूरस्थ अध्ययन कार्यक्रम चलाते हैं। दूरस्थ शिक्षा पद्धति कई श्रेणियों के शिक्षार्थियों, विशेष रूप से देरी से पढ़ाई शुरू करने वालों, जिन व्यक्तियों के घर के पास उच्चतम शिक्षा साधन नहीं है, सेवारत व्यक्तियों और अपनी शैक्षिक योग्यताएं बढ़ाने के इच्छुक व्यक्तियों को लाभ प्रदान कर रही है। मुक्त विश्वविद्यालय ऐसे लचीले पाठ्यक्रम विकल्प देते हैं जिन्हें वे छात्र ले सकते हैं जिनके पास कोई औपचारिक योग्यता नहीं है किन्तु अपेक्षित आयु (प्रथम डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए 18 वर्ष) के हो चुके हैं और लिखित प्रवेश परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके हैं। ये पाठ्यक्रम छात्र अपनी सुविधानुसार भी ले सकते हैं। विश्वविद्यालयों के दूरस्थ शिक्षा केंद्र न्यूनतम पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों को प्रवेश देते हैं। यह पात्रता नियमित पाठ्यक्रमों के समान ही होती है। पत्राचार शैक्षिक संस्थाएं छात्रों को पाठ्यक्रम सामग्री के साथ-साथ संपर्क कक्षाएं भी उपलब्ध कराती हैं और परीक्षाएं संचालित करती हैं।

अधिकांश विश्वविद्यालय मुद्रित अध्ययन सामग्री के अलावा अपने स्थानीय केंद्रों पर मल्टीमीडिया साधनों से भी छात्रों को शिक्षित करते हैं। ये विश्वविद्यालय ग्रैजुएशन पाठ्यक्रम, मास्टर डिग्री पाठ्यक्रम, एम.फिल पीएच.डी. तथा डिप्लोमा एवं सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम भी चलाते हैं जिनमें से अधिकांश पाठ्यक्रम करियर उन्मुखी होते हैं।



# मंधाना महिला वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, हरमनप्रीत सातवें स्थान पर पहुंची

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं, जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष स्थान पर कायम हैं। रैंकिंग में यह बदलाव न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन के दो स्थान फिसलकर नौवें नंबर पर आने के बाद हुआ। भारत की जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर बरकरार हैं।

न्यूजीलैंड की बल्लेबाज मैडी ग्रीन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 'आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज' के अंतिम मैच में 94 रनों की शानदार पारी खेलकर रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। 33 वर्षीय ग्रीन की डुनेडीन में खेली गई 73 गेंदों की पारी की बदौलत उनकी टीम ने 200 रन से जीत दर्ज करते हुए श्रृंखला में 3-0 से सूपड़ा साफ किया। इस प्रदर्शन से वह पांच स्थान ऊपर चढ़कर 610 रेटिंग अंकों के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

न्यूजीलैंड की हरफनमौला अमेलिया केर ने आखिरी वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए 80 रन बनाने के साथ 22 रन देकर पांच विकेट झटके और 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार अपने नाम किया। इस बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर उन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' भी चुना गया। इस प्रदर्शन से केर 21वें स्थान से संयुक्त 19वें स्थान पर पहुंच गई हैं और बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी दोनों में 600 से अधिक रेटिंग अंक हासिल किए हैं।

बल्लेबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड की इसाबेल गेज भी तीन स्थान की छलांग लगाकर 61वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं, तेज गेंदबाज रोजमेरी मेयर सात स्थान ऊपर चढ़कर 58वें और ब्री इलिंग पांच स्थान की बढ़त के साथ 79वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में कप्तान अमेलिया केर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले मुकाबले में 44 गेंदों पर 78 रन की पारी खेलकर करियर के सर्वश्रेष्ठ 694 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में आठवें स्थान पर बरकरार हैं।

जॉर्जिया प्लिमर ने 63 रन की पारी खेलकर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और वह 50वें से 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में जेस केर ने 13 रन देकर दो विकेट लेने के प्रदर्शन के दम पर 11 स्थान की छलांग लगाकर 23वां स्थान हासिल किया है। वहीं, सोफी डिवाइन ने करियर के सर्वश्रेष्ठ 12 रन देकर चार विकेट झटके, जिससे वह 104वें स्थान से 79वें स्थान पर पहुंच गई हैं।




# आईपीएल 2026 से पहले गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़े कप्तान शुभमन गिल



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के लिए शुभमन गिल गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़ गए हैं। गुजरात की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन के लिए जमकर तैयारी कर रही है और नाथद्वारा के मिराज इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में प्री-सीजन कैंप के साथ उनकी तैयारियां जोरों पर हैं।

आईपीएल 2026 में गुजरात अपने अभियान का आगाज 31 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में करेगी। गुजरात अपने घरेलू मैदान पर पहला मुकाबला 4 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। सीजन के पहले चरण के शेड्यूल के मुताबिक गुजरात दो मुकाबले घर में और 2 घर से बाहर खेलेगी।

गुजरात टाइटंस आईपीएल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है। टीम ने चार सीजन में से तीन में प्लेऑफ का टिकट कटाया है। वहीं, 2022 में गुजरात टाइटंस चैंपियन भी बनी थी। आगामी सीजन के लिए गुजरात ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को अपना बैटिंग कोच नियुक्त करने की घोषणा की है, जबकि भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया को सहायक कोच के रूप में चुना है। इस कदम से फ्रेंचाइजी का कोचिंग सेटअप और भी मजबूत हो गया है।

विश्व कप विजेता और अपने दौर के सबसे जबरदस्त सलामी बल्लेबाजों में से एक, हेडन शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर और आधुनिक टी20 बैटिंग की बारीकियों में अपनी विशेषज्ञता के साथ टाइटन्स के सेटअप में शामिल हुए हैं। वह फ्रेंचाइजी के सपोर्ट स्टाफ को और मजबूती प्रदान करेंगे, क्योंकि टीम 2026 सीजन के लिए नए जोश के साथ तैयारियों में जुटी हुई है।

आईपीएल 2025 में शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने एलिमिनेटर तक का सफर तय किया था। हालांकि, एलिमिनेटर मुकाबले में टीम को मुंबई इंडियंस के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन का प्रदर्शन बल्ले से शानदार रहा था। सुदर्शन टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे और उन्होंने 15 मुकाबलों में 156 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 759 रन बनाए थे। वहीं, गिल ने 15 मुकाबलों में 155 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 650 रन बनाए थे।

# डेवोन कॉनवे की आकर्षक पारी, न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर श्रृंखला बराबर की



**हैमिल्टन (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने 60 रन की आकर्षक पारी खेली जबकि तेज गेंदबाज बेन सीयर्स और लॉकी फर्ग्यूसन ने तीन-तीन विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने मंगलवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 68 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।

कॉनवे की 49 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया जिसमें जोश क्लर्कसन नाबाद 26 रन बनाकर दूसरे बड़े स्कोरर रहे। इससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 175 रन बनाए।

इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 15.3 ओवर में 107 रन पर आउट हो गई। उसके बल्लेबाजों को पिच की गति और उछाल से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। उनकी टाइमिंग सही नहीं थी जिसके कारण उसके सभी बल्लेबाज कैच आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी छह विकेट 40 रन पर गंवाए। जॉर्ज लिंडे की तूफानी पारी के दम पर ही वह 100 रन की संख्या पार कर पाया। लिंडे ने 12 गेंदों में तीन चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 33 रन बनाए।

हाल ही में टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के रिजर्व खिलाड़ी रहे सियर्स ने 14 रन देकर तीन जबकि फर्ग्यूसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान केशव महाराज ने कहा, 'मुझे लगा कि हमने एक समय तक बहुत अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन बल्लेबाजी में हमारा प्रदर्शन खराब रहा। खेल आगे बढ़ने के साथ विकेट बल्लेबाजी के लिए मुश्किल हो गया था।' तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शुक्रवार को ऑकलैंड में खेला जाएगा।

# जेके लक्ष्मी सीमेंट 2026 क्रिकेट लीग सीज़न में राजस्थान रॉयल्स का मुख्य प्रायोजक बना

**जयपुर (एजेंसी)।** देश की प्रमुख सीमेंट कंपनी जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड क्रिकेट लीग 2026 सीज़न के लिए राजस्थान रॉयल्स की प्रमुख प्रायोजक (प्रिंसिपल स्पॉन्सर) होगी।

कंपनी के अध्यक्ष एवं निदेशक अरुण शुक्ला ने इस संबंध घोषणा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बताया कि इस साझेदारी के साथ ब्रांड की फिर से वापसी हो रही है और राजस्थान से जुड़ी ये दोनों संस्थाएं एक बार फिर साथ मिलकर काम करेंगी। इस साझेदारी के तहत जे के लक्ष्मी सीमेंट का लोगो राजस्थान रॉयल्स की मैच जर्सी के पीछे प्रमुख रूप से दिखायी देगा। पूरे सीज़न के दौरान यह ब्रांड टीम के गियर, स्टेडियम ब्रांडिंग और मैच डे के डिजिटल कंटेंट में भी नजर आएगा।

उन्होंने कहा कि जे के सीमेंट एक ऐसी कंपनी जो राज्य के औद्योगिक विकास में योगदान देती रही है और राजस्थान रॉयल्स एक ऐसी टीम जो देश के सबसे बड़े खेल मंचों में से एक पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करती है। राजस्थान रॉयल्स की यात्रा हमारी तरह ही है। राजस्थान में मजबूत जड़ें और पूरे देश में बढ़ती उपस्थिति। यह साझेदारी उन लोगों का सम्मान करने के बारे में भी है जो हर दिन मेहनत करके भारत का निर्माण करते हैं, चाहे वे किसी भी राज्य में रहते हों। हम इस साझेदारी को अपने स्टेकहोल्डर्स को टी20 की ऊर्जा और भरोसे एवं निरंतरता जैसे साझा मूल्यों के करीब लाने का माध्यम मानते हैं। छोटे शहरों के घरों से लेकर बड़े शहरों की बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं तक।

राजस्थान रॉयल्स के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर आलोक चित्रे ने कहा, 'हमें खुशी है कि 2026 सीज़न के लिए जेके लक्ष्मी सीमेंट राजस्थान रॉयल्स का प्रिंसिपल स्पॉन्सर बना है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि राजस्थान का एक प्रमुख ब्रांड रॉयल्स की जर्सी के पीछे होगा। राज्य और उससे आगे मजबूत उपस्थिति के कारण जे के लक्ष्मी सीमेंट हमारे लिए एक स्वाभाविक साझेदार है। हम पूरे सीज़न के दौरान प्रशंसकों और समुदायों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हैं।'

जे के लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीवत्स सिंघानिया ने कहा, 'राजस्थान हमेशा से हमारी यात्रा का अहम हिस्सा रहा है, जिसने हमारी पहचान और विकास को आकार दिया है। राजस्थान रॉयल्स के साथ यह साझेदारी इस मजबूत रिश्ते को और गहरा बनाती है और उत्कृष्टता, बेहतर प्रदर्शन और दीर्घकालिक सहयोग जैसे साझा मूल्यों को दर्शाती है। टी20 लीग राजस्थान को राष्ट्रीय मंच देती है और हमें खुशी है कि हम ऐसी टीम के साथ खड़े हैं जो इस अद्भुत राज्य की भावना और उत्कृष्टता को दर्शाती है।'




# रोहित से सीखा है शांत रहकर कप्तानी करना : सूर्यकुमार

मुम्बई । भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव अपने कुशल कप्तानी के लिए चर्चाओं में बने हुए हैं। अब तक उनकी कप्तानी में भारतीय टीम की जीत का रिकार्ड सबसे अच्छा रहा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण सूर्यकुमार के शांत स्वभाव को भी माना जाता है, चाहे टीम से कोई गलती ही क्यों न हो जाए वह भड़कते नहीं है। इस पर उन्होंने बताया कि उन्होंने यह तरीका पूर्व कप्तान रोहित शर्मा से सीखा है। सूर्या ने कहा कि जब वह रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलते थे, तब उन्होंने देखा कि रोहित की प्रतिक्रिया हर परिस्थिति में एक जैसा रहती थी। वह गुस्सा करने के बजाय स्थिति को शांत तरीके से संभालते थे।सूर्यकुमार यादव का मानना है कि कप्तान का काम खिलाड़ियों पर दबाव बनाना नहीं बल्कि उन्हें आत्मविश्वास देना होता है।उन्होंने कहा कि कोई भी खिलाड़ी जानबूझकर कैच नहीं छोड़ता या खराब गेंद नहीं डालता। हर खिलाड़ी टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता है। अगर गलती हो जाती है तो कप्तान और टीम का काम उसे सुधारने में मदद करना होता है। हालांकि सूर्यकुमार ने साफ किया कि वह व्यक्तिगत आंकड़ों या रिकॉर्ड पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। उनके मुताबिक असली महत्व टीम की जीत का होता है। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी भी खेल में हारना पसंद नहीं है और यही सोच टीम के बाकी खिलाड़ियों में भी दिखाई देती है। सूर्या का मानना है कि जब पूरी टीम एक ही लक्ष्य और सोच के साथ मैदान पर उतरती है, तभी ऐसे शानदार परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। सूर्या की कप्तानी में टीम ने कुल 52 मैच खेले हैं, जिनमें से 42 मुकाबलों में जीत हासिल की है। भारत को सिर्फ 8 मैचों में हार का सामना करना पड़ा, जबकि 2 मुकाबले बिना किसी परिणमा के समाप्त हुए। इस तरह टीम का जीत प्रतिशत 80 फीसदी से भी अधिक है। टी20 जैसे फॉर्मेट में इतना प्रभावशाली रिकॉर्ड किसी भी कप्तान के लिए बेहतरीन माना जाता है।

# एफआईएच हॉकी नेशन कप के लिए अभ्यास कर रही भारतीय महिला हॉकी टीम



लुसाने। भारतीय महिला हॉकी टीम आजकल एफआईएच हॉकी नेशन कप की तैयारियों में लगी है। एफआईएच हॉकी नेशन कप 15 से 21 जून तक न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेला जाएगा। साल 2021 में हुई हॉकी नेशंस कप हॉकी प्रो लीग से बाहर रही सर्वश्रेष्ठ रैकिंग वाली टीमों की एक शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिता है। इसमें विजयी रही टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में प्रवेश मिलता है। भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले सत्र में नौ टीमों में अंतिम स्थान पर होने के कारण प्रो लीग से बाहर हो गई थी। भारत के अलावा नेशन कप में मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। वहीं इस टूर्नामेंट में भारतीय पुरूष हॉकी टीम भी भाग लेगी। पुरुष वर्ग का टूर्नामेंट दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में खेला जाएगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक खेला जाएगा। इसके लिए पुरुष टीम भी आजकल कड़े अभ्यास में लगी हुई है।

# धोनी को अगला कोच देखना चाहते हैं गंभीर




नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि वह चाहते हैं अगले कोच महेन्द्र सिंह धोनी बने। गंभीर के धोनी के साथ अच्छे संबंध नहीं रहे हैं पर अब ये बयान देकर गंभीर ने दिखाया है कि दोनो में किसी प्रकार की दूरियां नहीं हैं। गंभीर ने धोनी को अपना संभावित उत्तराधिकारी बताते हुए कहा, मैं चाहता हूं कि एक दिन वह मेरी जगह कोच बने। एक कार्यक्रमकके दौरान गंभीर ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा कि उनका विश्व कप फाइनल देखने आना और उनका संदेश देना बेहद खास था। उन्होंने कहा, अच्छा लगा कि वह फाइनल देखने आए और मुझे मुस्कुराने को कहा। मैं चाहता हूं कि एक दिन वह मेरी जगह हों और मैं उन्हें उसी तरह संदेश दूं। यह बयान सिर्फ तारीफ नहीं, बल्कि धोनी के कोच बनने की संभावना की ओर इशारा माना जा रहा है। पहले कई बार गंभीर और धोनी के तनावपूर्ण रिश्तों को लेकर चर्चाएं होती रही हैं। गंभीर अक्सर टीम इंडिया की सफलता में धोनी को ज्यादा श्रेय दिए जाने पर सवाल उठाते थे पर अब अब दोनों के बीच सम्मान और तालमेल साफ नजर आ रहा है। वहीं अगर अनुभव की बात करें तो धोनी के पास पारंपरिक कोचिंग अनुभव कम है। उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप में टीम इंडिया के मेंटर की भूमिका निभाई थी। लेकिन उनकी असली ताकत है मैच को पढ़ने की अद्भुत क्षमता, दबाव में शांत रहने की कला, कप्तान के तौर पर शानदार रिकॉर्ड, आईपीएल के जरिए टी20 क्रिकेट की गहरी समझ; कई विशेषज्ञ मानते हैं कि धोनी पहले मेंटर या डायरेक्टर की भूमिका निभा सकते हैं, फिर कोच बन सकते हैं।

# ईरान विश्व कप मैचों को स्थानांतरित करने के लिए फीफा के संपर्क में: मेक्सिको स्थित ईरान दूतावास

**मेक्सिको सिटी (एजेंसी)।** मेक्सिको स्थित ईरान के दूतावास ने मंगलवार को कहा कि ईरान अपने विश्व कप मैचों को अमेरिका से मेक्सिको स्थानांतरित करने के लिए फीफा से बातचीत कर रहा है। यह कदम उस समय सामने आया है जब सह मेजबान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए ईरान को टूर्नामेंट में भाग लेने से हतोत्साहित किया। फीफा की ओर से अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि इस तरह की कोई औपचारिक बातचीत चल रही है या नहीं।

फीफा ने इस मामले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। ईरान के अधिकारियों ने पहले कहा था कि विश्व कप के दौरान टीम की सुरक्षा सुनिश्चित करना फीफा और अमेरिका की जिम्मेदारी है। दूतावास ने ईरान फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज के हवाले से बयान जारी करते हुए कहा कि खिलाड़ी और अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईरान अपने ग्रुप चरण के मैच मेक्सिको में कराना चाहता है।

इस बयान के मुताबिक, 'जब ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह ईरान की राष्ट्रीय टीम की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते, तो हम निश्चित रूप से अमेरिका की यात्रा नहीं करेंगे। हम वर्तमान में फीफा के साथ बातचीत कर रहे हैं कि विश्व कप में ईरान के मैच मेक्सिको में आयोजित किए जाएं।' यह विश्व कप अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की संयुक्त मेजबानी में आयोजित हो रहा है। ईरान को 16 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ कैलिफोर्निया के इंगलवुड में मैच खेलने हैं, जबकि 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला निर्धारित है।

विश्व कप शुरू होने से तीन महीने से भी कम समय पहले मैचों का स्थान बदलना अभूतपूर्व कदम होगा। ट्रंप ने पिछले सप्ताह कहा था कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बावजूद ईरान टीम का स्वागत है, लेकिन 'मुझे नहीं लगता कि अपने जीवन और सुरक्षा के लिए उनका वहां होना उचित है।' पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरान ने टूर्नामेंट में भागीदारी को लेकर मिश्रित संकेत दिए हैं। अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमलों में इस्लामिक गणराज्य के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई सहित कई वरिष्ठ नेताओं की मौत हुई है।

खेल मंत्री अहमद दुन्यामाली ने पिछले सप्ताह सरकारी टीवी से कहा था, 'ईरान के खिलाफ किए गए कृत्यों के कारण खेलना संभव नहीं है।' ट्रंप के बयान के बाद राष्ट्रीय टीम ने हालांकि इंस्टाग्राम पर लिखा, 'कोई भी उसे टूर्नामेंट से बाहर नहीं कर सकता।' तेहरान में सरकार के एक प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना फीफा और मेजबान देश अमेरिका की जिम्मेदारी है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा, 'फीफा विश्व कप का आयोजक है। जब उच्च स्तर पर यह चेतावनी दी जाती है कि ईरान के खिलाड़ियों के लिए माहौल सुरक्षित नहीं है, तो यह दर्शाता है कि मेजबान देश के पास इतने बड़े खेल आयोजन के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने की पर्याप्त क्षमता नहीं है।'

ईरान में फुटबॉल बेहद लोकप्रिय है। नौ करोड़ से अधिक आबादी वाला यह देश अब तक सात पुरुष विश्व कप में भाग ले चुका है। इसमें लगातार पिछले चार सत्रों के लिए क्वालीफाई करना भी शामिल है। फीफा रैंकिंग में टीम 20वें स्थान पर है और एशिया में केवल जापान से पीछे है। फीफा ने हाल के दिनों में इस मुद्दे पर कोई नई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने पिछले सप्ताह इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा था कि उन्हें ट्रंप से आश्वासन मिला है कि ईरान टीम का टूर्नामेंट में स्वागत है।




# मैंने हमेशा अपने को मशाल थामने वाले के तौर पर देखा : द्रविड़



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नमन समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित पूर्व कप्तान और मुख्य कोच कप्तान राहुल द्रविड़ ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट का हिस्सा रहना उनके लिए सम्मान की बात है। द्रविड़ के कोच रहते ही भारतीय टीम ने साल 2024 में टी20 विश्व कप खिताब जीता था। वहीं साल 2023 में एकदिवसीय विश्वकप में भारतीय टीम फाइनल तक पहुंची थी। बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए वीडियो में द्रविड़ ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने हमेशा अपनी भूमिका को बस एक मशाल थामने वाले के तौर पर देखा है। मैंने पिछली पीढ़ी से मशाल थामी। जिसमें पहले मैं एक खिलाड़ी के तौर पर खेल रहा था और फिर अपने काम को मैने मैच के तौर पर आगे बढ़ाया। द्रविड़ ने कहा, अपने समय मुझे भी योगदान देने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अवसर मिला। मुझे यह देखकर बेहद खुशी हो रही है कि अगली पीढ़ी ने उस विरासत को सफलता पूर्वक आगे बढ़ाया है। साथ ही कहा कि हमें जो सफलताएं मिली हैं उसका बहुत बड़ा श्रेय मौजूदा प्रबंधन, टीम और भारतीय क्रिकेट से जुड़े हर व्यक्ति को जाता है। इस खेल में हम सभी का अपना-अपना समय आता है और हमें अपना योगदान देना होता है। मैंने भी अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रयास किया है। मैं अपने से पिछली पीढ़ियों से प्रेरित रहा हूं और यह देखना सचमुच अद्भुत है कि हमारे बाद आने वाली पीढ़ियां इस विरासत को और भी ऊंचे स्तर पर ले जा रही हैं। भारतीय टीम के कप्तान और कोच पद को संभाल चुके द्रविड़ ने कहा कि यह अवॉर्ड पाना उनके लिए अत्यंत कृतज्ञता का क्षण था। यह अवॉर्ड पाकर मैं बहुत खुश हूं। मेरा मतलब है कि मैं इस अवॉर्ड के पिछले विजेताओं के रास्ते चला, जो हमारे देश में इस खेल के सबसे बड़े दिग्गज खिलाड़ी रहे हैं। यह सच में वह लोग हैं जिन्हें मैंने अपना आदर्श माना है, जिनकी तारीफ की है, और यह सभी मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा रहे हैं।

# सैमसन ने रॉयल्स छोड़ने के कारणों का खुलासा किया

चेन्नई । रॉजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से खेलते नजर आयेंगे। सैमसन ने जिस प्रकार लंबे समय तक रॉयल्स की ओर से खेलने के बाद उसे छोड़ा उसको लेकर कई बार सवाल उठते रहे हैं। जिसको लेकर अब संजू ने अपनी बात रखी है। उनका कहना है कि रॉयल्स में उनका समय समाप्त हो गया था। सैमसन आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले एक ट्रेड डील के जरिये सीएसके में चले गये थे। सैमसन के रॉयल्स छोड़कर अचानक ही सीएसके में जाने से प्रशंसक भी हैरान थे। इसी को देखते हुए आईपीएल के 2026 सत्र से पहले सैमसन ने रॉयल्स छोड़ने के अपने फैसले को लेकर बताया है। सैमसन के अनुसार उन्होंने साल 2018 से 2025 तक रॉयल्स की ओर से खेलनें क बाद देखा कि अब टीम के साथ उनका समय पूरा हो गया है। सैमसन ने रॉयल्स के लिए 11 आईपीएल सीजन खेले हैं। जिससे वह टीम के सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वह 2013 से 2015 तक भी इस टीम का हिस्सा रहे थे, इसके बाद उन्होंने दो सत्र 2016-2017 तब की टीम दिल्ली डेयरडेविल्स से खेला था। सैमसन ने कहा, 'यह पहली बार है जब मैं आईपीएल में राजस्थान के खिलाफ खेलने जा रहा हूं। मैं मैदान पर कदम रखते ही भावनाओं के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। खेल ही सब कुछ तय करता है। मैच से पहले और मैच के बाद, जब मैं पुरानी टीम के साथ खेलता हूं, तो वहां कई खिलाड़ी हैं जिनके साथ हमने बचपन में खेला है। बहुत सारे प्रबंधन से जुड़े और सहयोगी स्टाफ के सदस्य भी हैं। मुझे सबका प्यार और सम्मान मिला है। मैंने पहले कहा, हर किसी का अपना समय होता है। मेरा समय राजस्थान रॉयल्स के साथ था पर अब मैंने आगे बढ़ने का फैसला किया है। इसको लेकर मेरा मन उत्साहित भी है।'

# स्काश के ओलंपिक का हिस्सा बनने के बाद सभी खिलाड़ियो की नजरें लॉस एंजिलिस खेलों पर:अनाहत

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह को उम्मीद है कि अगले दो वर्षों में हर खिलाड़ी का ध्यान मुख्य रूप से लॉस एंजिलिस 2028 खेलों पर होगा क्योंकि इन खेलों के दौरान स्क्वाश ओलंपिक में पदार्पण करेगा। अनाहत ने मंगलवार को यहां कहा कि ओलंपिक में पदक जीतना हर खिलाड़ी का सपना होता है। जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन की टूर्नामेंट से पहले हुई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अनाहत ने कहा, 'बेशक यह बहुत रोमांचक है। यह पहली बार है जब यह ओलंपिक का हिस्सा बन रहा है और सभी खिलाड़ी इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।'

उन्होंने कहा, 'इससे पहले कोई भी खिलाड़ी अधिक से अधिक राष्ट्रमंडल खेलों में खेल सकता था लेकिन अब ओलंपिक भी है और बेशक, हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह ओलंपिक में जाए, खेले और पदक जीते।' अनाहत ने कहा, 'अगले कुछ वर्षों में सभी का यही लक्ष्य रहेगा और दीर्घकाल में मेरे दिमाग में भी यही बात रहेगी कि मैं ओलंपिक तक ट्रेनिंग कर सकूं और संभवतः देश के लिए पदक जीत सकूं।'

जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन पीएसए कॉपर प्रतियोगिता है जो खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक हासिल करने का मौका देगा और साथ ही इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए लय बनाने में भी मदद करेगा। भारत के दूसरे सबसे बेहतर रैंकिंग वाले पुरुष खिलाड़ी रमित टंडन ने कहा कि इस खेल को ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किए जाने से कारपोरेट जगत भी इसकी ओर आकर्षित हुआ है।

उन्होंने कहा, 'यह (ओलंपिक) दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है इसलिए वहां पहुंचना हर किसी का सपना होता है। इसके अलावा हमारे खेल को जेएसडब्ल्यू और अन्य कारपोरेट घरानों के जुड़ने से भी फायदा हुआ है जो ओलंपिक में शामिल होने के बाद ही संभव हो पाया है।' टंडन ने कहा, 'ओलंपिक में शामिल होने के बाद पूरे स्क्वाश पारिस्थितिकी तंत्र में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला है।'

टंडन ने कहा कि इंडियन ओपन में खेलने से उन्हें कुछ राहत जरूर मिलेगी लेकिन स्क्वाश खिलाड़ी पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के हालात पर भी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा, 'यह स्वदेश में ही हो रहा है इसलिए हमारे लिए बहुत सुविधाजनक है। इसके ठीक बाद मैं लंदन में अगला टूर्नामेंट खेलने जा रहा हूं। अभी तक उड़ान रद्द नहीं हुई है इसलिए यह इस बात पर निर्भर करता है कि युद्ध की स्थिति कैसी रहती है।'

टंडन ने कहा, 'तैयारी के लिहाज से विश्व चैंपियनशिप काहिरा में है जो एक प्रभावित इलाका है। हमें पीएसए से ईमेल मिल रहे हैं जिनमें कहा गया है कि वे स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। वे तारीखों में थोड़ा-बहुत फेरबदल करने पर भी विचार कर रहे हैं।' अनाहत ने कहा कि वह एक समय में एक ही टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं और 2023 में दो कांस्य पदक जीतने के बाद अब वह एशियाई खेलों में और भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद कर रही हैं।



## मोतिहारी में पुलिस-बदमाशों के बीच मुठभेड़ में दो अपराधी ढेर, एक जवान शहीद

पटना (एजेंसी)। चकिया थाना क्षेत्र के सिहोरवा में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश मारे गए, जबकि एक पुलिस जवान बलिदान हो गया। घटनास्थल से पुलिस ने कार्बाइन समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार एसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सिहोरवा में छापेमारी की। सूचना मिली थी कि कुंदन ठाकुर अपने गिरोह के सदस्यों के साथ हथियारों के साथ अपने एक दोस्त के घर में छिपा हुआ है। इस दौरान पुलिस की छापेमारी के दौरान पक्षों के बीच मुठभेड़ हो गई। मृतक बदमाश की पहचान कुंदन ठाकुर पिता फूलदेन ठाकुर, ग्राम बुल्लाचौक, थाना चकिया और प्रियांशु दुबे पिता संजय दुबे, ग्राम बसंतपुर, थाना साहेबगंज, जिला मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है। वहीं बलिदान एसटीएफ जवान की पहचान राम यादव के रूप में हुई है। घटना बीती रात 2-30 बजे की बताई जा रही है। मुठभेड़ में उज्ज्वल कुमार और उसके पिता संत कुमार तिवारी दोनों को गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि बदमाशों ने अपर थाना अध्यक्ष गौरव कुमार को फोन पर धमकी दी थी। घटनास्थल पर डीआईजी, एसपी समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है।

## आरएसएस ने कभी गर्व करने वाला काम नहीं किया, सपा नेता ने प्रियंक खड़गे की मांग पर कहा

लखनऊ (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाने की कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियंक खड़गे की मांग पर समाजवादी पार्टी के नेता आशुतोष वर्मा ने कहा कि आरएसएस ने कभी गर्व करने वाला काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि आरएसएस लोगों का ग्रुप है। इसके माध्यम से कुछ लोगों को लाभ दिलाने के लिए भाजपा व्यवस्था बनाकर चल रही है। इसतरह जब पीठ ठोकनी होती है, तब भाजपा और जब कुछ गलत करना हो, तब आरएसएस के माध्यम से कर लो। बिहार में हुए राज्यसभा चुनाव को लेकर सपा नेता वर्मा ने कहा कि देश की राजनीति में राज्यसभा का चुनाव काफी महत्वपूर्ण होता है। इसके बाद भी महागठबंधन में कांग्रेस के लोग साथ छोड़कर जा रहे हैं, तब इसका साफ मतलब है कि कांग्रेस में अभी भी इसतरह के लोग हैं, जिन्हें केवल विधायक और सांसद बनना है। उन्हें न विचारधारा से और न ही पार्टी से कोई मतलब है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाकर कहा कि कांग्रेस महागठबंधन को हर समय धोखा देती है। एलपीजी को लेकर उन्होंने कहा कि एलपीजी लेकर दो जहाजों के भारत पहुंचने पर साधुवाद, लेकिन क्या भारत सरकार बताएगी कि शिवालिक और नंदादेवी से आने वाले एलपीजी देश के कितने लोगों के लिए पर्याप्त है? उन्होंने कहा कि इन दोनों जहाजों में जितनी गैस है, वहां सिर्फ एक दिन के लिए है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार जबरदस्ती अपनी पीठ थपथपवा रही है। अभी 22 से 25 जहाज स्टेट ऑफ हॉर्मुज में फंसे हुए हैं।

## भारत ने पाकिस्तान के ओमिद नशा मुक्ति उपचार अस्पताल पर किए गए हमलों की निंदा की

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी कर पाकिस्तान द्वारा काबुल स्थित ओमिद नशा मुक्ति उपचार अस्पताल पर 16 मार्च की रात को किए गए हवाई हमले की निंदा की। भारत ने इन हमले को 卐कायरतापूर्ण और अमानवीय卐 बताकर कहा है कि किसी भी हालत में अस्पताल जैसे स्थान को सैन्य लक्ष्य नहीं माना जा सकता। बयान में आरोप लगाया गया कि पाकिस्तान इस नरसंहार को सैन्य कार्रवाई बताकर सही ठहराने की कोशिश कर रहा है। भारत के अनुसार, यह हमला अफगानिस्तान की संप्रभुता पर सीधा हमला है और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। यह हमला पाकिस्तान के 'लापरवाह व्यवहार' और अपनी आंतरिक समस्याओं को बाहरी हिंसा के दवारा छिपाने की कोशिश का हिस्सा बताया गया। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में बताया कि यह हमला रमज़ान के पवित्र महीने में किया गया, जो शांति और दया का समय होता है, इसलिए यह और भी निंदनीय है। अस्पताल और मरीजों को निशाना बनाने को किसी भी धर्म, कानून या नैतिकता से सही नहीं ठहराया जा सकता। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मांग की है कि इस हमले के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाए और अफगानिस्तान में नागरिकों को निशाना बनाना तुरंत बंद किया जाए।

## पुलिस ने भारत-म्यांमार सीमा के पास पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ये उग्रवादी पीआरईपीएके (पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक, केवाईकेएल (कांगलेई यावोल कन्ना लूप) और 'कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (एमएफएल) से जुड़े हैं। ये गिरफ्तारियां रविवार को मोरेह पुलिस थाना क्षेत्र से की गईं। वहीं, एक अलग अभियान में सुरक्षा बलों ने जिले के बोलजांग पहाड़ी क्षेत्र से विस्फोटक और छोटे हथियार बरामद किए। पुलिस ने बताया कि जब्त की गई वस्तुओं में आठ आईईडी, एक पिस्तौल, एक पिस्तौल की मैगजीन, एक मोर्टार, दो रेडियो सेट और नौ कारतूस शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि बरामद की गई आईईडी को सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार घटनास्थल पर ही नष्ट किया। भारत-म्यांमा सीमा पर हाल के दिनों में बढ़ी हलचल को देखकर सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं। उग्रवादियों की गिरफ्तारी और हथियारों की बरामदगी को सुरक्षा तंत्र की एक बड़ी जीत माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में संभावित हिंसक गतिविधियों को टालने में मदद मिली है।

## यूपी में मॉर्निंग वॉक पर निकले पूर्व पार्षद की चाकुओं से गोदकर हत्या

गोरखपुर(एजेंसी)।, गोरखपुर में मॉर्निंग वॉक पर निकले पूर्व पार्षद की हत्या कर दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चार हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और चाकू से हमला कर दिया। हमले के बाद राजकुमार चौहान जान बचाने करीब 100 मीटर तक भागे, लेकिन हमलावरों ने पीछा कर दोबारा उन पर हमला किया। हमलावर पूर्व पार्षद राजकुमार के मरने तक इंतजार करते रहे जब उनकी मौत हो गई तो हमलावर मौके से फरार हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बदमाशों ने सीने, सिर और हाथ पर चाकू से कई वार किए। इसके बाद वे कुछ देर तक वहीं रुके रहे और उनके मरने का इंतजार करते रहे। जब उन्हें लगा कि पूर्व पार्षद की मौत हो गई है, तब वहां से भाग गए।

# यूएई और ईरान के बाद फिनलैंड के माना भारत का लोहा... अमेरिका-ईरान जंग को रुकवा सकता

### फिनलैंड के राष्ट्रपति ने जयशंकर की कूटनीतिक पहलों की तारीफ की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका-ईरान जंग से इनदिनों दुनिया त्रस्त हो चुकी है। ईरान अकेला इजरायल और अमेरिका से बदला ले रहा है। ईरान के जवाबी एक्शन से पूरा पश्चिम एशिया जल रहा है। यह ईरान-अमेरिका जंग कैसे खत्म होगी, किसी को कुछ भी पता नहीं है। लेकिन अब दुनिया कहने लगी हैं कि ईरान जंग को सिर्फ और सिर्फ भारत खत्म करवा सकता है। यूएई और ईरान के बाद अब फिनलैंड का भी कुछ ऐसा ही मानना है। फिनलैंड ने मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के बीच तुरंत युद्धविराम की मांग की है। फिनलैंड का मानना है कि भारत ही इस ईरान युद्ध को खत्म कर सकता है।

दरअसल फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने सुझाव दिया कि भारत शांति कराने में मदद कर सकता है। उन्होंने विदेश मंत्री एस.जयशंकर की हालिया कूटनीतिक पहलों का भी अपने बयान में जिक्र किया। जिसमें विदेश मंत्री जयशंकर ने ईरान युद्ध वाला तनाव कम करने की अपील की थी। फिनलैंड के राष्ट्रपति ने कहा, 'हमें युद्धविराम की जरूरत है। मैं सोच रहा हूं कि क्या भारत सचमुच इसमें शामिल हो सकता है। फिनलैंड के राष्ट्रपति स्टब की यह टिप्पणी तब आई है, जब नई दिल्ली ने बढ़ते तनाव के बीच तेहरान के साथ अपना संपर्क बढ़ाया है। पिछले हफ्ते विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची के साथ फोन पर बातचीत की थी।

बातचीत के दौरान ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने भारत को ईरान जंग पर ताजा घटनाक्रमों की जानकारी दी। इतना ही नहीं, उन्होंने संघर्ष को अमेरिका और इजरायल की आक्रामकता का नतीजा बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान अपने आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करने का इरादा रखता है।

इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कूटनीतिक प्रयासों के तहत ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकिया से बात की है। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने बढ़ते तनाव और नागरिकों की मौत पर गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सामान व ऊर्जा की निर्बाध आवाजाही भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### यूएई और ईरान भी यही दावा कर चुके

इसके पहले ईरान और यूएई भी मान चुके हैं कि पश्चिम एशिया की तबाही को भारत रोक सकता है। दुनिया में भारत इकलौता देश है, जिसके दोनों पक्षों से बेहतर संबंध हैं। भारत वैसे भी हमेशा से ही शांति का पक्षधर रहा है। बीते दिनों ईरान ने कहा था कि भारत युद्ध रुकवा सकता है और खत्म करने में रचनात्मक भूमिका निभा रहा है। वहीं संयुक्त अरब अमीरात के पहले राजदूत हुसैन हसन भी कहा था कि भारत बातचीत और कूटनीति के जरिए ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करवा सकता है।

## हवा में कांपने लगा एयर इंडिया का विमान, 300 यात्रियों की सांसे अटकी, करानी पड़ी लैंडिंग



नई दिल्ली (एजेंसी) न्यूयॉर्क से दिल्ली की लंबी उड़ान पर निकले एयर इंडिया के विमान (फ्लाइट एआई102) में तकनीकी खराबी के बाद हवा में हड़कंप मच गया। उड़ान भरने के करीब 6 घंटे बाद, जब विमान विशाल अटलांटिक महासागर के ऊपर था, तब यात्रियों ने अचानक तेज कंपन और डरावना शोर महसूस किया। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए पायलट ने बिना देरी किए विमान को आयरलैंड के शैनन एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट्स के आंकड़ों के अनुसार, आपातकालीन लैंडिंग से पहले यह विमान लगभग छह घंटे तक हवा में रहा, जिस दौरान यात्री गहरे तनाव और अनिश्चितता के साये में रहे। 15 मार्च को न्यूयॉर्क से रवाना हुआ यह विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 4-30 बजे आयरलैंड में सुरक्षित लैंड कर लिया गया। हैरानी की बात यह है कि जिस विमान में यह गंभीर तकनीकी समस्या आई, वह एयर इंडिया के बेड़े का बिल्कुल नया और अत्याधुनिक एयरबस ए 350 मॉडल है। इस विमान को अभी पिछले साल अप्रैल 2024 में ही सेवा में शामिल किया गया था। नई तकनीक और आधुनिक सुरक्षा मानकों से लैस इस विमान में अचानक कंपन और शोर की समस्या ने विशेषज्ञों और एयरलाइन प्रबंधन की चिंताएं बढ़ा दी हैं। एयर इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में स्पष्ट किया कि यह एक एहतियाती लैंडिंग थी ताकि किसी भी संभावित बड़ी अनहोनी को टाला जा सके। सुरक्षा मानकों के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता, इसलिए विमान को डायवर्ट करने का निर्णय लिया गया। फिलहाल, विमान शैनन एयरपोर्ट पर खड़ा है जहाँ इंजीनियरों की टीम खराबी के कारणों की बारीकी से जांच कर रही है। एयरलाइन ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताते हुए उन्हें दिल्ली पहुंचाने के लिए वैकल्पिक इंतजाम करने का आश्वासन दिया है।

## भारी बर्फबारी के बाद अटल टनल की ओर आने-जाने वाले वाहनों पर लगाई रोक



**-करीब 5000 पर्यटक सड़क पर फंस गए थे, मशीनरी से बर्फ हटाने का काम जारी**

**मनाली (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी के चलते प्रशासन ने नेहरू कुंड से अटल टनल की ओर वाहनों की आवाजाही पर अस्थायी रोक लगा दी है। दरअसल, अटल टनल क्षेत्र में रविवार को अचानक हुई भारी बर्फबारी ने हजारों पर्यटकों की मुश्किलें बढ़ा दी थीं। करीब 1000 से ज्यादा वाहनों में करीब 5000 पर्यटक सड़क पर फंस गए थे, लेकिन प्रशासन, पुलिस और बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन की टीमों ने रेस्क्यू अभिमनालीयान चलाकर सोमवार तक सभी लोगों को सुरक्षित मनाली पहुंचाया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डीएसपी मनाली ने बताया कि भारी बर्फबारी से सड़कों पर बर्फ जम गई, जिससे फिसलन वाले रास्तों पर वाहन चलाना मुश्किल था। कई पर्यटकों को अपनी गाड़ियां छोड़कर पैदल या मदद से सुरक्षित जगह पहुंचना पड़ा। वहीं, कुछ टैक्सी ड्राइवर अभी भी अपने वाहनों के साथ टनल के आस-पास मौजूद हैं, लेकिन सभी लोग सुरक्षित हैं। सड़क ठीक होने पर उन्हें मनाली भेज दिया जाएगा। अटल टनल के साउथ पोर्टल के पास भारी बर्फ जमा हो गई है। इसलिए यातायात को अस्थायी रूप से रोक दिया है। नेहरू कुंड और सोलंग नाला में 24 घंटे के लिए बैरियर लगाए गए हैं। पुलिस की निगरानी में केवल आपातकालीन वाहन जैसे एंबुलेंस, पुलिस गाड़ियां, फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों को छोटे वाहनों से ही जाने की इजाजत है।

रिपोर्ट के मुताबिक कुल्लू के उपायुक्त ने कहा कि बीआरओ की टीमें लगातार भारी मशीनरी से बर्फ हटा रही हैं। सड़क को जल्द से जल्द साफ करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन अभी जोखिम ज्यादा है, इसलिए ट्रैफिक बंद कर दिया गया है। इस बीच, मौसम विभाग ने भारी बर्फबारी और बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने सभी पर्यटकों और स्थानीय लोगों से अपील की है कि मौसम और सड़क की स्थिति पूरी तरह सामान्य होने तक अटल टनल, सोलंग वैली की ओर जाने से बचें।

# बंगाल चुनाव में ममता बनाम शुभेंदु अधिकारी... राज्य की सबसे हॉट सीट बनी भबानीपुर

### शुभेंदु अधिकारी को बीजेपी की ओर से नंदीग्राम सीट से भी उतारा गया




**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी के बीच सीधा चुनावी मुकाबला होना तय हो चुका है। भाजपा ने बंगाल में 144 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। इस सूची के मुताबिक शुभेंदु अधिकारी को नंदीग्राम सीट से उतारा गया है, जहां से उन्होंने पिछली बार ममता बनर्जी को हराया था। इसके अलावा भबानीपुर से भी वह मुकाबले में उतरे हैं, जहां से फिलहाल ममता विधायक हैं। अब टीएमसी की ओर से ममता बनर्जी ने भी ऐलान किया हैं कि वें खुद भबानीपुर से ही उतरेंगी। इस तरह साफ हो गया है कि पिछली बार नंदीग्राम वाली स्थिति भबानीपुर में होगी।

नंदीग्राम से ममता के शुभेंदु अधिकारी के मुकाबले हराने काफी चर्चा हुई थी। बताया जा रहा हैं कि इस बार भबानीपुर में हाईवोल्टेज मुकाबला देखने को मिल सकता है। ममता ने कहा कि हम राज्य में 226 सीटें जीतकर लगातार चौथी बार सत्ता में वापसी करने वाले है। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर भी तीखा हमला बोला है। दीदी ने कहा कि ईद से ठीक पहले बड़े-बड़े अधिकारियों के ट्रांसफर चुनाव आयोग कर रहा है। ऐसा लगता है कि बंगाल चुनाव से पहले राज्य में दंगे करने की तैयारी है।

ममता ने कहा कि भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग ये सबकुछ कर रहा है। यदि राज्य में कोई भी अप्रिय घटना होती हैं, तब उसकी जिम्मेदारी चुनाव आयोग और भाजपा की होगी। उन्होंने कहा कि पूरा खेल चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर कर रहा है। इस तरह ममता बनर्जी ने संकेत दे दिए हैं कि वह चुनाव आयोग पर भी सीधे निशाना साधेंगी। पहले ही वह एसआईआर को लेकर इलेक्शन कमिशन को टारगेट करती रही हैं। बता दें कि 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और टीएमसी के बीच हाईवोल्टेज मुकाबला हुआ था।

## स्कूल से मिड-डे मील का सिलेंडर चुराकर भाग रहे चोरों को आ गई नींद, खेत में सोते वक्त पकड़ा



बाराबंकी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले से चोरी का एक बेहद अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहाँ चोरों ने एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय को अपना निशाना बनाया। दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के सराय शाह आलम गांव स्थित इस स्कूल में चोरों ने मिड-डे मील की रसोई का ताला तोड़कर एलपीजी गैस सिलेंडर पर हाथ साफ कर दिया। हालांकि, चोरों की चालाकी ज्यादा देर तक नहीं चल सकी और सुबह होते ही एक आरोपी रंगे हाथों पकड़ लिया गया। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह जब गांव के प्रधान प्रतिनिधि फुरकान अहमद टहलने के लिए निकले थे, तब उनकी नजर सरसों के एक खेत में संदिग्ध गतिविधि पर पड़ी। उन्होंने देखा कि एक युवक चोरी का सिलेंडर छिपाने की कोशिश कर रहा है। संदेह होने पर उन्होंने तत्काल स्कूल के किचन की जांच की, जहाँ ताला टूटा हुआ मिला। फुरकान अहमद ने सूझबूझ का परिचय देते हुए घेराबंदी की और मौके से गयास नाम के युवक को दबोच लिया। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी गयास ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसने बताया कि इस चोरी में उसका साथी लवकुश भी शामिल था। पकड़े जाने के डर से उन लोगों ने सिलेंडर को सरसों के खेत में छिपा दिया था ताकि बाद में उसे ठिकाने लगाया जा सके। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर खेत से चोरी किया गया सिलेंडर बरामद कर लिया है, जबकि दूसरा आरोपी लवकुश फिलहाल फरार है। दरियाबाद कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि गयास को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। फरार अभियुक्त की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की किल्लत और बढ़ती मांग के कारण इस तरह की छोटी चोरियों की घटनाओं में इजाफा हुआ है। फिलहाल, पुलिस अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ कर रही है।

# ओडिशा में क्रॉस वोटिंग करने वाले 3 विधायकों के खिलाफ एक्शन लेने की तैयारी में कांग्रेस

### रमेश चंद्र जेना, दसरथी गोमांगो और सोफिया फिरदौस का नाम

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में क्रॉस वोटिंग के कारण राज्यसभा चुनाव में हारने वाली कांग्रेस ने अब बागी विधायकों पर एक्शन लेने की तैयारी में है। कांग्रेस पार्टी ने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप रे के लिए वोट डालने वाले तीन विधायकों को निलंबित किया है। ये विधायक हैं सनाखेमुंडी रमेश चंद्र जेना, मोहाना के दसरथी गोमांगो और कटक से महिला विधायक सोफिया फिरदौस का नाम शामिल है। इन लोगों ने सोमवार को हुए राज्यसभा चुनाव में पार्टी की हिदायत के बाद भी रे के समर्थन में वोट किया था। इन विधायकों के निलंबन की जानकारी देकर ओडिशा कांग्रेस ने लिखा, कांग्रेस को धोखा देने वालों ने देश के साथ विश्वासघात किया है।

ओडिशा कांग्रेस के मीडिया सेल के प्रभारी अरबिंद दास ने कहा कि यह निर्णय पूरी प्रक्रिया की समीक्षा करने के बाद हुआ है। इन लोगों ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के हितों के खिलाफ काम किया। वे भी तब जबकि सभी विधायकों को पहले से ही हिदायत दी गई थी। उन्होंने कहा कि अब इन लोगों की विधानसभा की सदस्यता ही खत्म करने की तैयारी है। इसके लिए हम स्पीकर को जल्दी ही नोटिस देने वाले हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि इन लोगों से ऐसी उम्मीद नहीं थी। इन विधायकों ने पार्टी के साथ गद्दारी की है। हम तय कर रहे हैं कि कैसे संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत इन लोगों को विधानसभा से बाहर कराए।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस एक्शन की कांग्रेस हाईकमान ने भी सराहना की है। लीडरशिप मानती है कि इन लोगों के खिलाफ एक्शन होना जरूरी था। इन कांग्रेस विधायकों के अलावा मुख्य विपक्षी दल बीजेडी के भी 8 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। इसकारण विपक्ष के साझा उम्मीदवार दत्तेश्वर होता की हार हो गई। माना जा रहा है कि कांग्रेस ऐसा ही एक्शन बिहार और हरियाणा जैसे राज्यों में भी ले सकती है। बिहार में भी विपक्षी कैंडिडेट को हार मिली है, जबकि वह एक उम्मीदवार जिताने की स्थिति में आसानी से था।

हरियाणा में किसी तरह कांग्रेस के कैंडिडेट कर्मवीर सिंह बौद्ध को जीत मिली। फिर भी भाजपा की रणनीति के आगे पार्टी हांफती नजर आई। यहां भी 5 विधायकों ने पार्टी से अलग रुख अपनाया और क्रॉस वोटिंग कर दी। इसके अलावा 4 वोट अवैध करार किए। इस तरह 37 सीटों वाली कांग्रेस के कैंडिडेट को महज 28 वोट ही मिले। ऐसी स्थिति में कांग्रेस यह पड़ताल करने में जुटी है कि आखिर हरियाणा और बिहार में किन नेताओं ने उसके ही कैंडिडेट को वोट नहीं दिया।

## दिल्ली-एनसीआर में प्री-मानसून सक्रिय, फिर होगी बारिश तापमान में आएगी गिरावट



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में प्री-मानसून सीजन की शुरुआत हो गई है और रविवार 15 मार्च को हल्की बारिश दर्ज की गई। बारिश बहुत तेज नहीं थी, लेकिन इसका दायरा बड़ा था। दिल्ली के साथ-साथ नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम में भी हल्की बारिश हुई। रविवार सुबह से ही उत्तरी मैदानी इलाकों में बारिश की गतिविधियां थीं। इसके बाद मौसम में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिला।

मौसम एजेंसी के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में इस सप्ताह के दौरान एक-दो बार और बारिश होने की संभावना है। रविवार को हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई है, जिससे पिछले कई दिनों से पड़ रही गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली है। इससे पहले एक सप्ताह से ज्यादा समय तक अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ था। 7 से 12 मार्च के बीच लगातार छह दिनों तक तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया था और 11 मार्च को अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। 15 मार्च को 30.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस महीने का अब तक का सबसे कम तापमान है, हालांकि यह सामान्य से 1.2 डिग्री ज्यादा था।

मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पहाड़ी इलाकों के ऊपर सक्रिय है, लेकिन दिल्ली में 17-18 मार्च तक ज्यादा प्री-मानसून गतिविधियां देखने को नहीं मिलेंगी। इसके बाद एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत की ओर बढ़ सकता है। इसके प्रभाव से राजस्थान के ऊपर एक प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण बनने की संभावना है, जो धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ेगा। 19 से 21 मार्च के बीच दिल्ली और आसपास के इलाकों में एक ट्रफ रेखा बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से 19 और 20 मार्च को दिल्ली-एनसीआर में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। 21 मार्च को भी इसका हल्का असर बना रह सकता है, हालांकि उस दिन मौसम जल्दी साफ होने की उम्मीद है। 22 मार्च से मौसम में सुधार देखने को मिल सकता है, लेकिन अगले सप्ताह भी कुछ स्थानों पर हल्की मौसम गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल यात्रा के तुरंत बाद मिला ईरान पर हमले का असली मौका: अजार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले महीने 25 से 26 फरवरी तक किए गए इजरायल दौरे के बाद पश्चिम-एशिया में छिड़ी भीषण जंग को लेकर देश में विपक्षी दलों द्वारा की जा रही तमाम टीका-टिप्पणियों के बीच भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन आजार का एक महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। जिसमें मीडिया से बातचीत में उन्होंने दो टूक अंदाज में कहा कि पीएम मोदी की इजरायल यात्रा के समाप्त होने के बाद यानी 26 फरवरी के बाद हमारी ईरान पर हमले की वास्तविक योजना (रणनीतिक अवसर) ने मूर्तरूप लिया था। इससे भारत के प्रधानमंत्री की यात्रा का कोई लेना देना नहीं है। ये हमारे एक ऐसा सैन्य अवसर था। जो प्रधानमंत्री मोदी के इजरायल से जाने के बाद सामने आया। जबकि इससे पहले तक इजरायल ऐसे किसी हमले के लिए तैयार नहीं था। हमने हमले का फैसला भारतीय पीएम की यात्रा के 48 घंटे बाद की गई सुरक्षा संबंधी मामलों की कैबिनेट की बैठक में लिया था। जिससे साफ हो जाता है कि हमले की योजना पूर्व निर्धारित नहीं थी और ये समय के साथ विकसित हुई थी। उन्होंने ये भी कहा कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जीवित हैं। जब मैं इजरायल में था तो मैंने खुद उन्हें एक से अधिक बार प्रत्यक्ष रूप से देखा है। कॉफी वाला उनका जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वह पूरी तरह से गलत और झूठा है। जिसमें ईरान और उसके साथियों की भूमिका नजर आती है।

#### ईरान चाहेगा तो रुकेगी लड़ाई

अजार ने कहा कि हम युद्ध के बीच हर प्रकार की शत्रुता को समाप्त करने के पक्ष में हैं यानी लड़ाई को रोकना चाहते हैं। लेकिन इसके लिए ईरान को अपने रुख में तब्दीली करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों से तेल अवीव क्षेत्र में और उसके बाहर अपने तमाम सहयोगियों (अमेरिका व अन्य देश) के साथ कूटनीतिक माध्यमों से संवाद कर रहा है। जिसमें तनाव को खत्म करने का मुद्दा शामिल है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमारे मत में कहीं पर भी ईरान पर जमीनी हमले की योजना शामिल है। मौजूदा सैन्य हमलों के जरिए भी हमने ईरान की क्षमता पर चोट की है। आगे भी ये कवायद जारी रहेगी। वर्तमान में हम ईरान के आसमान पर नियंत्रण बनाए हुए हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902